रांची

सोमवार

21.11.2022

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 12

विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-23 अंक-285 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50


**रश्मि प्रवाह**

जो लोग सफल होते हैं, वो सपने जरुर देखते हैं, लेकिन उन्हें सपने सोते वक्त नहीं आते बल्कि मेहनत करते वक्त आते हैं।

## न्यूज गैलरी

### झारखंड विस स्थापना दिवस पर राज्यपाल आमंत्रित

**रांची।** झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने राजभवन में राज्यपाल रमेश बैस से मिलकर उन्हें झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस 2022 एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पत्र दिया।

### खेत के कुआं से अधेड़ का शव बरामद

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नगड़ी-लोधमा मार्ग पर स्थित एफसीआई गोदाम के समीप एक खेत के कुआं में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर नगड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और कुआं से शव को बाहर निकला। कई दिनों से शव के कुएं में पड़े रहने से दुर्गंध आ रहा था। शव की पहचान लापुंग निवासी अनील बड़ाइक के रूप में की गयी है। शव देखने से प्रतीत हो रहा है कि मृतक की हत्या कर साक्ष्य छुपाने की नियत से कुएं में फेंक दिया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक लापुंग निवासी अनिल बड़ाइक किसी ट्रक में खलासी का काम करता था।

### पलामू पुलिस ने अपराधी डब्ल्यू सिंह पर पांच लाख के इनाम का दिया प्रस्ताव

**मेदिनीनगर।** पलामू के कुख्यात अपराधी गौतम कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह पर पलामू पुलिस ने पांच लाख रुपये इनाम का प्रस्ताव सरकार को भेजा है। वह पलामू के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के फुलांग का रहनेवाला है। उस पर पलामू के विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन से अधिक गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि डब्ल्यू सिंह के ऊपर पांच लाख रुपये का इनाम रखा गया है। इसका प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है। सरकार के स्तर पर पर मंजूरी मिलने के बाद घोषणा कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि कुख्यात डॉन कुणाल सिंह हत्याकांड में डब्ल्यू सिंह को पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही है।

○ विश्व बाल दिवस पर राज्यपाल रमेश बैस बोले -

# बच्चों पर पढ़ाई का बढ़ रहा बोझ, ज्यादा दबाव ठीक नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने रविवार को विश्व बाल दिवस के अवसर पर होटल बीएनआर चाणक्य में यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बाल पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज से बाल विवाह, बाल श्रम, अशिक्षा का उन्मूलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बाल विकास एवं कुपोषण को दूर करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी भी इन क्षेत्रों में कार्य करने के साथ अन्य क्षेत्रों यथा बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल एवं स्वच्छता सुविधा की दिशा में बहुत सक्रियता से काम करने की जरूरत है।



राज्यपाल ने बच्चों द्वारा बाल सम्मेलन के संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए सभी को जिम्मेदारी के साथ मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि आज बच्चों पर पढ़ाई का अत्यधिक बोझ चिंता का विषय है, अभिभावक भी चिंतित रहते हैं, लेकिन समझना चाहिए कि बच्चों का मस्तिष्क समय के साथ विकसित होता है। इसलिए बच्चों पर अधिक दबाव उचित नहीं है। देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा है कि सपने देखना चाहिए और लक्ष्य निर्धारित कर उस पथ पर अनवरत आगे बढ़ना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि पढ़ाई के साथ सामान्य ज्ञान भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा के लिए बहुत से साधन मौजूद हैं, लेकिन उसका सदुपयोग करना चाहिए, न कि दुरुपयोग।

### बाल पत्रकारों ने अपने भविष्य के संदर्भ में विचारों को किया प्रकट

**राज्यपाल** के समक्ष इस अवसर पर बाल पत्रकारों द्वारा अपने भविष्य के संदर्भ में विचारों को प्रकट किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में बाल पत्रकारों को विभिन्न मुद्दों पर खुल कर अपने विचार और मंतव्य प्रकट करने, मंच संचालन, सामाजिक कुरीतियों पर प्रस्तुत किये गये नुक्कड़-नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर झारखंड प्रमुख, यूनिसेफ डॉ. कनीनिका मित्र, राष्ट्रमंडल खेल में रजत पदक विजेता दिनेश कुमार समेत यूनिसेफ के सदस्यगण व बाल पत्रकारगण उपस्थित थे।

## लश्कर का हाइब्रिड आतंकवादी मारा गया

**श्रीनगर (एजेंसी)।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का एक हाइब्रिड आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने बताया कि दक्षिण कश्मीर में बिजबेहरा के चेकी दूदू इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ शुरू हुई है। पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि जब सुरक्षाबल तलाशी अभियान के दौरान संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ रहे थे तो वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस दौरान सुरक्षाबलों के साथ गये लश्कर के हाइब्रिड आतंकवादी सज्जाद तांत्रे को गोली लगी। उसे एसडीएच बिजबेहरा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# धनबाद में सीआईएसएफ और कोयला चोरों के बीच मुठभेड़, चार की मौत

### घटना में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल, बेहतर इलाज के लिए रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के बाघमारा डुमरा में शनिवार देर रात सीआईएसएफ जवान और कोयला चोरों के बीच मुठभेड़ में चार लोगों की मौत हो गयी। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात कोयला चोरों का गिरोह घातक हथियारों से लैस होकर बाघमारा के डुमरा स्थित बीसीसीएल ब्लॉक दो के केकेसी मेन साइडिंग में कोयला चोरी करने की नीयत से पहुंचा था। जिन्हें सीआईएसएफ द्वारा चेतावनी दी गयी। जवाब में कोयला चोरों ने सीआईएसएफ पर हमला कर दिया, जिसके बाद दोनों ओर से जमकर गोलीबारी हुई। घटना में छह को गोली लगी है, जिसमें चार की मौत हो गयी और बादल रवानी और रमेश राम नामक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गये।



### एफआईआर दर्ज कर जांच करेगी पुलिस : एसएसपी

**मुठभेड़** मामले में एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि चार लोगों की मौत की बात कही जा रही है, वहीं दो लोग घायल हैं। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू करेगी। इसके लिये एसआईटी का भी गठन किया जायेगा।

### सीआईएसएफ डीआईजी ने कहा- आत्मरक्षा में चली गोली

**मुठभेड़** मामले में सीआईएसएफ डीआईजी विजय काजल ने मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। घटना के संबंध में सीआईएसएफ डीआईजी विजय काजल ने कहा कि चोरों द्वारा सीआईएसएफ की गाड़ी को क्षतिग्रस्त किया गया और जवानों के हथियार छीनने की कोशिश की गयी। सीआईएसएफ डीआईजी ने कहा कि आत्मरक्षा के लिए प्रभारी की टीम के सदस्यों ने हवाई फायरिंग की कोशिश की, लेकिन हमलावर हथियार छीनने लगे। इसी दौरान गोली चल गयी, जो कुछ हमलावरों को लग गयी।

### आदित्यपुर में सनसनीखेज वारदात

# पत्नी और बच्चे की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या, बाद में कर ली खुदकुशी

■ मृतक महिला रांची में नामकुम स्थित ईएसआई अस्पताल में नर्स का करती थी काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**सरायकेला/आदित्यपुर।** सरायकेला के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पत्नी और बच्चे की हत्याकर खुदकुशी कर ली। आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रिहायशी इलाका एम-47 में रविवार की शाम एक ही परिवार के तीन लोगों के मारे जाने से आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गयी। मृतक में 47 वर्षीय महिला अनिमा एरे, 51 वर्षीय इमानवेल टेरला तथा 10 वर्ष का बच्चा अंकन शामिल है। मृतक अनीमा एरे और इमानवेल टेरला पति-पत्नी है। वहीं, 10 वर्षीय बच्चा अंकन 5वीं कक्षा का लोयला का छात्र है। हत्या की वजह पति-पत्नी के बीच हुए झगड़ा बताया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पति ने पहले अपनी पत्नी तथा बच्चे की हत्या की उसके बाद खुद पर भी हमला करते हुए आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल हुई है। मौके पर आदित्यपुर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। गौरतलब है कि मृतक महिला रांची में नामकुम स्थित ईएसआई अस्पताल में नर्स का काम करती थी।



### खरकई नदी घाट से युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**जमशेदपुर।** कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत खरकई नदी घाट से एक युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। शव मिलने की सूचना पर नदी किनारे लोगों की भीड़ इक्कठा हो गयी, मगर युवती की पहचान नहीं हो पायी है। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने कदमा पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गयी। फिलहाल कदमा पुलिस युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर उसके परिवारवालों की खोजबीन शुरू कर दी है। कदमा थाना प्रभारी सुधीर कुमार यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत ही मौत के कारणों का खुलासा हो पायेगा।

# पलामू पुलिस ने पांच अपहरणकर्ताओं को दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर चैनपुर थाना की पुलिस ने पांच अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि 19 नवम्बर दोपहर करीब दो बजे चैनपुर थाना अंतर्गत शाहपुर चौक से ग्राम गड़ाखुर्द, जिला गढ़वा निवासी विमलेश कुमार दूबे एवं विवेक कुमार दूबे का अपहरण अज्ञात लोगों द्वारा कर लिया गया। इस संबंध में विमलेश कुमार दूबे के ससुर ने मामला दर्ज कराया था। उसके बाद चैनपुर थाना की पुलिस ने अपहतों की बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन कर रविवार को सासाराम (बिहार) स्थित बुद्धा होटल से अपहत विमलेश कुमार दूबे एवं विवेक कुमार दूबे को सकुशल बरामद कर लिया गया। वहीं, घटना में शामिल अपराधकर्मी अमित कुमार, राकेश कुमार, दीपक कुमार, संदीप कुमार व गगन कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

### अपहरणकर्ताओं से क्रशर संचालक को कराया मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के मुसीखाप से अपहत क्रशर संचालक अनिल साव को पलामू पुलिस ने लगभग 36 घंटे बाद शनिवार देर रात अपहर्ताओं से सकुशल मुक्त करा लिया। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि 18 नवम्बर की दोपहर में पांडू थाना क्षेत्र के मुसीखाप स्थित एक क्रशर से अनिल साव को कुछ व्यक्तियों द्वारा कार से अपहरण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर अपहत को रखे जाने की संभावना वाले स्थान की घेराबंदी की गयी। इस घेराबंदी में पुलिस के दबाव को देखकर पकड़े जाने के भय से अपहरणकर्ता अपहत अनिल साव को छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये। तत्पश्चात अपहत को पुलिस द्वारा गढ़वा जिले के केतार थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया।

### नहाने के क्रम में डूबने से दो बच्चों की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह के जमुआ थाना क्षेत्र शिवसिंगडीह ओरारी डैम में स्नान करने के क्रम में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर करीब 12 बजे के आसपास जमुआ थाना क्षेत्र शिवसिंगडीह ओरारी डैम में स्नान करने के लिए चार बच्चे गये थे। नहाने के क्रम में दो बच्चे डूब गये। घटना पर केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने ट्वीट कर दुख जताया है। इधर, जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग जीटी रोड पर बगोदर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। युवक के पिकअप वाहन की चपेट में आने से यह घटना घटी। वहीं, घटना में एक व्यक्ति घायल है जिसका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

### वर्ल्ड डे ऑफ रिमेंब्रेंस फॉर रोड ट्रैफिक विक्टिम्स पर हादसे के पीड़ितों को किया गया याद

# सड़क दुर्घटनाओं पर एनसीआरबी के आंकड़े हैं दहलानेवाले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होनेवाली मौतों की संख्या बहुत ज्यादा है। यातायात के नियमों का पालन न करना और शराब पीकर वाहन चलाना सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण हैं। सड़क दुर्घटनाओं पर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के आंकड़े दिल दहलानेवाले हैं। देश में हर एक मिनट में एक सड़क हादसा होता है, वहीं हर चार मिनट में एक व्यक्ति की मौत सड़क हादसे में हो जाती है। सड़क सुरक्षा पर काम करनेवाली संस्था राइज अप के द्वारा वर्ल्ड डे ऑफ रिमेंब्रेंस फॉर रोड ट्रेफिक विक्टिम्स के अवसर पर मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में झारखंड फिल्म एंड थिएटर के सहयोग से एक नुक्कड़-नाटक किया गया। जिसके विषय सड़क सुरक्षा पर आधारित था। इसके बाद संस्था के सदस्यों ने टीम ग्रीन और टीम हेल्प की सहायता से धुर्वा में सड़क हादसों के पीड़ितों की याद में पौधे लगाये। संस्था द्वारा इस अवसर पर सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान भी किया गया और फिरायालाल चौक पर कैंडल जलाकर सड़क हादसों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गयी।

### संयुक्त राष्ट्र 'सड़क यातायात पीड़ितों की स्मृति के लिए विश्व दिवस' का करता है आयोजन

**संयुक्त** राष्ट्र प्रत्येक वर्ष नवम्बर के तीसरे रविवार को 'सड़क यातायात पीड़ितों की स्मृति के लिए विश्व दिवस' का आयोजन करता है। यह दिन सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए किये जा रहे वैश्विक प्रयासों के हिसाब से काफी महत्वपूर्ण बन गया है। यह सड़क दुर्घटनाओं के कारण होनेवाले भावनात्मक और आर्थिक तबाही के पैमाने पर ध्यान आकर्षित करने और सड़क दुर्घटना पीड़ितों की पीड़ा को पहचानने और सहायता और बचाव सेवाओं के कार्यों का अवसर प्रदान करता है। प्रतिवर्ष 15 से 29 वर्ष के बीच के लोग एचआईवी/एड्स, मलेरिया, टीबी या हत्या से भी ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं।

### देश में हर वर्ष डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत

**देश** में हर वर्ष डेढ़ लाख से ज्यादा लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जिंदगी गंवा देते हैं। असमय काल के गाल में समा रहे युवाओं या परिवार की रीढ़ के टूटने से पीछे छूटे परिवार का दर्द कोई और नहीं समझ सकता। इसलिए सड़कों पर जिंदगियों के साथ हो रहे इन हादसों को कम करना बेहद जरूरी है।

# सावधान! तेजी से बढ़ रहा हृदय रोग व हृदयाघात

○ पूरी दुनिया में कम उम्र से लेकर बुजुर्गों तक में बढ़ रहा यह रोग

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** हृदय रोग व हृदयाघात पूरी दुनिया में कम उम्र से लेकर बुजुर्गों तक में तेजी से बढ़ रहा है। इससे मौत भी ज्यादा होने लगी है। इसको लेकर तरह-तरह के शोध हो रहे हैं कि ऐसा क्या किया जाये जिससे इंसान में यह बीमारी कम हो और जीवन खतरे में न पड़े। इस संबंध में किया गया एक शोध यूरोपियन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। शोध में आया है कि इंसान यदि सबेरे शारीरिक गतिविधि करे, तीस मिनट तक टहले या हल्का व्यायाम करे तो उससे हृदय रोग व हृदयाघात होने की संभावना बहुत हद तक कम हो सकती है। इस शोध के लिए शोधकर्ताओं ने यूके बायो बैंक के डेटा का इस्तेमाल किया। इसमें 42 से 78 वर्ष की आयु के 86,657 प्रतिभागियों के डेटा को शामिल किया गया, जिसमें 58 प्रतिशत महिलाएं थीं। ये सभी बेसलाइन पर हृदय रोग से मुक्त थे। इसका फॉलोअप आठ वर्षोंतक किया गया। इस दौरान 2,911 प्रतिभागियों में कोरोनरी आर्टरी डिजीज और 796 में स्ट्रोक की समस्या देखी गयी। इन दोनों समस्याओं के कारणों के बारे में जानने के लिए शोधकताओं ने कई स्तर पर पूछताछ और प्रतिभागियों की दैनिक गतिविधियों का अध्ययन किया।



जिसमें पाया गया कि 24 घंटे की अवधि में जो प्रतिभागी सुबह 8 से 11 बजे के बीच शारीरिक तौर पर अधिक सक्रिय थे या इस समय जिन लोगों ने नियमित व्यायाम-योग आदि किया, उनमें हृदय रोग और स्ट्रोक दोनों का खतरा कम पाया गया। अध्ययन में शामिल जिन प्रतिभागियों में हृदय रोगों या स्ट्रोक का जोखिम देखा गया, उनमें से ज्यादातर शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहते थे। उम्र और लिंग जैसे कारकों के आधार पर प्राप्त निष्कर्ष बताते हैं कि जिन प्रतिभागियों में सुबह के समय शारीरिक सक्रियता अधिक थी, उनमें हृदय संबंधी रोग 11-16 प्रतिशत कम पाया गया। इसके अलावा ऐसे लोगों में स्ट्रोक का जोखिम 17 भी कम पाया गया।

### सुबह 8-11 के बीच व्यायाम की गतिविधियां शरीर के लिए हो सकती हैं विशेष लाभकारी

**शोधकर्ताओं** ने बताया कि सुबह 8-11 के बीच व्यायाम की गतिविधियां शरीर के लिए विशेष लाभकारी हो सकती हैं, इससे तंत्रिकाओं और धमनियों से संबंधित विकारों के विकसित होने का खतरा कम होता है। इस बारे में नीदरलैंड के लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में प्रोफेसर व अध्ययन की लेखिका प्रो. सुश्री गली अल्बालक कहती हैं, यह सत्यापित है कि व्यायाम हृदय स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। सुबह की गतिविधि सबसे अधिक फायदेमंद हो सकती है। सभी उम्र के लोगों को हृदय रोगों और उसकी गंभीर जटिलताओं से बचाव करने के लिए नियमित रूप से सुबह के समय व्यायाम जरूर करना चाहिए।

### भारत के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ बोले -

# जघन्य अपराधों में जमानत देने से हिचकते हैं डिस्ट्रिक्ट जज

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि डिस्ट्रिक्ट जज हीनियस क्राइम (जघन्य अपराध) में जमानत देने से हिचकते हैं। यही वजह है कि हाईकोर्ट्स में जमानत याचिकाओं की बाढ़ आ रही है। यह बात उन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से किये सम्मान समारोह के दौरान कही। इस दौरान कानून मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद थे। चंद्रचूड़ ने कहा कि जिला स्तर पर जज अपराध को नहीं समझते हैं। बल्कि उन्हें जमानत देने के बाद खुद को निशाना बनाये जाने का डर होता है। इस डर के बारे में कोई बात नहीं करता, जो हमें करनी चाहिए। इससे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट का पैनापन कम हो रहा है और हाईकोर्ट्स के कामकाज पर असर पड़ा है।



**सत्ता में बैठे लोगों से सवाल करें, लेकिन उन पर भरोसा भी करें :** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा कि जब हम सुप्रीम कोर्ट में एक फैसला लेते हैं तो हम चीजों को राष्ट्रीय दृष्टिकोण से देख रहे होते हैं। ये ध्यान रखें कि एक कानूनी या सामाजिक मुद्दे के हमेशा दो रंग होते हैं। सत्ता में बैठे लोगों से सवाल जरूर करें, लेकिन, कुछ उन पर भरोसा करना भी सीखें। हमें ये भरोसा करना चाहिए कि वो भी बेहतर के लिए ही काम करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के बराबर हैं डिस्ट्रिक्ट कोर्ट

**उन्होंने** कहा कि डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी में बहुत सुधार की गुंजाइश है। सबसे पहले हमें उसके लिये सम्मान की भावना लानी होगी। मैं हमेशा कहता हूं कि डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी छोटी नहीं है। यह नेशनल ज्यूडिशियरी में वही महत्व रखती है, जो हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का है। सुप्रीम कोर्ट बड़े फैसले कर सकता है, लेकिन डिस्ट्रिक्ट कोर्ट उन छोटे-छोटे मामलों को निपटाता है, जो आम नागरिकों को शांति, खुशी और विश्वास देते हैं।

## न्यूज गैलरी

### मटका खेल रहे पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रांची। डोरंडा थाने की पुलिस ने डिबडीह में मटका (जुआ) खेल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बंदे उरांव, शिव प्रकाश तिग्गा, राज कुमार गाड़ी, जगेश्वर कच्छप शामिल है। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने मटका चार्ट के अलावा 36 हजार रुपए बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष खुलासा किया है कि डिबडीह निवासी मुन्ना खलखो मटका के अड्डे का संचालन करता है। करीब एक माह से यह अड्डा चल रहा है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग मटका खेलने के लिए ही पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस पहुंच गयी और उन्हें दबोच ली। इधर, पुलिस अब संचालक की तलाश में जुट गई है।

### ट्रेड फेयर में नागपुरी कलाकारों ने मचाई धूम



रांची। भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला प्रगति मैदान नई दिल्ली के झारखंड पवेलियन में सातवें दिन भारतीय लोक कल्याण संस्थान रांची के 20 सदस्यीय कलाकारों के दल ने रतन नायक के नेतृत्व में ढाक नगाड़ा शहनाई की धुन से भारत ही नहीं बल्कि दूसरे देशों से आए लोगों को भी झूमने को मजबूर कर दिया। भारतीय लोक कल्याण संस्थान रांची के कलाकारों ने पिछले 14 नवंबर से झारखंड पवेलियन में झारखंड की संस्कृति को मेले में आए हुए लोगों के बीच रूबरू कराया जा रहा है। झारखंड पवेलियन में कलाकारों ने जैसे ही ढाक नगाड़ा शहनाई बजाना शुरू करते हैं लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है और लोग कलाकारों के साथ झूमने लगते हैं दल के कलाकारों में मुख्य रूप से शिबू नायक किशोर नायक सुनील कुमार नायक अजय महतो सुमित्रा कुमारी किरण कुमारी ज्योति कुमारी सुषमा कुमारी संजू कुमारी सुकरमणि कुमारी इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बेरमाद में पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

नामकुम। नामकुम प्रखण्ड के बेरमाद में खिजरी विधायक कि पत्नी धर्मपत्नी आशा कच्छप के द्वारा अखाड़ा से शीला तिर्की के घर तक पी.सी.सी. पथ एवं तुपुदाना में रंजित स्टोर से अर्जुन पंडा के घर तक पी.सी.सी.पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास। मौके पर नामकुम प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, पार्षद निर्मला गाड़ी, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, मुखिया जिता कच्छप, लाल मोहित नाथ शाहदेव, माधो कच्छप, असफाक आलम, राजदीप कच्छप, तेलोस्फर मिंज, खोया पहान, लिटिया कच्छप, शिला तिर्की, विजय तिर्की, खुदिया कच्छप, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### सामूहिक अंतिम संस्कार

रांची । मुक्ति संस्था की ओर से रिम्स में पड़े 20 लावारिस शवों का रविवार को जुमार नदी तट पर सामूहिक अंतिम संस्कार किया गया।

### रांची शहर में बिना नक्शे के बने भवनों को रेगुलराइज करने के लिए हो रहा प्रयास : संजीव विजयवर्गीय



रांची। रांची शहर सहित पूरे झारखंड में बिना नक्शा पास किए बने भवनों की के मालिक काफी समय से भय के माहौल में रह रहे हैं इन सब की आवाज बनकर लगातार 2 वर्षों से पूर्व में बने बिना नक्शा पास भवनों को नियमित कराने का प्रयास कर रहा हूं इस निमित्त पूर्व राज्यपाल झारखंड वर्तमान में महामहिम राष्ट्रपति आदरणीय द्रोपति मुर्मू जी श्री हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री झारखंड श्री सुखदेव सिंह मुख्य सचिव झारखंड सरकार श्री विनय चौबे प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग को लगातार पत्राचार कर एवं मिलकर पूर्व में बने बिना नक्शा पास भवनों को नियमित कराने की मांग रांची के उपमहापौर श्री संजीव विजयवर्गीय द्वारा किया जाता रहा है। श्री संजीव विजयवर्गीय द्वारा रांची शहर के नागरिको से अपील है कि राज्य सरकार द्वारा जो संकल्प बिना नक्शा पास भवनो के रेगुलराइज के लिए लाया जा रहा है उसमे अगर कोई संशोधन जी आवश्यकता दिखती है या महसूस होती है तो मेरे कार्यालय आकर या संपर्क कर मुझे बता सकते है जिससे समय रहते संशोधन कराया जा सके।

---

### जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या के मामले में चार्जशीट दाखिल

# सात लोगों को बनाया गया आरोपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या के मामले में न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी है। दाखिल किए गए चार्जशीट में सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसमें आरोपी राहुल कुजूर, डब्लू कुजूर, सुशीला कुजूर, छोटू कुजूर, काविस अदनान, मुनावर अफाक और सोनू यादव उर्फ सोनू शामिल है। केस के अनुसंधान में यह बात सामने आयी है कि जमीन कारोबारी की हत्या की प्लानिंग और हत्या की वारदात को अंजाम देने में सातो अभियुक्त शामिल थे। पुलिसिया जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपियों ने पुरानी रंजिश और संपत्ति पर कब्जा करने की वजह से ही जमीन कारोबारी को रास्ते से हटाया है। गौरतलब हो कि बीते 30 मई को जमीन कारोबारी कमल भूषण की अपराधियों ने रातू रोड गैलेक्सिया मॉल के समीप किसी के मिलकर लौट रहे थे। इसी बीच फोन आने पर गाड़ी से उतरकर बात करने लगे। इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उनपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अपराधियों ने कमल भूषण को चार गोली मारी, जिसमें से एक गोली उनके सिर में लगी और बाकी तीन शरीर के अन्य हिस्सों में लगी। गोली लगते ही कमल भूषण मौके पर ही गिर गये, जिसके बाद स्थानीय लोग उन्हें आनन-फानन में रिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की जांच में जुटी हुई है। मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजी है।

### वर्तमान सरकार द्वारा झारखंडी जनता का राजनीतिक शिकार किया जा रहा: सुदेश महतो

**रांची।** रखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहि कि झूठ की बुनियाद पर खड़ा संगठन आज राज्य का नेतृत्व कर रहा और अस्सी के दशक से शुरू हुआ झूठ, लूट और भ्रम का मायाजाल, आज भी कायम है। महतो ने पार्टी के प्रधान कार्यालय, रांची में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक के दौरान कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा झारखंडी जनता का राजनीतिक शिकार किया जा रहा। इन्होंने झारखंड आंदोलन को लटकाने और भटकाने का काम किया और अब खतियान तथा आरक्षण जैसे गंभीर एवं संवेदनशील विषय को भी लटका दिया है। जनता को इनकी कुटिल राजनीति को समझना होगा। आरक्षण के विषय पर अलग-अलग बयान दिए और जब इनके राजनीतिक अस्तित्व पर संकट आया, तो इन्होंने अपने बयानों से यू टर्न ले लिया और अब ये अपनी राजनीतिक शहादत का मौका ढूंढ रहें, ताकि उसका सहारा लेकर अपनी नाकामियों को छिपा सकें।

### नामकुम बाबूलाल मरांडी का किया स्वागत

## हेमंत सरकार राज्य की जनता को किया भ्रमित : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** खिजरी विधान सभा सांसद समाधान केंद्र कि ओर से सदाबहार चौक स्थित समाधान केंद्र में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सम्मान समारोह सह बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष रूप सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद डॉ आदित्य साहू स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि झारखण्ड वर्तमान सरकार सभी को वादे को पूरा कर राज्य की जनता को भ्रमित कर बरगलाने का कार्य कर रही है। जब हेमंत की सरकार में झूठे वादे कर भ्रमित कर रही है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, वरीय नेता गोपाल चौधरी, समाजसेवी मनोज कुमार, अनिरूद्ध पाण्डेय, समाजसेवी मुन्ना बड़ाईक, प्रभु दयाल बड़ाईक, अखिलेश यादव, रविन्द्र शर्मा, दिलीप शिग्रिवाल, पूर्व मुखिया रितेश उरांव, गोरखनाथ सिंह, समीर उरांव, उर्मिला देवी, सुबोध कुमार उर्फ टनटन, दिलीप कुमार, नवीन राव सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उत्पन्ना एकादशी पर आनलाइन 24 घंटा गायत्री महामंत्र का अखंड जप-अनुष्ठान कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल विश्व गायत्री परिवार तत्वावधान में एकदाशी व्रत समूह संचालन प्रतिनिधि मंडल व परम पूज्य गुरुसत्ता वेदमूर्ति-तपोनिष्ठ पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं गुरुमाता भगवती देवी के सूक्ष्म सानिध्य में रविवार को उत्पन्ना एकादशी पर 24 घंटे का अखंड गायत्री महामंत्र जपअनुष्ठान तड़के चार बजे से शुभारंभ हुआ है। सोमवार सुबह चार बजे पूर्ण होगा। इसमें राष्ट्रीय, प्रांतीय स्तर से लेकर स्थानीय मंडल के गृहे-गृहे आवासीय तपोवन में सैकड़ों गायत्री भक्त शिष्य साधक गण आनलाइन शामिल हुए हैं। प्रतिनिधि मंडल में कहा गया कि भारतराष्ट्र के नवनिर्माण तथा अपने बहुमूल्य समय का एक अंश अवश्य देने का प्रयास करें।इस अवसर पर सैकड़ों साधक गण श्रद्धापूर्वक विधिवत अखंड दीप प्रज्ज्वलित व षोडशोपचार पूजन व स्वास्तिवाचन पाठ ,गुरु-ईश वंदना, ब्रह्मा विष्णु महेश सहित तैंतीस कोटि दैवी शक्ति का पूजन करके जप-अनुष्ठान शुभारंभ किया। कई गायत्री महामंत्र लेखन व गायत्री महामंत्र के सहायक मंत्रों का भी जप किए तथा सद्बुद्धि संवर्धन, सर्वत्र मंगलमय वातावरण विस्तार, सबके सुस्वास्थ्य व सुखमय जीवन के वंदना प्रार्थना कर रहे हैं। कल सुबह जप अनुष्ठान की पूणार्हुति होगी।

### प्रणामी समाज के सदस्यों के सहयोग से 60वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन

# 1300 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 59वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफल संचालन किया जा चुका है। रविवार को 60वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने पोता पोती के जन्मदिवस के सुअवसर पर संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। इस संस्था के द्वारा समय- समय गरीब असहाय जरूरतमंदों के बीच सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण में रांची शहर के प्रतिष्ठित समाचार पत्र फ्रीडम फाइटर के सम्पादक विष्णु शंकर उपाध्याय, आलोक कुमार सिन्हा पूर्वांचल सूर्य के सम्पादक सुमन कुमार संस्था के राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, पुनम अग्रवाल के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं, निर्धन परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 60 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। इस भंडारे में लगभग 1300 से ज्यादा श्रद्धालुओं राहगीरों व जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण। इसमें कचोडी, आलु टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव, केसरिया जलेबी का वितरण कर सेवा की गई। आज के भंडारे मे संस्था ने कचोडी, आलु टमाटर की सब्जी, केसरीया जलेबी एव भेजिटेबल पुलाव का वितरण किया।

### गैंग्स ऑफ वासेपुर के डेफनीट पर एफआईआर दर्ज , बेब सीरीज का है मामला

**रांची।** गैंगस आफ वासेपुर फिल्म में डेफनिट का किरदार निभाने वाले जिशान कादरी के खिलाफ रांची के हिंदपीढ़ी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जीशान कादरी के खिलाफ रांची के एक होटल के तीन लाख रुपया बकाया रकम नही चुकाने को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। क्या है पूरा मामला : रांची के मेन रोड स्थित होटल एवीएन ग्रैंड के मालिक विशाल शर्मा ने जिशान कादरी के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी में विशाल शर्मा ने बताया है कि धनबाद के रहने वाले जिशान कादरी ने उनके होटल एवीएन ग्रैंड और एवन प्लाजा में एक वेब सीरीज के शूटिंग के लिए कमरों की बुकिंग करवाई थी। दोनों होटलों के कमरों में वेब सीरीज की अभिनेत्री सौंदर्य शर्मा सहित कई कलाकार रुके थे। जिन कमरों की बुकिंग की गई थी उनमें जीशान कादरी के पिता सईद इमरान कादरी भी आकर रुकते थे ,तकरीबन ढाई महीने तक दोनों होटलों में वेब सीरीज के शूटिंग के नाम पर कमरों की बुकिंग की गई थी। विशाल शर्मा के अनुसार इस दौरान उन्होंने जीशान कादरी से एडवांस पेमेंट के लिए बोला लेकिन वह हर बार कुछ ना कुछ बहाना बनाकर एडवांस की बात को टालते गए। काफी दबाव डालने के बाद उन्होंने दोनों होटलों को मिलाकर मात्र छह लाख रुपये का भुगतान किया।

# साहित्य समाज का दर्पण होता है : रुणा मिश्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साहित्य समाज का दर्पण होता है और हमारी संस्कृति में साहित्य का बहुत बड़ा योगदान रहता है लेकिन आजकल साहित्य के प्रति युवाओं में रुझान कम देखा जा रहा है, अतः साहित्य की स्थिति को बेहतर बनाने और युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से अनमोल स्नेहल फाउंडेशन के द्वारा लौह नगरी जमशेदपुर के तुलसी भवन में झारखंड गौरव सम्मान समारोह, साहित्य चर्चा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकारों के द्वारा साहित्य को जन जन तक पहुंचाने खासकर युवा वर्ग को साहित्य से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास का संकल्प लिया गया। कवियत्रियों एवं कवियों द्वारा हास्य रस, प्रेम रस और वीर रस से भरपूर कविताओं से सभागार गुंजायमान हो गया। अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। रांची की सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता रुणा मिश्रा शुक्ला द्वारा समाज के प्रति समर्पित भाव से किए गए कार्यों की सराहना की गई एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रागिनी भूषण, श्यामल सुमन, प्रसेनजीत तिवारी, सरोज झा झारखंडी एवं शालिनी सहबा के कर कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तकरीबन 15 वर्षों से स्ट्रीट चिल्ड्रन को निःशुल्क शिक्षा देने के लिए जमशेदपुर की निभा मिश्रा को उनके द्वारा किए जा रहे निःशुल्क शैक्षणिक कार्यों के प्रति रुझान को देखते हुए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में शिक्षा के क्षेत्र में अरविन्द कुमार तिवारी, रक्तदान के क्षेत्र में धीरज कुमार, साहित्य के क्षेत्र में डॉ रागिनी भूषण, श्यामल सुमन, सरोज झा झारखंडी, शालिनी सहबा, डोली परिहार, पत्रकारिता के क्षेत्र में अनिरुद्ध महतो, समाज सेवा के क्षेत्र में ममता सिंह, मुकेश कुमार दास थे। इस अवसर पर संस्था के निदेशक जीवन कुमार व दीपक कुमार ने कहा की संस्था का मुख्य उद्देश्य साहित्य के माध्यम से संस्कार और गुणवात्तपूर्ण शिक्षा पर जोर देकर समाज में फैले कुरीतियों को समाप्त करना और अच्छा भविष्य निर्माण करना। इस अवसर पर बाल कृष्ण, नवीन अग्रवाल, उपासना सिन्हा, किरण राज, कुमार मनीष, संतोष चौबे, माधवी उपाध्याय ने काव्य पाठ कर लोगों का मनोरंजन किए।

### वृद्ध पर्यटक दशम फॉल में नीचे उतरा, ऊपर चढ़ने के क्रम में बेहोश

**बुंडू।** दशम फॉल का नजारा देखने के लिए नीचे उतरा एक वृद्ध पर्यटक ऊपर चढ़ने के क्रम में बेहोश हो गया। इसके बाद पर्यटक मित्र उसे उठाकर ऊपर ले गए। पर्यटक मित्र योगेश्वर अहीर ने बताया पर्यटक जीतेन्दु कुमार राय (85वर्ष) कोलकाता का निवासी है। उसका पुत्र टाटा में काम करता है, वह अपने पुत्र, पुत्रवधू और पत्नी के साथ कार से रविवार को दशम फॉल घूमने आया था। बताया जाता है जीतेन्दु राय को ऊपर रहने की हिदायत देकर परिजन फॉल के निचले हिस्से में घूमने चले गए। इसके बाद जीतेन्दु भी नीचे उतर गया और फॉल का नजारा देखने के बाद ऊपर चढ़ने के क्रम में बेहोश हो गया। पर्यटक मित्रों की उस पर नजर पड़ी तो पहले उसे होश में लाया। ओआरएस का घोल पिलाकर उसे बड़ी मशक्कत से ऊपर पहुंचाया। इसके बाद वृद्ध पर्यटक परिवार के साथ सही सलामत अपने घर लौट गया।

# पर्यावरण व जल संरक्षण पर उत्कृष्ट कार्य के लिए अर्चिता नंदन किये गये सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व युवा केंद्र,चाणक्यपुरी, नई दिल्ली के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अर्चित आनंद को पर्यावरण एवं जल संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान करने के लिए सम्मानित किया गया। मिट्टी फाउन्डेशन एवं श्यामनारायण फाऊंडेशन के कार्यक्रम सह पुरस्कार समारोह में म्यूजिक मंत्रा 2022 के माध्यम से स्पेशल बच्चों ने लोकगीत के माध्यम से बांधा शमां। इस अवसर पर अर्चित आनंद ने बोलते हुए कहा कि संगीत में वो जादू है जिसके माध्यम से बेजान वस्तुओं में भी जान आ जाती हैं। संगीत के माध्यम से विशेष बच्चों के जीवन में भी अब गुणात्मक सुधार हो रहा है। संगीत कैसे उनके जीवन में सुधार ला सकता इसी विषय पर आवर मिट्टी फाउंडेशन एवं श्याम नारायण फाऊंडेशन ने दिल्ली के विश्व युवक केंद्र में म्यूजिक मंत्रा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्र जैसे कला, शिक्षा, मेडिकल और साइंस के विशेषज्ञों ने इस विषय पर अपने विचार रखे कि कैसे संगीत उन बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सह जेडीयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि विशेष बच्चों की प्रस्तुति देखने के बाद यह वाकई में विश्वास हो गया की संगीत इनके ऊपर जादू की तरह काम करता है। इसके माध्यम से बच्चों में एक विशेष प्रतिभा का निखार होता है और ये बच्चे इसी प्रतिभा के आधार पर एक बेहतर जीवन जी रहे हैं। मिट्टी फाऊंडेशन और श्याम नारायण फाऊंडेशन का इन बच्चों के लिए किया गया कार्यक्रम वाकई में कबीले तारीफ है। इस कार्यक्रम में मिट्टी फाउण्डेशन के चैएरमैन प्रमोद कुमार सुमन,अध्यक्ष चंदन कुमार सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले स्पेशल बच्चों ने अपने प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। उन बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए सारेगामा लिटिल चैंप फेम दिवाकर शर्मा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे और अपने गायन से दर्शकों का मनोरंजन करते हुए शमां बांध दिया।

### कोयला चोरी रोकने के नाम पर नरसंहार, ऐक्टू ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

**रांची।** बाघमारा के बेनीडीह में सीआइएस एफ द्वारा की गई फायरिंग से चार लोगों की हुई मौत की घटना की एक्टू कड़ी निन्दा करती है। मारे गए लोग कोयल चोर नहीं बल्कि मजदूर है। कोयलाचोरी रोकने के नाम पर यह नरसंहार है ,ऐक्टू बाघमारा गोलीकांड की उच्चस्तरीय जांच एवं मौत के दोषी सीआइएसएफ कर्मियों पर हत्या मुकदमा दर्ज कर बर्खास्त करने की मांग करती है। रात के अंधेरे में मजदूरों से काम कराने वाले सफेदपोश कोयला कारोबारियों की जॉच कर गिरफ्तारी सुनिश्चित किया जाय। गोलिकांड इसी का नतीजा है। ऐक्टू मांग करती है की कोयला कारोबारियो को दी जा रहीं राजनीतिक सरंक्षण बंद किया जाय।साथ ही इस कारोबार में शामिल सफेद पोशो की उच्चस्तरीय जांच कर कार्रवाई हो तभी घटना की पुनरावृति रोकी जा सकती है।

# शिक्षा मंत्री की भावना का हम सम्मान करते हैं, लेकिन इसके लिए सरकार को ईमानदारी पूर्वक पहल करनी होगी : राजेन्द्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के द्वारा शिक्षक नियुक्ति में खतियानी को नौकरी देने की बात कहे जाने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री की भावना का हम सम्मान करते हैं, लेकिन इसके लिए सरकार को ईमानदारी पूर्वक पहल करनी होगी । उन्होंने कहा कि कानूनी अड़चनें को भी समझना पड़ेगा। प्रसाद सुझाव देते हुए कहा कि खतियानी लोगों की नौकरी देनी है, तो चतुर्थ वर्ग की नियुक्ति के लिए पंचायत को आधार बनाने और तृतीय वर्ग के लिए प्रखंड को आधार बनाना होगा। प्रसाद कहा इसके लिए खतियानी लोगों को 10% ग्रेस मार्क्स के साथ राज्य सरकार अपने अधिकार आर्टिकल 16-4 का भी उपयोग करे। तभी खतियानी लोगों को तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी मिल सकेगी। प्रसाद ने राजनीतिक दलों से नियोजन नीति के मामले पर राजनीति नहीं नहीं करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा झारखण्डियों के अधिकार के लिए सरकार और प्रतिपक्ष मिलकर काम करें। प्रसाद ने कहा कि संविधानिक प्रतिक्रिया का पालन करते हुए सरकार पिछड़ी जातियों के साथ- साथ मूलवासी सदान से आने वाले सवर्ण समुदायों के लोगों का भी जातीय जनगणना और सामाजिक आर्थिक राजनीतिक स्थिति की सर्वेक्षण कराए जिससे कानूनी दांवपेंच से बचा जा सके। प्रसाद ने कहा ऐसा ना हो कि जिस तरह से पंचायत और नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को उनके अधिकार से वंचित किया गया उसी तरह झारखण्डियों को शिक्षक नियुक्ति में वंचित ना होना पड़े। प्रसाद ने कहा कि अब सरकार की जिम्मेदारी है ओबीसी को 27% आरक्षण की घोषणा की है तो ओबीसी को 27% आरक्षण देने की ईमानदारी पूर्वक पहल करे। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों समुदाय को कैसे उनको नौकरी दी जा सकती है उसका निवारण सरकार को ईमानदारी पूर्वक करनी चाहिए प्रसाद ने कहा सरकार को तुरंत जो 7 जिलों में ओबीसी का आरक्षण शुन्य है को शिक्षक नियुक्ति से पहले उसमें भी सुधार करने की मांग सरकार से की है।

# न्यूज गैलरी

## साधना बैंकट हॉल का हुआ शुभारंभ



रांची। खादगढ़ा मिलन चौक हनुमान मंदिर के सामने साधना बैंकट हॉल का शनिवार को उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद रांची संजय सेठ एवं विधायक रांची सी.पी.सिंह ने रिबन काटकर किया ।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, समाजसेवी, फिरंगी साव, मुकेश मुक्ता, विजय कुमार गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजुद थे। मौके पर साधना बैंकट हॉल के निदेशक दिलीप कुमार साव ने बताया इस क्षेत्र के लोगों की आवश्यकताओं को देखते हुए आधुनिक सुख सुविधाओं से युक्त यह बैंकट हॉल स्थापित किया गया है, जहां कम से कम दर पर ग्राहकों के लिए मैरिज हॉल, सेमिनार हॉल एवं आवासीय रूम की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। वहीं प्रबंधक निशू कुमार गुप्ता एवं संजू देवी ने बताया शांतिपूर्ण माहौल में बनाया गया इस बैंकेट हॉल में ठहरने वाले लोगों के लिए हर सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा।

## सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पंहुचाना हमारा उद्देश्य : निशांत यादव



रांची। रविवार को वार्ड 29 के केशव नगर में समाजसेवी निशांत यादव द्वारा वृद्धा पेंसन, आयुष्मान कार्ड, वोटर कार्ड इत्यादि के लिए कैम्प का आयोजन कर लोगों को नि:शुल्क सेवा प्रदान किया गया। आज कैम्प में लगभग 20 वृद्धा पेंशन, 15 आयुष्मान कार्ड एवं 50 के लगभग वोटर कार्ड बनवाया गया। निशांत यादव ने बताया की विगत दो वर्षों से इस तरह का सैंकडो कैम्प आयोजित कर वार्ड के प्रत्येक गली-मोहल्लों में इन योजनाओं का लाभ घर-घर तक पंहुचाने का कार्य किया गया है। अब तक हजारों लोग सरकार के इन योजनाओं का लाभ हमारे माध्यम से ले चुके हैं। आगे भी ये अभियान जारी रहेगा। आज के कैम्प में मुख्य रूप से हिंदू जागरण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, अशोक पांडेय, सुनील वर्नवाल, संजय तिवारी, कृष्णा विश्वकर्मा, बिट्टू दिव्य परमार, अर्पित सिंह, रोहित पांडेय, कुणाल वर्णवाल, अंकित तिवारी, पूनम सिंह, बाबू शर्मा, अरविंद गुप्ता सहित मोहल्ले के लोग उपस्थित रहें।

## सभी 53 वार्ड के सदस्यों का चिन्हितिकरण कर प्रत्येक वार्ड में एक वार्ड समिति का निर्माण होगा




रांची। रविवार को रांची नगर निगम सिटीजन फोरम की एक ऑनलाइन बैठक आहूत की गई, जिसके अंतर्गत नगर निगम से जुड़े समस्याओं और आने वाले नगर निगम चुनाव पर विस्तृत चर्चा कर कई निर्णय लिए गए। अभी सिटीजन फोरम के तहत बने व्हाट्सएप ग्रुप में 503 सदस्य जुड़े हुए हैं, जिनके मध्य से सभी 53 वार्ड के सदस्यों का चिन्हितिकरण कर प्रत्येक वार्ड में एक वार्ड-समिति का निर्माण किया जाएगा, जिसके एक संयोजक मनोनीत होंगे, जो अपने टीम के साथ अपने वार्ड के समस्याओं को इंगित करेंगे और वार्ड के निवासियों को सिटीजन फोरम के उद्देश्यों और कार्यों से जागरूक करेंगे। सिटीजन फोरम विगत वर्षों में रांची नगर निगम में व्याप्त समस्याओं और उनके समाधान के संबंध में सभी 53 वार्ड के लोगों को इन 53 वार्ड-समितियों के माध्यम से जागरूक करने का कार्य करेगा और प्रत्येक रविवार सिटीजन फोरम की एक नियमित ऑनलाइन मीटिंग आहूत की जाएगी। आज की मीटिंग की अध्यक्षता दीपेश कुमार निराला ने की और मीटिंग में स्वामी दिव्यज्ञान, विवेक कुमार महारथी, चंदन सिंह, रेणुका तिवारी, मनोज कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार जयसवाल, कौशल चौधरी, प्रवीण कुमार, कृष्णा श्री सहित कई लोगों ने भाग लिया। मीटिंग का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता विवेक कुमार महारथी ने किया।

### फ्लाईओवर निर्माण कार्य को लेकर कांटाटोली के यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव

# ट्रैफिक पुलिस की ओर से प्रथम चरण में छह स्थानों पर लगाये गये साइन बोर्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के कांटाटोली में फ्लाईओवर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस कार्य को लेकर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इससे वाहन चालकों को आवागमन में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको देखते हुए ट्रैफिक पुलिस की ओर से निर्धारित किए मार्गों पर साइन बोर्ड लगाया जा रहा है। इसकी शुरूआत रविवार से कर दी गई है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से प्रथम चरण में छह स्थानों पर साइन बोर्ड लगा दिया गया है। साइन बोर्ड बहुबाजार, संत पॉल कॉलेज के पास और बसर टोली में लगाया गया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार फ्लाईओवर निर्माण को लेकर बहुबाजार से कांटाटोली जाने के लिए रूट डायवर्ट किया गया है। यह रूट बहुबाजार से संत पॉल कॉलेज से बसर टोली होते हुए कांटाटोली की तरफ भेजा गया है। वाहन चालक निर्धारित रूट में जाने के बजाए दूसरी तरफ चले जा रहे हैं। इस वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि साइन बोर्ड लगाने से लोगों को यह पता चल जाएगा कि उन्हें कैसे कांटाटोली चौक जाना है।

### हर सौ मीटर में लगेगा बोर्ड

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार हर सौ मीटर में साइन बोर्ड लगाया जाएगा। कांटाटोली और उसके आसपास वाले मार्गों में लगेगा। इससे वाहन चालकों को अपने गणतव्य तक जाने में परेशानी नहीं होगी। पुलिस अफसरों का कहना है कि रूट नहीं जाने की वजह से भी ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है।

### ऐसे जाना है कांटाटोली चौक

सिरमटोली व उसके आसपास से कांटाटोली जाने वाले वाहन चालकों को बहुबाजार तक आने दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें संत पॉल कॉलेज के समीप बसर टोली गली से होते हुए बिशप स्कूल के पास जाएंगे। वहां से सीधे कांटाटोली चौक जाना है।

## भाजयुमो कला व खेल प्रकोष्ठ ने सैंकड़ो वुडबॉल खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**रांची ।** रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के तत्वावधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वां अमृत महोत्सव आह्वान के अंतर्गत रांची कॉलेज मैदान में वुडबॉल के खिलाड़ियों को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत अटल बिहारी वाजपेयी खेल सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झारखंड के सैंकड़ो बालक /बालिका वुडबॉल खिलाड़ियों को 'अटल बिहारी वाजपेयी खेल सम्मान ' का प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी जी उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड राज्य वुड बॉल संघ के सचिव गोविंद झा, झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमित कुमार ठाकुर, गुरुकुल शिक्षा के निदेशक सूरज प्रसाद, समाजसेवी मुकेश नायक जी उपस्थित थे।

## सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के चुंग गांव में 500 कंबल व सैकड़ों गर्म कपड़े का किया गया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से ब्राम्बे के चुंग गांव में समाजसेवी सह व्यवसायी भानू प्रकाश जालान एवं उनके इष्ट मित्रों द्वारा 300 पीस कंबल, 350 पीस शाल 700 पीस मौजा, मफलर तथा सैकड़ों बच्चों के बीच स्वेटर, खिलौने, बिस्कुट, तिलकुट, टॉफी मिठाइयां आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर करीब 800 ग्रामीणों ने खिचड़ी, सब्जी खाकर आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन, महिलाएं पुरुष उपस्थित थे सभी ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया।भानु प्रकाश जालान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आगे भी निरंतर मानव कल्याण एवं जन सेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का दर्शन एवं सेवा करने का सौभाग्य भगवत कृपा होने पर ही प्राप्त होता है। तथा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने लोगों का भगवत कृपा से यहां आना हो रहा है। तथा बढ़ती ठंड के पहले अन्य क्षेत्रों में भी कंबल एवं गर्म कपड़े का वितरण किया जाएगा। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि भानु प्रकाश जालान प्रत्येक सप्ताह सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धनों एवं जरूरतमंदों को कंबल एवं अन्य गर्म कपड़े बांटकर बहुत ही पुनीत कार्य कर रहे हैं तथा मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है।

## झारखंड राज्य नाइन ए साइड फुटबॉल टीम घोषित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 10वें सब जूनियर एवं जूनियर (बालक) नाइन ए साइड राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का अयोजन 28 से 30 नवम्बर तक तुकोजी राव पवार फुटबॉल स्टेडियम भोपाल रोड देवास मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश नाइन ए साइड फुटबॉल संघ के द्वारा, नाइन ए साइड फुटबॉल फेडरेशन के मार्ग दर्शन में अयोजित हो रही है, जिसमें झारखण्ड के दोनों टीमें भाग लेगी जिसकी घोषणा आज झारखंड राज्य नाइन ए साइड फुटबॉल संघ के द्वारा की गई जो इस प्रकार है : सब जूनियर टीम-करमचंद उरांव (कप्तान), कंचन उरांव (उप कप्तान), श्रवण मुंडा, स्टेनिश लकड़ा, सक्ति मुंडा, विशाल मुंडा, अशीष कुजूर, विक्की लकड़ा, आदित्य उरांव, अमित मुंडा, बसन्त उरांव, अंकित प्रधिया, पवन भुइया, अंशेल लकड़ा, कोच शिव महतो सामिल हैं।

जूनियर टीम : राहुल महतो (कप्तान), तुलसी मुंडा (उप कप्तान), महावीर मुंडा, गुलशन मुंडा, अमित महतो, अनमोल उरांव, अनुराग नाग, सदन लकड़ा, मुकेश कुजूर, अशीष उरांव, राजू उरांव, अभय कुमार, अंकित सोनी, कोच रोहित कुमार सामिल हैं यह जानकारी ब्रजेश गुप्ता ने दी। टीम 25 नवम्बर को रांची रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेंगी।

## दो दिवसीय झारखंड पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप का हुआ सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पावरलिफ़्टर्स एसोसिएशन की दो दिवसीय चैंपियनशिप का आज दूसरा एवं अंतिम दिन कार्यक्रम हुआ ।दिनांक 19 नवम्बर को हरमु रोड स्तिथ जैन भवन में चैंपियनशिप प्रारंभ हुई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि रँची के वरीय अधीक्षक किशोर कौशल जी ने 19 नवम्बर को किया। उन्होंने खेल के क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन की काफी सराहना की। चैंपियनशिप में झारखंड के विभिन्न जिलों से 200 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। चैंपियनशिप में मुख्यतः डेडलिफ्ट , स्कॉट एवं बेंच प्रेस की कैटेगिरी में चैंपियनशिप हुई। इसमें महिला एवं पुरुष की अलग अलग कैटेगिरी रखी गई ।जूनियर में 23 वर्ष तक के प्रतियोगी एवं सीनियर में 23 वर्ष से अधिक के प्रतियोगी रहे। प्रतियोगिता में कुल 12 कैटेगिरी है ।आज देर रात तक समापन के पश्चात सभी वर्गों के चैम्पियंस के नाम घोषित किए जाएंगे।

### श्री श्याम मंदिर में उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर एकादशी जागरण व संकीर्तन का हुआ आयोजन

# भक्तजन भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर एकादशी जागरण व संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। दोपहर विश्राम के बाद खाटू नरेश का दिव्य पावन अलौकिक श्रृंगार किया गया। कोलकाता से विशेष रूप से मंगाए गए सफेद स्टार फुल, रजनीगंधा, मुर्गन, लाल गेंदा, पीला गेंदा, व तुलसी दल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में खाटू नरेश सहित लड्डू गोपाल श्री शालिग्राम श्यामेश्वर महादेव, महाबली श्री बजरंगबली मंडल के प्राचीन फोटो व गुरुजनों का भी मंदिर के आचार्य ने मनोहारी श्रृंगार किया। रात्रि 9:30 बजे मंडल के वरिष्ठ सदस्य कमल लोहिया ने अपनी धर्मपत्नी मंजू लोहिया के साथ खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा, नारियल, राबड़ी, दूध, काजू, किशमिश, अखरोट, गिरी बदाम, अंजीर व मगहीपान का भोग अर्पित कर सुगंधित इत्र निवेदित कर झारखंड राज्य के समृद्धि की कामना की। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि भक्तजनों के सहयोग से ही श्री श्याम मंदिर में सभी आयोजन किए जाते हैं। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया के नेतृत्व में भजन कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। पूजन अनुष्ठान मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने करवाया एकादशी की अखंड ज्योति की पावन ज्योति में सैकड़ों भक्तों ने आहुति देकर श्री श्याम दरबार में अपना मत्था टेका। कितना प्यारा है सिंगार तेरी लेऊं नजर उतार कितना प्यारा है, हो रहे हो बाबा की नगरी में केसर चंदन को छिड़काव जैसे प्रिय भजनों मैं भक्त भावविभोर होकर बाबा से अर्जी लगा रहे थे। सर्व श्री विश्वनाथ नारसरिया पूर्व सांसद अजय मयंक अग्रवाल ने व्यवस्था तथा प्रसाद वितरण में सहयोग किया। देर रात महाआरती के साथ एकादशी कीर्तन समापन हुआ।



### कल होगा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर मंगलवार 22 नवम्बर को संध्या 4:30 बजे हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 25 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होगा । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी ने भक्तजनों को आमंत्रित किया है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की उत्पन्ना एकादशी उत्सव भक्ति भाव के साथ आयोजित



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रविवार को मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की उत्पन्ना एकादशी उत्सव अत्यन्त उल्लासपूर्ण वातावरण में पूर्ण भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। प्रातकाल में श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों जैसे गुलाब, जूही, बेला, मोगरा, गैंदा व तुलसी दल से मनभावन श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवं बजरंगबली का भी इस अवसर पर मनमोहक श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव के जयकारों के बीच ज्योत प्रज्ज्वलित कर भक्तगण कटारबद्धा होकर ज्योत में आहुति प्रदान कर मंगलमय जीवन की कामना कर रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ कर भजनों की अमृतवर्षा की गई। श्याम नाम मुख से बोल भाई काम आवेगो, अलबेली इनकी सरकार रटेजा श्याम प्यारे, श्याम तेरा साथ हमको दो जहाँ से प्यारा है, हम तुम्हारे थे प्रभु जी तुम हमारे हो इत्यादि भजनों की लय पर देर रात तक भक्तगण श्री श्याम प्रभु को रिझाते रहे ।इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान- फल -मेवा का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रशाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत , विवेक ढांढनीयाँ, विकाश पाडिया, ज्ञानप्रकाश बगला, सुदर्शन चितलंगिया , अजय साबू, अरुण धानुका, जीतेश अग्रवाल एवम श्याम सुन्दर पोद्दार का विशेष सहयोग रहा।

## पासवा चार दिसंबर को शिक्षक गौरव सम्मान समारोह आयोजित करेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) चार दिसंबर को शिक्षक गौरव सम्मान समारोह सह कार्यशाला का आयोजन करेगा। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में शिक्षकों के लिए बच्चों द्वारा मोबाइल का इस्तेमाल एक चुनौती एवं नये सत्र में शिक्षक छात्र संबंधों पर कार्यशाला में चर्चा होगी। कार्यशाला में शिक्षाविदों एवं संबंधित विषयों के जानकारों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा। साथ ही 1000 से अधिक शिक्षकों को शिक्षक गौरव सम्मान समारोह से सम्मानित किया जाएगा। कायर्क्रम को लेकर रविवार को कोर कमेटी की बैठक भी हुई। बैठक में बताया गया कि 24 नवंबर को चतरा जिला पासवा द्वारा सिमरिया में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के कार्यक्रम में प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे शामिल होंगे। बैठक के बाद पासवा के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मुलाकात की एवं उन्हें शिक्षक गौरव सम्मान समारोह एवं कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। बैठक में लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, राशिद अंसारी, मुजाहिद इस्लाम, डॉ सुषमा केरकेट्टा, अजय किशोर, कैलाश कुमार व शुभोजित अधिकारी उपस्थित थे।

### नागरमल मोदी सेवा सदन में फ्री मेगा ऑर्थो कैम्प सफलता पूर्वक संपन्न

# मेगा कैंप में 171 मरीजों की हुई नि:शुल्क जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नागरमल मोदी सेवा सदन में रविवार को फ्री मेगा ऑर्थो कैम्प प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कैम्प में हड्डी रोग से संबंधित झारखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से मरीजों ने आकर सदन के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आनन्द बर्मा, डॉ. जय पलक, डॉ. रोहित कुमार रुंगटा तथा डॉ. निशान्त कुमार (स्पाइन सर्जन) से निःशुल्क परामर्श लिया।



कैम्प में आये मरीजों का बीएमडी टेस्ट, यूरिक एसिड टेस्ट, हाइट, वेट, स्पो-2, पल्स एवं फिजियोथेरेपी सेवा निःशुल्क दी गई ।

शिविर का शुभारम्भ डाक्टरों एवं प्रबंधन द्वारा दीप प्रज्ज्वल्लन संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर सदन के मानद सचिव आशीष मोदी ने घोषणा की कि आज इस कैम्प में रोगियों को किसी तरह के ऑपरेशन या सर्जरी होने पर 20% की विशेष छूट दी जायेगी। वरीय उपाध्यक्ष रेखा जैन ने शिविर से सम्बंधित स्वरचित गान गाकर डाक्टरों सहित सभी को प्रेरित किया। पैथोलोजिकल जांच एवं एक्स-रे जांच में मरीजों को 20% की छूट दी गई, जिसका लाभ लोगों ने उठाया, अल्केम बर्गेन, जाइडस सीनोविया और एलेम्बिक द्वारा बीएमडी टेस्ट एवं मेयर द्वारा यूरिक एसिड टेस्ट करवाया गया। निःशुल्क मेगा ऑर्थो कैम्प का लाभ लगभग 171 मरीजों ने उठाया। कैम्प में सदन के अध्यक्ष अरूण छावछरिया, मानद सचिव आशीष मोदी, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन, सहायक सचिव वेद प्रकाश बागला एवं पवन शर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र सरावगी, सदस्य पवन कनोई, सेवा विस्तार समिति के चेयरमेन आलोक तुलस्यान एवं उनके सहयोगी वरूण जालान उपस्थित थे। इसके अलावा सदन के चीफ मेडिकल एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. विजय शंकर दास, डिप्टी एचए नीतू शर्मा एवं सदन के अन्य पारा मेडिकल स्टाफ ने कैम्प में उपस्थित रहकर इस कैम्प को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## ऑडिट रन का हुआ आयोजन, गोल्ड मेडलिस्ट ने दिखाई झंडी

**रांची।** लेखा परीक्षा सप्ताह के दौरान झारखंड प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) परिसर में रविवार को ऑडिट रन दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चौथे एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 800 मीटर की स्वर्ण पदक विजेता आशा किरण बारला एवं कोच आशु भटिया को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। मुख्य अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके पहले प्रधान महालेखाकार ने अतिथियों को शॉल और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौड़ का आयोजन वर्षों से भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की संस्था के योगदान से लोगों को अवगत कराने के लिए किया जाता रहा है। दौड़ को मुख्य अतिथि, प्रधान महालेखाकार (लेखा और हकदारी), झारखंड तथा महानिदेशक, लेखा परीक्षा (स्टील) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### 22 वां झारखंड स्टेट पारा एथलेटिक्स चैंपियनशिप हुआ संपन्न

# पूरे प्रदेश में इस खेल को क्रियाशील करना है झारखंड सरकार सहयोग करे : शशि रंजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के तत्वधान में एवं एमपीएल के सौजन्य से आई एसएम ग्राउंड धनबाद में 22वां झारखंड स्टेट पारा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप संपन्न हुआ। इस इस चैंपियनशिप में झारखंड के विभिन्न जिलों से लगभग 100 दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में एथलेटिक्स से जुड़े इवेंट दौड़ लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो एवं अन्य विविध खेलों का आयोजन किया गया तथा सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन एवं उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। खेलों में शॉटपुट में मो.आजाद, डिसकस में आकाश



कुमार सिंह, लांगजंप में अनिश शेख, जबकि 100, 200 एवं 400 मीटर दौड में क्रमशः साहेब अंसारी, रोहित कुमार मिश्रा एवं आनंद महतो विजेता रहे। सभी खिलाड़ियों को आगंतुक अतिथियों ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सिंह ने करते हुए पेरालिंपिक खेल का एक अलग ही महत्त्व एवं पहचान है पूरे प्रदेश में इस खेल को क्रियाशील करना है। जिसमें सरकार के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है।

## न्यूज गैलरी

### खाद आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलर को फटकार लगाते हुए राशन सही ढंग से वितरण करने का निर्देश दिया

**सिल्ली।** मुरी पूर्वी पंचायत भवन में मुखिया कन्हैया लोहरा के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अनूप भगत एवं लाभुक उपस्थिति थे। लाभुकों के द्वारा मुरी के डीलर शंकर सिंह के प्रति राशन वितरण करने में अनाज कम देना एवं किसी महीना का अनाज नहीं देना साथी साथ कालाबाजारी करने का आरोप लगाते हुए एक लिखित आवेदन खाद आपूर्ति पदाधिकारी को दिया। श्री भगत ने डीलर शंकर सिंह को फटकार लगाते हुए कहां की अपने राशन दुकान पर सभी उपभोक्ताओं का सूची बनाकर लगाएं साथी साथ कितना राशन प्राप्त वितरण एवं राशन बचा हुआ आदि इन सारी चीजों को ब्लैकबोर्ड पर अंकित करें। राशन तोलने का कंप्यूटराइज मशीन लगाएं ताकि लाभुकों को वजन कम ना हो अगर दुबारा किसी लाभुक को राशन वितरण संबंधित किसी प्रकार का शिकायत आती हो तो इनका लाइसेंस रद्द किया जाएगा। वही डीलर शंकर ने अपने गलती शिकार किया और कहां की इस तरह की गलती दुबारा नहीं होगा। अंत में खाद आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा सभी डीलरों को आदेश दिया गया कि कंप्यूटराइज मशीन के द्वारा ही अनाज वितरण करें। इस बैठक में पंचायत समिति अरविंद प्रसाद उप मुखिया रेनू देवी वार्ड मेंबर बसंती देवी दीपा देवी सुबोध मेहता काजल बनर्जी आदि लोग उपस्थित थे।

### 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो चोर गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर सभी सामान बरामद करने में सफलता पाई है।सिदगोड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि 18 और 19 की रात में ट्यूब बारीडीह स्थित एक व्यक्ति के घर से चोरों ने सोने चांदी के आभूषण सहित कई सामान चोरी कर लिया था , तब पुलिस टीम गठित करके अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें 2 चोर पकड़े गए और उनके पास से दो मंगलसूत्र ,47 जोड़ा बिछिया ,8 जोड़ा पायल सहित कई अन्य समान सोने चांदी के बरामद किए गए।

### खेलो झारखंड के तहत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**बरवाडीह।** प्रखंड के रेलवे क्लब मैदान में खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता सोमवार से आयोजित किया जाएगा .खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत 17 18 नवंबर को प्रखंड के सभी विद्यालयों में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में चयनित खेलकूद के प्रतिभागियों का 21 व 22 नवंबर को प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय व अन्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के उपरांत विजय प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके उपरांत चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए जिला मुख्यालय भेजा जाएगा। यह जानकारी बीपीओ कामेश्वर सिंह ने दी।

### देर रात उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**चतरा।** बीते देर रात उपायुक्त अबु इमरान ने सदर अस्पताल चतरा पहुंच रात्रि में उपलब्ध विधि वियस्था समेत अन्य का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सदर अस्पताल में नियुक्त चिकित्सक, जेनरल वार्ड, दवाई की उपलब्धता साफ-सफाई, कर्मियों की उपलब्धता मरीजों को मिलने वाली सुविधा का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों के परिजन के बीच कंबल का भी वितरण किया। उसके पश्चात पोस्टऑफिस मोड़, केशरी चौक, पुराना पेट्रोल पंप, बस स्टैंड, जतराही बाग चौक, डीसी मोड़, दीभा मोहल्ला, चुरिहार मोहल्ला समेत अन्य स्थानों का निरीक्षण कर गरीब असहाय जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पंचायत सेवक की मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** रविवार की सुबह अज्ञात वाहन के चपेट में आने से गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय निवासी व पंचायत सेवक दीनबंधु पांडेय की मौत हो गई। मिली जनकारी के अनुसार दिवंगत पांडेय प्रतिदिन की भांति साइकिल से मॉर्निंग वॉक के लिए प्रखंड के बड़की नदी की ओर गए थे, तभी सुबह करीब 5:30 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने आनन-फानन में बेहतर इलाज के लिए चतरा ले जा रहे थे, की रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। दिवंगत पांडेय मयूरहंड प्रखंड के पंदनी पंचायत में पंचायत सेवक के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि उनका एक ही पुत्र है। दूरी ओर दिवंग के मौत की जानकारी फैलते हीं गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई।

### पूर्व मंत्री ने डॉ सब्बा अहमद के निधन पर भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया

**श्री बंशीधर नगर।** बिहार सरकार के पूर्वमंत्री सह झारखण्ड में रहे पूर्व विधायक डॉ सब्बा अहमद के निधन पर भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुये कहा है कि वे एक सहृदय व मिलनसार व्यक्ति थे.पेशे से वे आंख के अच्छे चिकित्सक भी थे.इनके निधन से मैं काफी मर्माहत हूं। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में सीताराम जायसवाल, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी,ज्ञानचन्द प्रसाद, सोबराती खां, अरुण कुमार के नाम शामिल है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन, दो यूनिट रक्त किया गया संग्रह

**गढ़वा।** सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रविवार को झामुमो युवा नेता आशुतोष पांडे एवं राजा सिंह के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उस दौरान दो यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में गढ़वा थाना क्षेत्र के अचला गांव निवासी सकलू अंसारी कापुत्र सलाहुद्दीन अंसारी व शहर के चिनिया रोड स्थित पिपरा कला मोहल्ला निवासी कमलेश सिंह का पुत्र राजा सिंह के शामिल हैं। ऊसके अलावा सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल ब्रेड का भी वितरण किया। इस मौके पर राजा सिंह एवं आशुतोष पांडे ने कहा कि वे अपने जन्मदिन गरीब असहाय लोगों के बीच मनाने से काफी आनंद उन्हें मिलता है उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने अपने जन्मदिन पर रक्तदान करनी चाहिए ताकि दूसरे को भी इस वक्त से जान बचाया जा सकता है। इस मौके पर राहुल कुमार साहू, सद्दाम हुसैन, सोनू सिंह, आर्यन सिंह, बबलू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत 23 सड़कों का होगा निर्माण

# सड़क निर्माण होने से सैकड़ो गांव के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी: राकेश

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से मांडर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत 23 सड़कों का कार्य कराया जाएगा। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत के मांडर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना के तहत स्वीकृत कराया है। उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार भगत ने बताया कि सांसद के प्रयास से पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण से आच्छादित इन प्रखंड के सैकड़ो गांवों के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इस सड़क निर्माण



प्रतीकात्मक फोटो

योजनाओं में क्रमशः एन एच 75 से सासई तक पथ निर्माण, बूढ़ा खुखरा करम्बो रोड से बांसजाड़ी तक, मांडर टांगरबसली से गौरखो तक, मुड़मा इटकी रोड से टोटाम्बी तक, बूढ़ा खुखरा कैम्बो से सरगांव तक, सिलागाई से नरकोपी तक, मांडर बुढ़मू रोड से बट्ट टोली, टाँगरबसली रोड से डुमरी तक, मुड़मा इटकी रोड से मसमानो तक, मुड़मा इटकी से गोरे तक, एनएच 75 रांची डाल्टेनगंज रोड से पुनगी तक, टांगरबसली रोड से लोयो बगीचा टोली तक, बेड़ो चट्टी रोड से रानी टोली तक, चट्टी नरकोपी रोड से बिल्टी तक, घाघरा चट्टी टोली से दिघिया भाया अम्बा टोली टिकरा टोली तक, इटकी रेलवे स्टेशन से टुरुगुडू तक, इटकी पिच रोड से बारीडीह तक, चान्हो दमदमा से टोली से रानी चान्हो तक, खलारी रोड से बड़हिया रोड तक, नौदी से सिसई तक, बिजुपाड़ा खलारी रोड से खखसी टोली तक व कुल्लू से नवदी तक पथ निर्माण कार्य किया जाएगा।

# बेड़ो कपड़ा बैंक के ने लोगों के बीच कंबल एवं कपड़े का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम के द्वारा कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में लापुंग के चंपाडीह में बिरहोर जनजाति के लोगों के बीच जरूरमंदों को 450 कपड़ों का वितरण किया। लोगों के बीच ठंढ कपड़े स्वेटर जैकेट कम्बल सौल साड़ी जीन्स पैंट सर्ट कुर्ती बच्चों के कपड़े इत्यादि का वितरण किया गया। जहां कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके, कपड़ा बैंक का संचालन उन्हीं लोगों के सहयोग से चल रहा है।

जो कपड़े आपके लिए अनुपयोगी है लोगों का जरूरत है और लोगों के जीवन मे खुसी ला सकती है।



लोगों के जीवन की मुख्य आवस्यकता में रोटी कपड़ा और मकान होती है। जिसमे कपड़ा भी एक प्रमुख आवस्यकता होती है, जो लोगों के तन ढकने के लिए आवश्यक है जो हमें हरेक मौसम में जरूरी होता है। कपड़ा बैंक के सदस्य निःस्वार्थ इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं और जरूरतमंदों तक अपने खर्च से कपड़ा पहुंचा रहे है। मौके पर कपड़ा बैंक की टीम में कैलाश कुमार, सुनील महतो, अनुज कुमार गुप्ता, जगरनाथ भगत, शक्ति साहू, चितरंजन कुमार साहू मौजूद थे।

## जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में रन ए थान का आयोजन

# स्वास्थ के प्रति हमेशा रहे सजग: नरेंद्रन

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर ।** टाटा स्टील के द्वारा जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में रविवार को रन ए थान का आयोजन किया गया। इसमें 10 किलोमीटर 7 किलोमीटर 5 किलोमीटर के अलावा 2 किलोमीटर की दौड़ का भी आयोजन किया गया था। टाटा स्टील के सीईओ सह एमडी टी वी नरेंद्रन ने कहा कि हम लोगों को स्वास्थ्य पर ध्यान रखना चाहिए, इसे बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार का आयोजन हम लोग करते हैं और इस तरह के कार्यक्रम हम कई शहरों में भी करते हैं। चार- पाँच हजार लोग इस में भाग लिए हैं। उम्मीद करते हैं आगे और भी लोग इस तरह के आयोजन में भाग लेंगे। बड़े शहरों में 20000 से 25000 लोग भाग लेते हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में जमशेदपुर में भी 20000 से 25000 लोग भाग लेंगे । वही रुचि नरेंद्रन ने कहा कि जिस तरह का दौड़ हर साल टाटा स्टील आयोजित करती है। जिसमें जो बहुत फिट है उनके लिए 10 किलोमीटर 5 किलोमीटर 7 किलोमीटर का आयोजन करती है। इस बार 2 किलोमीटर की दौड़ सबके लिए है।

इसमें बहुत सारी महिलाएं भाग ले रही है । इससे हम देखते हैं कि सारे लोगों का फिटनेस बढ़ता जा रहा है। साल भर लोग दौड़ का अभ्यास करते हैं। पहली बार दौड़ का आयोजन जेआरडी के अंदर से हम लोग कर रहे हैं ।

वही टाटा स्टील खेल विभाग के हेड आशीष कुमार बताते हैं कि टाटा स्टील का रन ए थान का सातवां एडिशन है। पिछले 2 साल के बाद जमशेदपुर में इसका आयोजन किया जा रहा है। इस दौड़ में जमशेदपुर से बाहर के लोगों ने भी भाग लिया है। इस बार विशेष रूप से 2 किलोमीटर की दौड़ 12 साल से लेकर बड़े बुजुर्गों के लिए भी रखा गया है, ताकि सब लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति ,फिटनेस के प्रति जागरूक हो ।इस तरह का आयोजन आगे भी करेंगे।

इस दौड़ के पहले लोगों को शारीरिक व्यायाम कराते हुए भी एक्सपर्ट देखे गए ताकि हल्का सा व्यायाम हो जाए, साथ ही कई टिप्स भी दिए गए ताकि किसी भी प्रकार के परेशानी होने पर उन्हें क्या करना है, इसके अलावा दौड़ने वाले लोगों के उत्साह बढ़ाने के लिए रास्ते में एनसीसी के कैडेट और बैंड पार्टी भी तैयार थे ,जो बैंड बाजा बजा कर दौड़ने वाले प्रतिभागियों को का उत्साह बढ़ा रहे थे। 10 किलोमीटर 7 किलोमीटर 5 किलोमीटर के प्रतिभागियों को कप के साथ नकद पुरस्कार भी दिया गया।

# गिद्धौर में ड्रग एसोसिएशन के जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** रविवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में ड्रग एसोसिएशन के जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बिरजू प्रसाद केसरी ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने का निर्णय लेते हुवे प्रखंड स्तरीय ड्रग एसोसिएशन का गठन सर्वसम्मति से किया गया।गठित समिति में गिद्धौर के सुरेंद्र प्रसाद दांगी को अध्यक्ष, पत्थलगडा के नवीन कुमार को सचिव, नावाडीह के ओम प्रकाश कुमार को कोषाध्यक्ष, शशि भूषण शर्मा को संगठन सचिव, सोहन कुमार को सह कोषाध्यक्ष, कौशलेंद्र कुमार को सह सचिव बनाया गया। जबकि प्रमोद कुमार को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में डा. अनुराधा कुमारी, कमलेश कुमार दांगी, उपेंद्र वर्मा, अनिल कुमार, राजेश कुमार, संजय साव, कैलाश दांगी सहित गिद्धौर व पत्थलगडा प्रखंड के ड्रग व्यवसाई शामिल थे।



बैठक में शामिल एसोसिएशन के सदस्य

### घुरूआ में आग लगने से घर जलकर खाक

**कांडी।** थाना क्षेत्र के राणाडीह पंचायत अंतर्गत घुरुआ गांव निवासी अर्जुन राम का फूस का झोपड़ी में सोनपुरवा गांव के कुछ बच्चे खेल खेल में आग लगा दिए। आग लगने से पूरा झोपड़ी जल कर राख हो गया। घटना रविवार दोपहर एक बजे की है। इस अगलगी में लगभग 30 हजार की सामान जल कर राख हो गया।सभी तीन चार लोग अपनी मवेशी चराने गए थे।घटना के समय घर पर कोई नही था। अर्जुन राम बाहर काम करते हैं। उनकी पत्नी रिंकी देवी अपने लड़के से मिलने गढ़वा जा रही थीं। सूचना मिलने पर मझिआंव से वापस लौट गयीं। इस घटना में झोपड़ी में रखे 10 क्विंटल पशु चारा ,लकड़ी बांस ,जलावन ,कपड़ा सहित अन्य सामान जल गया। अगलगी में एक गाय का बछड़ा भी आग से झुलस गया। गांव के ग्रामीणों ने आधा किलोमीटर दूर से पानी लाकर आग को बुझा सके।

# पोटका में जनता दरबार का आयोजन आज, सांसद व विधायक होंगे शामिल

- ग्रामीण जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने जनता दरबार का उद्देश्य
- योजनाओं से संबंधित आवेदनों का होगा निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखण्ड के प्रखण्ड परिसर में आज जनता दरबार आयोजित किया गया है जिसमें सांसद, जमशेदपुर लोकसभा, माननीय विधायक, पोटका विधानसभा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला उपायुक्त द्वारा जारी आदेश में प्रखण्ड/अंचल स्तरीय विभागीय कर्मचारियों को पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक जनता दरबार में उपस्थित रह कर प्राप्त आवेदन / जन शिकायतों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है । साथ ही जिले के सभी पदाधिकारियों को भी आयोजित ₹जनता दरबार₹ में निश्चित रूप से भाग लेने का निदेश दिया गया है।

जनता दरबार का उद्देश्य ग्रामीण जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने एवं सरकार द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी/जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक सुयोग्य लाभुकों तक पहुंचाना है जिसमें स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा, आंगनबाड़ी, मतदाता सूची का अद्यतन, राशन, विभिन्न पेंशन, विभिन्न आवास, बैंक ऋण, के०सी०सी० पी०एम० किसान योजना, भूमि संबंधी वाद, म्यूटेशन वाद, मनरेगा, जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, बैंक संबंधी, बिजली, पेयजल, मुकदमा संबंधी, यू0आई0डी0, श्रम, कौशल विकास, नियोजनालय, कल्याण, कृषि संबंधी, जे०एस०एल०पी०एस० से संबंधित, मत्स्य आदि योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन किया जायेगा।

# डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर, मरीज भगवान भरोसे

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय रेफरल अस्पताल के कंधे पर 15 पंचायत के लोगों की इलाज की जिम्मेवारी है। प्रखंड मुख्यालय में लगभग 9600000 लाख लोगों की आबादी है। रेफरल अस्पताल के अंतर्गत 2 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है एवं 8 को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर वह 23 स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर में एक फिजीशियन एक सर्जन एक शिशु रोग विशेषज्ञ एक दंत रोग विशेषज्ञ एक आंख के स्पेशलिस्ट एक महिला रोग विशेषज्ञ के कुल 7 पद स्वीकृत है, लेकिन वर्तमान समय में रेफरल अस्पताल में मात्र दो एमबीबीएस चिकित्सक कार्यरत है। जिसमें महिला रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सक डॉक्टर इंदिरा कुजूर अनुबंध पर है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार हैं जिनके जीमे में पूरा अस्पताल है जिसमे व मरीज को देखे या विभागीय काम करें उनकी मजबूरी है। चिकित्सकों के कमी के कारण प्रखंड वासियों को इलाज कराना काफी मुश्किल होता है खासकर रात्रि के समय में।रेफरल अस्पताल नेशनल हाईवे के किनारे रहने के कारण नेशनल हाईवे में हमेशा दुर्घटना घटित होती रहती है। जिससे आमजन व मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रखंड क्षेत्र की बात करें तो जनसंख्या 96000 से अधिक है। कई साल पहले स्वास्थ्य सेवा पुरानी बिल्डिंग में चलता था सरकार के द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद शासन के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत बना अस्पताल नये भवन बनने के शिफ्ट हुआ। रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर में सुविधा के नाम पर सिर्फ ओपीडी सेवा एवं नॉर्मल डिलीवरी की सुविधा मिलती है। अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में डॉक्टर की कमी है जिससे यहां के जनप्रतिनिधि कोई लेना देना नहीं।




### प्रवासी मजदूर की मौत, शव पहुंचते ही घर में मचा कोहराम

**कांडी।** पलायन की बलि वेदी पर प्रखंड के एक और युवक की मौत हो गयी। रविवार की सुबह आठ बजे जैसे हीं मृतक का शव लेकर एम्बुलेंस घर पर कोरगांई पहुंचा घर व गांव में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र अंतर्गत खरौंधा पंचायत के कोरगाईं गांव निवासी हरिद्वार मेहता की मौत 18 नवम्बर को इलाज के दौरान चेन्नई के नेल्लौर स्थित एक हॉस्पिटल में हो गई थी। मृतक हरिद्वार नेल्लौर स्थित टाटा हरिद्वार घर से 11 नवम्बर को नेल्लौर गया था। घर से जाने के बाद वह चार दिन काम किए थे। 17 नवम्बर की रात 11 बजे वह घर पर लोगों से बात किये थे। वह 17 नवम्बर को रात्रि में उसकी तबियत खराब हुई इलाज के लिए किम्स नामक अस्पताल में भर्ती किया गया लेकिन हरिद्वार को बचाया नही जा सका। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है।

## मृतका की मां चरकी देवी ने अपने दामाद के ऊपर बेटी से मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया

# गर्भवती महिला ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के बड़काकुरा बरटोली निवासी मख्यार गिरोह के पूर्व सरगना दिनेश खेरवार उर्फ राजा खेरवार की पत्नी 22 वषीर्या सुशीला तिर्की ने उलगाडा. गांव के अपने नए खटाल नुमा घर में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। वहीं सुशीला की मां लेटे निवासी चरकी देवी ने लापुंग पुलिस के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बेटी के साथ उसका दामाद दिनेश खैरवार मारपीट करता था और हमेशा प्रताड़ित करता था। उसने आशंका जताई है कि कहीं उन्होंने ही तो मारपीट कर उसे फांसी पर लटका दिया। चरकी देवी ने लापुंग थाना में उसकी बेटी सुशीला तिर्की के साथ मारपीट और प्रताड़ना सहित दहेज के लिए पैसे की मांग करने का आरोप लगाते हुए मामला



दर्ज कराया। उधर लापुंग पुलिस सूत्रों के अनुसार आत्महत्या की घटना शनिवार की सुबह की है लेकिन उसके पति दिनेश खेरवार और उसके परिवार वालों ने शनिवार की शाम तक लापुंग पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर चोरी चुपके उसका अंतिम संस्कार करने की तैयारी में जुटे थे। तभी रात 9:00 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली । गुप्त सूचना के आलोक में लापुंग के थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार पूर्ति और सुशील कुमार मरांडी उलगाडा. पहुंचे और मृतका सुशीला कुमारी के शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच की शुरू की। शनिवार की रात लगभग 11: 00 बजे शव को लापुंग पुलिस थाना ले आई। घटना की सूचना मृतका के परिवार वालों को रविवार को दी गई। बेटी सुशीला तिर्की की मौत की सूचना मिलने पर पूरा परिवार स्तब्ध रह गया।

### ससुराल में ही मारपीट करता था दिनेश

मां चरकी देवी ने बताया कि पिछले शुक्रवार को दो माह की गर्भवती सुशीला तिर्की अपने 2 साल के बेटे को लेकर मायके आई थी। इसी बीच दिनेश ने आकर अपने ससुराल में ही अपनी पत्नी के साथ मारपीट किया था। पिछले गुरुवार को दिनेश और उसके पिता राजकिशोर खेरवार ने अपनी गाड़ी ला कर जबरन सुशीला तिर्की को उठाकर उलगाडा.ले गए। सुशीला तिर्की की मौत से उनके पिता ग्राम प्रधान सुकरा मुंडा, बहने चेम्बो, झरियो, सुको, छोटी, तथा विमला का रो रोकर हाल बेहाल है। परिवार वालों ने बताया कि फांसी का फंदा लगने पर मृतक का जीभ बाहर आ जाता है लेकिन सुशीला के शव में ऐसे कोई चिन्ह नहीं मिले हैं। उसकी मौत की पूरी जांच होनी चाहिए। रविवार की शाम पुलिस के संरक्षण में पोस्टमार्टम के बाद सुशीला का अंतिम संस्कार किया गया। मख्यार गिरोह के कथित आरोपी पति दिनेश खेरवार के संदर्भ में जांच पदाधिकारी मनीष कुमार पूर्ति ने बताया कि जेल से बाहर आने के बाद दिनेश खेरवार उलगाडा.में खेती बाड़ी कर रहा था । फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रांची जिला जदयू के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हरे कृष्ण

नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** रांची जिला जनता दल यूनाईटेड का रविवार को बर्ष 2022-25 का सांगठनिक चुनाव संजय सिन्हा के आवासीय कार्यालय बिरसा चौक हिनु रांची में सम्पन्न हुआ । जिसमें हरे कृष्ण महतो निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। तत्पश्चात पार्टी द्वारा नियुक्त निर्वाचन पदाधिकारी मधुसूदन महतो एवं पर्यवेक्षक जगदीश महतो ने अध्यक्ष की घोषणा कर संयुक्त रूप से निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया। अध्यक्ष बनने पर श्री महतो ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह , झारखंड प्रदेश जदयू के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद माननीय खीरू महतो एवं रांची जिले के सभी नेताओं, कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश जदयू के



महासचिव सह मिडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह, लालचन महतो झारखंड प्रदेश महासचिव, प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, श्री रामजी प्रसाद प्रदेश कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी, संजय सिन्हा, बबलू जी, मनोज कुमार महतो कांके प्रखण्ड अध्यक्ष, संदीप महतो कांके प्रखण्ड सचिव , चन्द्र शेखर भगत, शब्बर फातमी, सुरेन्द्र मांझी, रानी कुमारी, राधिका कुमारी, मोनिका कुमारी समेत अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### धोबियाडीह कांड के अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी, भेजा जेल



**बरही।** धोबियाडीह लूट कांड के अप्राथमिक अभियुक्त मुद्रिका चौधरी उर्फ टिटहरी (37 वर्ष) पिता प्रसादी चौधरी की गिरफ्तारी बिहार के गया जिलांतरागर्त डोभी के पास की गई है। प्रेस बयान के माध्यम से पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने जानकारी दिया। दिए जानकारी के अनुसार अभियुक्त साकिन कोनिया (धरमपुर) थाना डोभी जिला हजारीबाग का रहनेवाला है। जिस पर अगस्त 2015 में पंचमाधव पंचायत के धोबियाडीह में डकैती व लुटकांड का आरोप है। जो बरही कांड संख्या 224/15 के अप्राथमिका अभियुक्त है। जिनपर धारा 395, 397 और 412 के तहत मामला दर्ज है। अभियुक्त की गिरफ्तारी में पुअनि विकास कुमार और थाना के सशस्त्र बल ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिसे रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### उप मुखिया ने जरुरतमंद लोगों को बीच किया कंबल का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी उपमुखिया शबाना प्रवीण ने जरुरतमंद लोगों के बीच अपनी निजी खर्च से कंबल का वितरण किया। मौके पर दर्जनों असहायों को कंबल वितरण करते हुए उपमुखिया ने कहा कि क्षेत्र में दिनों दिन ठंड बढ़ती जा रही है। ऐसे में कोई गरीब असहाय ठंड से प्रभावित नहीं हो। उन्होंने लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल का उपयोग करने की बात कही। मौके पर पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष जीवन यादव, उपमुखिया प्रतिनिधि रहमत अंसारी,कलाम अंसारी, मकसूद अंसारी, जहुर मियां, बासुदेव सिंह,जसीम अंसारी, बंशी रविदास, महबूब अंसारी, शहबाज अंसारी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### शोकाकुल परिजनों से मिले पूर्व विधायक, बंधाया ढांढस



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बरकट्ठा डीह निवासी शिक्षक उमेश राम चंद्रवंशी की माता बालेश्वरी देवी एवं झुरझुरी पंचायत के पंसस मंजू देवी की चाची सास का आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। साथ ही शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, महेश मंडल, संजय कुमार, शंभु यादव,समाजसेवी धनेश्वर यादव, सुरेश राम, महेश राम, मनोज राम, संदीप कुमार, रुस्तमम खान, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भीम प्रसाद, रामेश्वर महतो, राजकुमार प्रसाद, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण व वनों की कटाई को लेकर बैठक



**बरही।** वन संरक्षण एवं पर्यावरण को लेकर रानिचुआं पंचायत के जीतपुर गांव मे ग्रामीणों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वन अध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने किया। उपस्थित लोगों को वनों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाने की बात कही गई। साथ ही लोगों को वनों की कटाई से होने वाले हानियों को भी बताया गया। उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वनों की कटाई नहीं की जाएगी एवं ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के लिए विभाग को सूचित किया जाएगा। बैठक में राजदेव यादव, संतोष यादव, रामकुमार यादव, रामजी यादव, बैजू सिंह, विजय यादव, बिरेन्द्र सिंह, बदरी सिंह, लाखो यादव, अजय सिंह आदि सहित करीब दो सौ ग्रामीण उपस्थित थे।

### विहिप बजरंग दल के तत्वावधान में चलाया हितचिंतक सदस्यता अभियान

**बरकट्ठा।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड इकाई बरकट्ठा के तत्वाधान में पूरे प्रखंड में हितचिंतक सदस्यता अभियान चलाया गया। प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि प्रत्येक तीन वर्षों में संगठन के द्वारा पूरे भारत में हितचिंतक सदस्य बनाया जाता है। रविवार को बरकट्ठा में प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी, बेलकपी मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय समेत सैकड़ों ग्रामीणों को सपरिवार हितचिंतक सदस्य बनाया गया। प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में इस अभियान को गति देने में जुड़े हुए हैं। बरकट्ठा उत्तरी पंचयात अंतर्गत महाभियान में प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव,मंत्री सत्यम भारती, मन्टू पांडेय, संयोजक दीपक राणा, प्रचार-प्रसार प्रमुख धीरज गुप्ता,उत्तरी पंचयात अध्यक्ष सुजीत कुमार, सुमन कुमार, सुजल कुमार समेत आदि पदाधिकारी शामिल थे।

### मुनि श्री विशल्यसागर जी का चातुर्मास संपन्न के साथ हुआ पिच्छी परिवर्तन

# यह पिच्छी परिवर्तन नहीं हृदय का परिवर्तन है : जैन मुनि

नवीन मेल संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** श्रमण मुनि श्री विशल्यसागर जी गुरुदेव सघंघ का चातुर्मास सम्पन के साथ रविवार को पिच्छी परिवर्तन हुआ। रविवार को नया मंदिर से कार्यक्रम स्थल पर पिच्छी को जुलूस के साथ बाहर से आये भक्तों ने कर अपनी उपस्थिति दर्ज की एवं कलश वितरण का कार्य भी गुरुदेव के मंगल आशीर्वाद के साथ सम्पन्न हुआ। इसी बीच गुरुदेव का मंगल उद्बोधन सुनने का अवसर भी भक्तों को प्राप्त हुआ। जैन मुनि ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पिच्छी परिवर्तन नहीं हृदय का परिवर्तन है। यह पिच्छी कोई शोभा की वस्तु नहीं यह तो एक साधना का उपकरण है। निर्ग्रंथ चर्या का परम उपकरण है बिना पिच्छी के साधु सात कदम से आगे नहीं जा सकते। यदि पिच्छी नहीं हो तो कोई नमोस्तु भी नहीं करेगा। पिच्छी के बिना समिति का पालन नहीं हो सकता। संयम का आधार, अहिंसा का प्रतीक है पिच्छी




एक साल में परिवर्तन जरूरी है क्योंकि पिच्छी की एक साल में मृदुता नष्ट होने लगती है। इसलिए अहिंसा के पालन में बाधक होती है इसलिए पिच्छी बदल जरूरी रहती है पिच्छी के विशेष पाँच गुण होते है। मृदुता, लघुता, सुकुमता, अराजकता और पसीना को ग्रहण नही करती। यह पिच्छी मोर के पंखो से प्राप्त होती है यह भी अहिंक होती है क्योंकि जब मोर के नए पंख आने लगते है तो वह मोर पुराने पंखों को छोड़ देती है और उसे उठाकर पिच्छी बना लेते है। यह पिच्छी इतनी कोमल होती है कि यदि पंख आँख में भी चला जाएँ तो इससे कोई हानि नहीं होती। मुनि विशल्यसागर जी महाराज की पुरानी पिच्छी ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ सुरेन्द्र जी जैन काला एवं विनिशोध सागर जी महाराज की पुरानी पिच्छी ग्रहण करने का सौभाग्य ललित जी जैन सेठी जी को प्राप्त हुआ। ऐलक तत्त्वार्थ सागर जी महाराज की पुरानी पिच्छी ग्रहण करने का सौभाग्य मनोज जी जैन गंगवाल को प्राप्त हुई तथा क्षुल्लिका विसाम्य श्री माता जी की पुरानी पिच्छी ग्रहण करने का सौभाग्य रूपेश जी जैन छाबड़ा को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर समाज के मंत्री ललित सेठी, सह मंत्री राज छबड़ा, मार्ग निर्देशक सुरेश झांझरी, सुशील छाबड़ा, प्रदीप छाबडा, जय कुमार गंगवाल, मनीष सेठी, मीडिया प्रभारी नवीन जैन, राजकुमार अजमेरा, दिलीप बाकलीवाल, बिकास पाटोदी, ऋषभ सेठी, महिला संगठन की अध्यक्ष नीलम सेठी, मंत्राणी आशा गंगवाल, मंच संचालन सुबोध गंगवाल, गया से आई सुगन्धा जैन, स्थानीय पंडित अभिषेक जैन, साथ ही पूरे समाज के लोग इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

## प्रखंड मुख्यालय में बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्धघाटन मुख्य अतिथि जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष जवाहर लाल सिन्हा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जबकि बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो केंद्रीय सदस्य सह बीस सूत्री सदस्य बासुदेव महतो और संचालन कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि संतोष कुमार देव ने किया। इस अवसर पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष जवाहर लाल सिन्हा ने कहा कि प्रखंड के सभी जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया जाएगा। प्रखंड में बीस सूत्री कार्यालय खोलने से झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी सभी को आसानी से मिल पाएगी। कार्यक्रम अतिथि कांग्रेस नेता दिगंबर प्रसाद मेहता, डॉ आर सी मेहता, बिनोद सिंह, रिजवी साहब, प्रदेश प्रतिनिधि संतोष कुमार देव, चलकुशा बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष मणिलाल चौधरी, झामुमो वरिष्ठ नेता सह बीस सूत्री सदस्य बासुदेव महतो, राजाराम मांझी, झामुमो जिला संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता, जिला सदस्य धीरेंद्र पांडेय, प्रखंड उपाध्यक्ष महेश मांझी, प्रखंड मीडिया प्रभारी चन्द्रदीप पांडेय, सह सचिव निजाम अंसारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष असमत अंसारी, मुखिया निजाम अंसारी, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो, शिक्षक राम सेवक प्रसाद, भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि केदार साव, दुर्गा चौधरी, नरेंद्र सिंह, संजय कुमार साव, राजकुमार गिरी, ललन यादव, लालमणि मांझी, शमीम अंसारी, शेर मोहम्मद, सुनील चौधरी, मनोहर चौधरी, लखन महतो, खलील अंसारी, इसराफिल आलम, प्रमोद दास, मौलबी रमजान समेत अन्य सैकड़ों गणमान्य जनप्रतिनिधि लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के अधिकारियों का प्रखंड दौरा

## यू डैस प्राप्त विद्यालय के विद्यार्थियों को भी नवोदय आदि परीक्षा के लिए भी मिले अनुमति : संघ

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** संगठन की मजबूती एवं क्रियाकलापों की जानकारी को लेकर झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के जिलाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को बरही प्रखंड का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अध्यक्ष विनोद भगत, उपाध्यक्ष छोटे लाल साहू और संगठन मंत्री मधुसुधन मेहता शामिल थे। जानकारी देते हुए सचिव नितेश कुमार ने बताया कि बैठक में सांगठनिक विकास और मजबूती के साथ आगामी आठवीं बोर्ड की परीक्षाओं से संबंधित चर्चाएं हुईं। साथ ही सरकार से अभी यू डैस प्राप्त निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी सैनिक स्कूल, नवोदय, नेतरहाट, इंदिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय इत्यादि में नामांकन हेतु



फार्म भरने की अनुमति देने की मांग की गई। इसके साथ ही जिन स्थानों पर पहले से उच्च विद्यालय है, वहां 3 किलोमीटर के रेंज में पुनः कोई दूसरा विद्यालय को हाई स्कूल में अपग्रेड नही करने की सरकार से मांग की गई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश यादव और संचालन प्रखंड सचिव ने किया. मौके पर उप सचिव दिनेश यादव, उपाध्यक्ष सुनील कुमार दत्ता, कोषाध्यक्ष बासुदेव साव, सुधीर चंद्रा, कमलेश यादव, विजय यादव शंकर, अनुज प्रजापति, राजेश केसरी आदि उपस्थित थे।

## एक करोड़ 49 लाख 68 हजार की प्राक्कलित राशि से दिगवार व पोचरा में बना पीसीसी पथ व पेवर्स ब्लॉक रोड

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के पोचरा में नगर परिषद रामगढ़ द्वारा लगभग 21 लाख की लागत से पोचरा एफसीआई गोदाम से केशरी यादव के घर तक

■ मांडू विधायक,नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया गया उद्घाटन

पीसीसी पथ, 08 लाख की लागत से अर्जुन यादव के घर से हितू यादव के घर तक पेवर्स ब्लॉक रोड, 5 लाख 49 हजार की लागत से यादव मोहल्ला में पेवर्स ब्लॉक रोड, 02 लाख की लागत से रामदास यादव के घर से प्रसादी यादव के घर तक, 73 लाख की लागत से तालाब का सुंदरीकरण, 05 लाख की लागत से दिगवार रोड से मो गुलजार के घर तक पीसीसी पथ, 5 लाख 50 हजार की लागत से पुराना रोड से कब्रिस्तान



तक पीसीसी पथ,2 लाख 20 की लागत से सुबोध गिरी के घर से हरीशंकर गिरी के घर तक पेवर्स ब्लॉक रोड,15 लाख की लागत से पारगढा में नाली निर्माण,10 लाख की लागत से पन्नू महतो के घर से दिग्वार हाई स्कूल तक पीसीसी पथ, 2लाख 49 हजार की लागत से आरोग्यम सेवा केंद्र से विनोद महतो के घर तक पेवर्स ब्लॉक रोड का उद्घाटन संयुक्त रूप से मांडू विधायक जेपी पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा विधिवत रूप से नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर उन्होंने बताया कि दिगवार एवं पोचरा के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहेगा पूरा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। मौके पर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, हेमनी देवी, कुलदीप कुशवाहा, पवन यादव, जयकिशोर यादव, डिया महतो, दिगम्बर गिरी, अनुपम गिरी, नीतीश प्रजापति, अजित यादव, कुमार यादव, रवि यादव, अमरनाथ यादव, संतोष यादव, राजेन्द्र कुशवाहा, अशोक यादव, संजय यादव, जानकी यादव, रामदास यादव, गणेश यादव, रामरतन यादव, शंकर यादव, जितेंद्र यादव, पिंटू यादव, पप्पू यादव, विकास यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### ढिबरा लदे आठ वाहन जब्त, चालक फरार



**कोडरमा।** जिले में माईका स्क्रैप यानी ढिबरा के कारोबार पर रोक लगाने के लिए शनिवार रात आठ बड़े वाहनों को जब्त किया गया, जिसपर 10 लाख से अधिक का ढिबरा लदा था। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी। कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकाई के समीप थाना प्रभारी इंदु भूषण के नेतृत्व में लोकाई के समीप ढिबरा लदे आठ 709 वाहन जब्त किया गया। गाड़ी में लदे ढिबरा का वजन लगभग 50 टन है, वहीं इसकी कीमत लगभग दस लाख बतायी जा रही है।

## खेले झारखंड 2022-23 में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गोला की छात्राओं ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गोला की फिजिकल टीचर (वार्डेन) पुष्पा कुमारी ने बताया कि खेलो झारखंड 2022-23 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गोला की छात्राओं का प्रखंड स्तर पर प्रतियोगिता राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय गोला में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बच्चियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्यतः जूनियर क्लास (06$08) में मंजू कुमारी 100 मीटर दौड़ में प्रथम, प्रतिमा कुमारी गोला फेंक में प्रथम, सुप्रिया कुमारी चक्का फेंक में प्रथम एवं सीनियर क्लास (09$12) में ऊषा कुमारी, निशा कुमारी, सबिता कुमारी और अंजली कुमारी कराटे में प्रथम, सुषमा कुमारी जैबलिन में प्रथम स्थान प्रदान प्राप्त किया। सभी अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का सेलेक्शन प्रखंड स्तर से अब जिला स्तर पर किया गया है। जो प्रतिभागी सेकेंड और थर्ड किये है, उनका जिला स्तर पर सेलेक्शन नही होता है। बच्चियों की सफलता का श्रेय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गोला की सभी शिक्षिकाओं को जाता है। सभी की मेहनत, परिश्रम और लगन का फल है कि बच्चियों ने इतना बेहतर प्रदर्शन किया। फिजिकल टीचर पुष्पा कुमारी ने कहा कि सभी बच्चियों को और मेहनत करने की जरूरत है। कहा कि यदि वह मेहनत जारी रखेंगी तो आनेवाले प्रतियोगिताओं में भी उन्हें सफलता मिलती रहेगी।

### पूर्व विधायक जानकी प्रसाद ने एके कलेक्शन वस्त्रालय का किया गया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी मोड स्थित ए के कलेक्शन वस्त्रालय दुकान का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो, कोनहारा खुर्द मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि घंघरी मोड़ में परिधान हेतु ए के कलेक्शन दुकान खुलने से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। ग्राहकों को दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं ए के कलेक्शन के मालिक कुलदीप प्रसाद ने कहा ग्राहकों के लिए उचित मूल्य पर सभी कलेक्शन कंपनियों का कपड़े उपलब्ध है। दुकान में मेंस वियर, गर्ल्स वियर एवं किड्स वियर के परिधान उपलब्ध हैं। इस मौके पर जानकी प्रसाद यादव,उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो, मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र शर्मा, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार, राजकुमार चौधरी, डिल्लू गुप्ता, सिकंदर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, अजय प्रसाद, राजेश कुमार, सूरज कुमार, समाजसेवी मनोज कुमार सिंह समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### 39 लाख 50 हजार की लागत से नगर परिषद क्षेत्र के कैथा में पीसीसी पथ व कोठार में पीसीसी पथ व सामुदायिक भवन का होगा निर्माण

# पथ का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद आसपास के लोगों को आने जाने में होगी सहुलियत : मनोज कुमार महतो

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के कैथा में लगभग 08 लाख की लागत से संत अन्ना रोड से महावीर महतो के जमीन तक, 4 लाख 50 हजार की लागत से देवलाल महतो के घर से संजय पांडेय के घर तक बनने वाले पीसीसी पथ एवं वार्ड नं 29 कोठार में 10 लाख की लागत से झरना मोड़ से रेलवे लाइन तक पीसीसी पथ, 17 लाख की लागत से बनने वाले समुदायिक भवन का भूमि पूजन संयुक्त रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा विधिवत रूप से नारियल



फोड़ कर किया। मौके पर उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने कहा कि उक्त सड़क के बन जाने से आसपास के लोगों को काफी सहूलियत होगी और आनेजाने में समय की भी बचत होगी। श्री महतो ने बताया कि सामुदायिक भवन जर्जर होने से लोगों को भवन के अंदर बैठक करने में हमेशा डर लगा रहता था। लोगों की मांग पर नया सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद देवधारी महतो, जयंती देवी, जीतू महतो, सुरेश महतो, राजेन्द्र महतो, डिया महतो, कैलाश महतो, भोगनाथ पहान, दशरथ चौधरी, नरेश महतो, रूपलाल महतो, बलदेव महतो, महेश निगम, कल्लू राम, डोमन महतो, टिकेंद्र महतो, बाबूलाल महतो, महामुकुल महतो सहित अन्य मौजूद थे।

### कई महीनों से फरार अभियुक्त को जेल भेजा



**मरकच्चो।** मरकच्चो पुलिस ने कई महीनों से फरार चल रहे अभियुक्त ऐनुल अंसारी (उम्र 28 वर्ष, पिता अबुल अंसारी, ग्राम कजरो बेंगाबाद, जिला गिरिडीह) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए मरकच्चो थाना प्रभारी सुमित कुमार साव ने बताया कि अभियुक्त पर तार चोरी करने का मामला था जो मरकच्चो थाना में कांड संख्या 62/22 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि इस चोरी में संलिप्त अन्य लोगो को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

### विहिप ने जनजाति आदिवासी गौरव सप्ताह के तहत वितरित किया वस्त्र



**बरही।** विश्व हिंदू परिषद बरही इकाई के द्वारा रविवार को रानीचुआं पंचायत के कुटमा गांव में जनजाति परिवार के बीच वस्त्र वितरण किया गया। जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार ने बताया कि झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के द्वारा सेवा ही उपक्रम के तहत साप्ताहिक जनजाति आदिवासी गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जो बीते 15 नवंबर से आगामी 22 नवंबर तक चलेगा। इसी क्रम में रविवार को प्राथमिक विद्यालय कुटमा के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीताराम हासदा को शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद केशरी व उनकी पत्नीक अनिता केशरी ने ऊनी शॉल ओढा कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में धनी मुर्मू, राम किशुन हासदा आदि सहित लगभग 200 लोगो के बीच 700 नए पुराने वस्त्र वितरित किए गए। उक्त कार्यक्रम में डां कृष्ण केशरी, त्रिवेणी साव,गोविंद राम, राजकिशोर गुप्ता, सुभाष कुमार धमना शाखा से नितेश कुमार, अरविन्द कुमार, लौकेश कु०गुप्ता, जयंत कुमार साव, संतोष प्रजापति करियातापुर, प्रदीप कुश्वाहा बारसोत उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### बोलबा प्रखंड के दनगद्दी में शिवधाम सेवा समिति की हुई बैठक



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल दनगद्दी में रविवार को शिवधाम सेवा समिति की बैठक हुई इस मौके पर समिति सदस्यों ने बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि नववर्ष के मौके पर सैलानियों के आवागमन एवं सुरक्षा में किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें पर्यटक स्थल की साफ-सफाई पहली प्राथमिकता होगी साथ ही प्लास्टिक एवं डिस्पोजल थाली एवं गिलास का उपयोग वर्जित रखा जायेगा। वही समिति द्वारा पत्तल एवं दोना उपलब्ध कराया जायेगा। बताया गया कि समिति के सदस्यों द्वारा लोगों को लोगो को यहां के हरेक चीजो के बारे बताया जायेगा एवं गहरे पानी में जाने से मना भी करेगा। समिति द्वारा दनगद्दी में बन रहे शिव मन्दिर जीर्णोद्धार का काम को गति देते हुए यथाशीघ्र ढलाई करने कर चर्चा किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं से स्वेच्छा सहयोग करने की अपील किया गया है बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष दशरथ सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव चंददेव सेनापति ने किया। इस मौके पर मालवाड़ा पंचायत के मुखिया विनोद बडाईक, समसेरा पंचायत मुखिया सुरजन बडाईक, सचिव चन्द्रदेव सेनापति, कोषाध्यक्ष सेवक प्रधान, उपाध्यक्ष सोमरू सिंह, उपसचिव हीरालाल प्रधान, रामशुभग प्रधान,दिलीप कुमार राम के अलावे समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

### सहभागी कंप्यूटर ने जिले में प्रारंभ हुई ओपन टेस्ट सीरीज



**सिमडेगा।** जिले के विद्यार्थियों के लिए सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन की ओर से रविवार को प्रतियोगी टेस्ट सीरीज प्रारंभ की गई। टेस्ट सीरीज के माध्यम से बैंक , एसएससी, रेलवे, ग्रुप डी, जेएसएससी जैसे परीक्षाओं की टेस्ट ली जाएंगी। रविवार को हुए टेस्ट परीक्षा में जिले के लगभग चार सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और परीक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थी अभिषेक केशरी, अभिषेक बा, नागरैन बड़ा, सुरभि कुमारी, मुकेश महतो, अनूप सोरेंग। संस्थान के संचालक ने जानकारी देते हुए कहा कि ओपन टेस्ट सीरीज हर पंद्रह दिन में आयोजित की जाएंगी ताकि सरकारी नौकरी की चाह रखने वाले विद्यार्थियों को टेस्ट के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ हो और परीक्षा को ले कर उनकी तैयारी और बेहतर हो सके।

### जिंदल स्टील प्लांट में सिक्योरिटी गार्ड के लिए रोजगार कैंप 22 को

**सिमडेगा।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना अंतर्गत जिंदल स्टील प्लांट हेतु सिक्योरिटी गार्ड के लिए रोजगार कैंप आयोजन किया जा रहा है। बताया गया कि नगर भवन सिमडेगा में 22 नवम्बर 2022 को समय 10 .30 बजे से रोजगार कैंप का आयोजन रखा गया है। योग्यता में उम्र 22- 40 के बीच होनी चाहिए साथ ही शिक्षा 10 वीं पास एवं ऊंचाई-5'6" है। चयन साक्षरता के माध्यम से किया जाएगा। जानकारी दिया गया कि चयनित व्यक्ति को वेतन 16000/- दिया जाएगा। आवश्यक कागजात के रूप में आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, पासपोर्ट फोटो एवं आचरण प्रमाण पत्र को साथ में आने के लिए कहा गया। यह जानकारी स्वीप परियोजना के बीपीओ संतोष कुमार वर्मा ने जानकारी दी।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा लोहा पुल के समीप रविवार को सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरोज जोजो उम्र 30 वर्ष पिता सुलेमान जोजो बीरू सरईपानी निवासी अपने घर से टूटिकेल अपने रिश्तेदार के घर कुछ सामान पहुंचाने जा रहा था। इसी क्रम में कोलेबिरा लोहा पुल के समीप निरोज अपने मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो दिया एवं दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसे आसपास के ग्रामीणों के द्वारा कोलेबिरा अस्पताल पहुंचाया गया। इस दुर्घटना में निरोज जोजो को सिर, चेहरा एवं कंधों में काफी चोटें आई हैं। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा में किया गया।

### पांच हजार रुपये से ज्यादा बकाया बिजली बिल तो कटेगी बिजली

**सिमडेगा।** पांच हजार रुपये से ज्यादा बकाया बिजली बिल होने पर बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। सभी उपभोक्ता समय पर बिजली बिल अदा करें। विभाग के एई विनोद कुमार प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। एई ने कहा कि कई उपभोक्ता का बिजली बिल बकाया है। लेकिन उपभोक्ता बकाया बिजली बिल को जमा करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है। उन्होने बताया कि विभाग के द्वारा बिजली बिल वसूली अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में पांच हजार रुपए से ज्यादा बकाया बिजली बिल होने पर लाईन काट दिया जाएगा। इसके अलावे वैसे उपभोक्ता जिनका मीटर महीनों से खराब पड़ा है और उनका औसत बिल आ रहा है। वैसे उपभोक्ताओं को भी आवेदन देकर मीटर लगवाने का निर्देश दिया गया है। उन्होने कहा कि जांच के क्रम में मीटर नहीं पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जेई रामनंदन राम भी उपस्थित थे।

### तूफान क्लब ने बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर की चर्चा



**सिमडेगा।** तूफान क्लब संस्था की एक अहम बैठक रविवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रखी गई। जिसमें तूफान क्लब के तमाम सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें अहम भूमिका पर चौक चौराहा पर ठंड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था, पर्यटक स्थलों पर स्वच्छता अभियान, कम्बल का वितरण, सड़क सुरक्षा, निशुल्क स्वास्थ्य कैंप आदि बिंदुओं पर काम किया जाएगा मुख्य रूप से कमेटी के सचिव राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष सूरज गोयल, उप सचिव करण सिंह, सदस्य तौर पर विकास राय शर्मा, शंकर राम, राहुल अग्रवाल, विवेक केसरी, अरुण कुमार अग्रवाल, जेम्स कांडुलना आदि उपस्थित थे।

# सिमडेगा में खीस्त राजा पर्व पर निकली शोभा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** रविवार को जिले के विभिन्न पल्ली, गिरजाघर में शोभायात्रा के साथ खीस्त राजा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर बेनेडिक्शन और पवित्र समारोही खीस्तयाग का आयोजन किया गया। संत अन्ना महागिरजाघर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संत अन्ना महागिरजाघर से शोभायात्रा के साथ किया गया। शोभायात्रा में परी वेश में सज्जित छोटी बालिकाओं के नेतृत्व में वीजी सह पल्ली पुरोहित फा इग्नासियुस टेटे सहित काफी संख्या में खीस्तीय मतावलंबी उपस्थित थे। शोभायात्रा में शामिल लोग खीस्त राजा की जय, खीस्त हमारे राजा हैं, हे खीस्त तेरा राज्य आवे आदि नारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा के स्वागत में जगह-जगह तोरण बनाया गया था। शोभायात्रा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में पहुंची। यहां धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। आराधना, भक्ति गीत, प्रार्थना, समक्ष मानव जाति के लिए विनती, स्तुति का आयोजन किया गया। पल्ली पुरोहित फा इग्नासियुस टेटे की अगुवाई में मिस्सा पूजा का भी आयोजन किया गया। मौके पर भक्ति गीत प्रस्तुतिकरण कोयल दल द्वारा प्रस्तुत किया गया। शोभा यात्रा में विधायक भूषण बाड़ा भी शामिल हुए थे।

**प्रभु खीस्त के बताए मार्ग का अनुशरण करें : वीजी**

मौके पर वीजी सह पल्ली पुरोहित ने कहा है कि प्रभु खीस्त सांसारिक नहीं वरन हमारे मुक्ति और ईश्वरीय राज्य स्थापना के लिए ही इस धरती में आए थे। उन्होंने जिस मानवीय आर्दश को इस धरती में प्रस्तुत किया। वह निश्चित रूप से उनके एक राजा होने का प्रतीक है। आज हम सब उन्हीं राजा के शांति, न्याय, प्रेम और सेवा के स्थापित राज्य के स्मृति में खीस्त राजा का पर्व मना रहे हैं। सभी को चाहिए कि वे प्रभु खीस्त के बताए मार्ग का अनुशरण करें और सच्चे खीस्तीय का आर्दश पेश करे। ईश्वर ने कहा है कि तुम संसार की ज्योति हो, इस ज्योति को अपने जीवन में सदैव जलने दें और सच्चे खीस्तीय का आर्दश प्रस्तुत करते हुए ईश्वरीय राज्य के स्थापना के सहभागी बनें।

## बानो के विभिन्न आरसी चर्च में धूमधाम के साथ मनाया खिस्त राजा पर्व



**बानो।** प्रखंड के विभिन्न आरसी चर्च में रविवार को धूमधाम से खीस्त राजा पर्व मनाया गया बताया गया कि आरसी चर्च जितुटोली, बांकी, आरसी मिशन चर्च सौबेड़ा में खीस्त राजा पर्व बहुत ही धुमधाम के साथ मनाया गया इस मौके पर मिस्सा पूजा समारोह को फादर बिमल जोजो के द्वारा सम्पन्न किया गया। मौके पर फादर बिमल जोजो ने कहा प्रभु यीशु मसीह हमारा राजा है येसु खीस्त सारी सृष्टि के राजा है येसु मसीह मनुष्य बन कर हमारे बीच आते और हम पापियों के लिए क्रुस पर मार डाला गया। इसलिए हम सभी खीस्त विश्वासी उन्हीं येसु मसीह की सेवा अपने मन आत्मा से करें। मौके पर फादर भितुस जीवन केरकेट्टा, मुखिया सुसाना जड़िया, सभापति सुशील कंडुलना, निर्मला होरो, डोमनिक किड़ो, कामिल डांग, मार्सेल भेंगरा, भिनसेन्ट कंडुलना अल्बिसिया भेंगरा आदि लोग उपस्थित थे। इधर जितुटोली आर सी चर्च में रविवार को धूमधाम से खिरिस्ट राजा पर्व मनाया गया। मिस्सा पूजा मुख्य अधिष्ठाता फादर बिजय टेटे, फादर जेवियर सोरेंग ने किया। फादर विमल ने अपने उपदेश में कहा मसीही अपने जीवन मे प्रभु ईसा मसीह के द्वारा दिये गये उपदेश को अपने जीवन मे आत्मसात करें।यीशु मसीह का जन्म मानव कल्याण के लिये हुई थी उन्हें काफी यातनाएं साहनी पड़ी प्रभु ईसा मसीह आज भी जीवित है। वे हमारे जीवन का मार्गदर्शन कर रहे हैं। पवित्र प्रार्थना, उपासना व बाइबल पाठ केसाथ क्रिसमस पर्व आरंभ हो गया मौके पर संत अन्ना कॉन्वेंट से संत जेवियर गिरजाघर तक जुलूस निकाला गया। जुलूस में जितुटोली पेरिस के 16 मण्डली के विश्वासी भाई-बहन, माता-पिता एवं मंडली के प्रचारक भाग लिया। जुलूस गिरजाघर पहुंच कर सामुहिक स्तुति गान किया गया।

## अवैध बालू परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त, अंचलाधिकारी ने किया थाना को सुपुर्द

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के इचरी टेंगरिया से अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को अंचलाधिकारी विजय कुमार ने किया जब्त ट्रैक्टर को सेन्हा पुलिस को सुपुर्द कर अग्रतर कारवाई में जुट गए। बताया जाता है कि अंचलाधिकारी अंचल क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। इसी दरमियान एक अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर वाहन में अंकित नहीं है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने जानकारी देते हुए कहा कि अंचलाधिकारी के आदेशानुसार खनन अधिनियम के तहत वाहन इंजिन नम्बर एवं चेचिस नम्बर के आधार पर चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बता दें कि जिला प्रशासन के निर्देश पर अगले आदेश तक अवैध बालू उठाव को लेकर सघन छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत जो भी दोषी पाया जाएगा उसपर खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जाएगा। अवैध बालू उठाव एवं परिवहन को लेकर पुलिस प्रशासन तथा प्रखंड प्रशासन की कारवाई जारी है।

# नाबालिग बच्ची के लापता पर सनहा दर्ज, जांच के दौरान अपहरण का मामला आया सामने

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा के झालजमीरा से नाबालिक बच्ची के लापता की सूचना पर हुआ सनहा दर्ज में पुलिस कारवाई के दौरान मामला अपहरण का सामने आया, एक नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के झालजमीरा से कस्तूरबा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय सेन्हा के लिए घर विगत 19 दिन पहले निकली थी। जो विद्यालय नही पहुंची इसकी जानकारी 13 नवम्बर को पिता को हुआ जब वह अपने पुत्री निर्मला कुमारी वर्ग 10वी के छात्रा से मिलने आवासीय विद्यालय सेन्हा पहुंचा। तभी विद्यालय प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वह विद्यालय नही आई है। जिसपर निर्मला कुमारी के पिता बिफई उरांव एवं परिजनों ने छानबीन के उपरांत थाना को घटना की जानकारी देते हुए सनहा दर्ज कराया था। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि नाबालिक बच्ची के गुमशुदा का मामला दर्ज कर पुलिस कारवाई जारी था। इसी दरमियान नाबालिक बच्ची के पिता ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि मुझे संदेह है कि मेरी पुत्री को लोहरदगा थाना क्षेत्र के हेसल निवासी स्व0 रामदेव उरांव का 23 वर्षीय पुत्र मुकेश उरांव बहला फुसला कर कहीं लेकर चला गया है। जिसके आलोक में नाबालिक बच्ची के अपहरण मामला में कांड संख्या 117/22 धारा यूएस 363 366 ए के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

## दो दिन से लापता महिला का शव कुएं से बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के गुड़गांव निवासी स्वर्गीय कलेश्वर उरांव की पत्नी 60 वर्षीय रधवा उरांव पिछले 2 दिनों से लापता थी जिसकी शिकायत लोहरदगा सदर थाना में किया गया था। जिनका शनिवार को गांव के ही फुल देव उरांव के कुए से पुलिस ने शव को बरामद किया है। आपको बता दें की पिछले 2 दिनों से राधवा उराव गुमशुदा होने पर घरवालों ने लोहरदगा सदर थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया था। जिसके बाद छानबीन पर रविवार को फुलदेव उरांव के कुएं से शव को बरामद किया गया। वहीं शव को कुएं से निकाल लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। कुएं से महिला के शव को बरामद करने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# चीक बड़ाईक समाज की बैठक संपन्न

## संजय बड़ाईक को कार्यकारी अध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष माघु बड़ाईक के अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रोजेक्ट स्कूल के प्रांगण में हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में चीक बड़ाईक समाज के जिलाध्यक्ष कृष्णा बड़ाईक मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन सचिव फिरनाथ बड़ाईक ने किया। बैठक में एक कार्यकारी अध्यक्ष के रुप में कारीमाटी निवासी संजय बड़ाईक का चयन किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष संजय बड़ाईक समाज के सदस्यों के जाति प्रमाणपत्र के आवेदन पत्र पर अनुशंषा करेंगे। संरक्षक चतुर बड़ाईक समाज के एकजुटता पर जोर दिया व संगठन के मजबूती पर जोर दिया और समाज में हो रही परेशानी पर ध्यान आकृष्ट कराया। प्रखंड अध्यक्ष माघु बड़ाईक ने कहा कि कुछ लोग समाज को तोड़ने पर लगे हैं, पर उन्हें उनके मनोकामना को पूरा होने नहीं दिया जाएगा।समाज को हर हाल में सही रास्ते पर ले जाने का प्रयास रहेगा।उपाध्यक्ष जयंती देवी ने नशापान, शिक्षा व समाज के कुरीतियों पर ध्यान आकृष्ट कराया। जिलाध्यक्ष कृष्णा बड़ाईक ने कहा कि समाज को तोड़ने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हमें समाज में किसी प्रकार की समस्या है तो मिलबैठ कर समाधान निकालना है। किसी प्रकार की शिकायत है तो समाज के सामने रखना है। जातिप्रमाण पत्र बनाने में जो प्रक्रिया है उसे पूरा करके प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में तिलकू बड़ाईक, ललित बड़ाईक, राधावती देवी, सुधा बड़ाईक, नरेंद्र बड़ाईक, राजा बड़ाईक, मधु बड़ाईक, राजेश बड़ाईक, किशन बड़ाईक, धाधू बड़ाईक, कलिंद्र बड़ाईक, रथू बड़ाईक, रमेश बड़ाईक, मोजेश बड़ाईक सहित काफी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# रबी फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए महिला किसानों को दिया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड के भीतबुना और डूमरबेड़ा गांव में लीड्स संस्था द्वारा कुल 50 महिला किसानों को उन्नत तरीके से रबी फसलों की अधिक पैदावार लेने का गुर सिखाया गया। इस अवसर पर किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने की भी जानकारी दी गई और रसायनिक खाद से होने वाले नुकसान के बारे में महिला किसानों को जागरूक किया गया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्मा के बीटीएम राजेश बागे, एटीएम नितेश पौल एक्का और सुजीत प्रसाद कुशवाहा ने महिला किसानों को प्रशिक्षण दिया जिसमें किसानों को रबी फसल की बुआई के दौरान आधुनिक तकनीक व जैविक तरीके से खेती करने की सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में प्रकृति में काफी तेजी से बदलाव आ रहा है। जिसके कारण बहुत ही तेजी से सभी जगह भूगर्भ जल का स्तर नीचे भाग रहा है। जिसके कारण सभी जगह लोगों को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ जहां लोगों को पेयजल की समस्याएं उत्पन्न होती जा रही है तो दूसरी तरफ पशुओं को भी पानी मिलना मुश्किल होता जा रहा है। बीटीएम ने महिला किसानों को कम से कम पानी से उपजने वाले फसलों को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही उन्होंने जैविक खेती पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि आप लोग जैविक तरीके को अपनाकर कम पूंजी में अधिक से अधिक फसल उपजा कर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यक्रम समन्यवक आलोक कुमार, जोसेफ लुगुन और कलिंद्र प्रधान का विशेष योगदान रहा।

# मोनफोर्ट इंग्लिश मेडियम हाई स्कूल लचरागढ़ का 19वां वार्षिक उत्सव सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में शिक्षा का अलख जगाता मोनफोर्ट इंग्लिश मेडियम हाई स्कूल लचरागढ़ का 19वां वार्षिक उत्सव में रविवार को विधायक नमन बिक्सल कोगाड़ी एवं प्रिभेंसियल विजय लकड़ा उपस्थित हुए। अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विधायक कोगाड़ी ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में इंग्लिश मेडियम के बहुत सारे स्कूल बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। मैंने पाया कि हमारे क्षेत्र के जलडेगा प्रखंड अन्तर्गत टाटी पंचायत में भी एक इंग्लिश मेडियम स्कूल कार्यरत है और सबसे बड़ी बात है कि यह सभी विद्यालय अल्पसंख्यक संगठन के माध्यम से कार्य कर रहा है। विधायक ने कहा कि यह सत्य है कि आज के समय में इंग्लिश को पढ़ना, लिखना और बोलने के लिए आवश्यक है, क्योंकि हमारा भारत देश अलग अलग क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग अपने क्षेत्रों के भाषा संस्कृति के हिसाब से बोलते और समझते हैं। हम उत्तर भारत के निवासी हैं हमारी बोल चाल की भाषा हिन्दी है किन्तु हमारे देश के दक्षिण भाग में निवास करने वाले लोग अलग भाषा बोलते हैं जो ना हम समझ सकते हैं और ना हमारी भाषा को वो समझ सकते हैं। पर इंग्लिश को दक्षिण भाग हो या देश के उत्तरी भाग वाले हैं आसानी से समझ सकते हैं। इसलिए हमारे जीवन में इंग्लिश और हिन्दी दोनों का अपना महत्वपूर्ण योगदान है। यूं कह लें कि दोनों एक दूसरे के पूरक है। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन के द्वारा विधायक एवं उनके कार्यकर्ताओं को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने दीप प्रज्ज्वलित करके शुरूआत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नाच, गान, नाटक एवं नृत्य प्रस्तुत किया। जो सभी इंग्लिश में ही प्रस्तुति की। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का इस बार का परिक्षा परिणाम सत प्रतिशत अच्छा रहा। विद्यालय के बच्चों के प्रस्तुति से स्पष्ट लगा कि यहां का पढ़ाई, एवं अनुशासन शिक्षकों के द्वारा अच्छा दिया जा रहा है। जो सराहनीय है। विधायक ने अपने हाथों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राईज देकर सम्मानित किया। विधायक के संग जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन,क्लेमेंट टेटे, फूलकेरिया डांग, सुरेश द्वीवेदी, आचार्या जी, अनिल समद, विजय बिलुंग, महिमा केरकेट्टा, अन्तोनी बाघवार, फादर पीटर बारला, विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नगर पालिका : अध्यक्ष व वार्ड पार्षद चुनाव के लिए पदाभिहित और नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी के नामों की सूची जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 541 (3) एवं (4) तथा झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली 2012 के नियम 25 एवं 26 के अध्यधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड लोहरदगा जिला अंतर्गत नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2022-23 के निमित्त अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के निर्वाचन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा नामित किये गए पदाधिकारियों को निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट करते हुए अधिसूचित करता है। लोहरदगा नगर परिषद (वर्ग ख) पद का नाम - अध्यक्ष के लिए पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी गरिमा सिंह, अपर समाहर्ता,लोहरदगा कि पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट सहायक निवार्ची पदाधिकारी में पवन कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी व विभाकर कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, लोहरदगा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही वार्ड सदस्य पद के लिए वार्ड संख्या 1-5 तक के लिए प्रतिभा कुजूर, अंचल अधिकारी को पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी व पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट सहायक निवार्ची पदाधिकारी में संतोष उराँव, सहायक अभियंता, विशेष प्रमंडल, लोहरदगा व बुद्धेश्वर उराँव, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, लोहरदगा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड 6-10 तक के लिए प्रवीण कुमार सिंह, अंचल अधिकारी, कुडू को पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी व पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट सहायक निवार्ची पदाधिकारी में अमर भूषण क्रांति, जिला सहकारिता पदाधिकारी, व गौरीश गौरव, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड संख्या 11-15 तक के लिए विजय कुमार, अंचल अधिकारी, सेन्हा को पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी व सहायक निवार्ची पदाधिकारी में धर्मेंद्र किशोर सिंह, सहायक अभियंता, आर0ई0ओ0, व सत्यकाम श्रीवास्तव, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सेन्हा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड संख्या 16-20 तक के लिए बुडाय सारू, अंचल अधिकारी, किस्को को पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी व सहायक निवार्ची पदाधिकारी में कृष्णा गंझू, सहायक अभियंता, विशेष प्रमंडल, महेश चौहान, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड संख्या 21-23 तक के लिए कमलेश कुमार, अंचल अधिकारी, कैरो को पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी व सहायक निवार्ची पदाधिकारी में राम कुमार बेदिया, सहायक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लोहरदगा व सुनील कुमार चंद, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, कैरो को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उक्त अधिसूचना राज्य निर्वाचन आयोग (पत्रांक 2506, दिनांक 14.11.2022) द्वारा जारी की गई।

# अपहृत मुखिया माइकल उरांव का पांच साल बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

## लोहरदगा के हिरही गांव से 2017 से गायब है पूर्व मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के मन्हो नवटोली निवासी मन्हो पंचायत मुखिया 53 वर्षीय माइकल उराव के अपहृत होकर गायब होने के मामले पर उसकी पत्नी सुशीला उरांव ने पुलिस से खोजबीन कर बरामद करने की गुहार लगाई है। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या 177/20 17 सदर थाना में दर्ज किया गया है। सदर थाना की पुलिस अपहृत पूर्व मुखिया को सकुशल बरामद करने के लिए लगातार अनुसंधान कर रही है। पूर्व मुखिया माइकल उरांव के अपहत और गायब होने के 5 साल बाद भी उसका सुराग नहीं मिल सका है। पुनः उसकी पत्नी सुशीला उरांव ने पुलिस को अपने पति को ढूंढने के लिए सदर थाना में आवेदन दिया है। इस मामले पर अपहृत माइकल उरांव की पत्नी सुशीला उरांव ने कहा कि 10 जुलाई 1917 को माइकल उड़ान रात करीब 8:00 बजे अपने घर से पंचायत कार्यालय जाने के लिए से निकला था। उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। मामले पर असामाजिक तत्वों द्वारा अपहत कर गायब करने की आशंका व्यक्त की गई। इस मामले पर पुलिस अपहरण का मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। इस संदर्भ में सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि लापता पूर्व मुखिया माइकल उरांव की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बावजूद, अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है।

## न्यूज गैलरी

### नौडीहा बाजार के सोहर नदी पर एक करोड़ 19 लाख की लागत से बनेगा पुलिया

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के सोरहर- मोरहर नदी पर शुक्रवार को विधायक पुष्पा देवी ,पूर्व सांसद मनोज कुमार भुइयां एवं जीप सदस्य सुदामा पासवान ने संयुक्त रूप वैदिक मंत्रोचारण के तत्पश्चात नारियल तोड़कर शिलायांस किया। इस कार्यक्रम के संचालन युवा मोर्चा के अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के सम्बोधन जीप सदस्य सुदामा पासवान, मंडल अध्यक्ष पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ने किया। वहीं पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व सांसद मनोज कुमार भुइयां एवम क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी मौजूद थे। इस कार्यक्रम मे सम्बोधन करते हुए कहा कि बारा मोड़ से मड़वा होते हुए छतरपुर मुख्य पथ तक कालीकरण पथ निर्माण का जल्द ही स्वीकृति के बाद काम लगभग तीन माह के अंदर शुरू कर दिया जाएगा। वहीं पर उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक पंचायत मे पाँच पाँच चापाकल लगाने कि बात कहा। साथ ही विवान इंटरप्राइज के संवेदक के निर्देशित किया है कि इस पुलिया का कार्य गुणवत्ता के साथ कार्य का करने का हिदायत किया। इस कार्यक्रम मे विधायक प्रतिनिधि मनोज भुइयां, जिला पशुपालन प्रकोष्ट के अध्यक्ष चन्द्र भूषण कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार सिंह,मिथलेश कुमार यादव, टुनटुन कुमार रजक,काशी गुप्ता समेत सभी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अन्तरराष्ट्रीय बाल दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** जिला कार्यालय में अन्तरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस के अवसर पर अनुसूचित जाति जन जाति छात्र संघर्ष मोर्चा के द्वारा एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की व संचालन संजय कुमार ने किया । मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि भारतीय संविधान में बच्चों को कई अधिकार की व्यवस्था की गई है। जिसमें जिने का अधिकार एवं शिक्षा के अधिकार महत्वपुर्ण है। इन अधिकारों के संरक्षण के लिए कई अधिनियम एवं कानून है । जिसमें नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा कानून लैंगीक अपराधों से संरक्षण का अधिनियम बाल विवाह प्रतिषेध, बाल श्रम अधिनियम, चिलड्रेन एक्ट एवं माईन्स एक्ट कानून बने हैं। स्कूलों से ड्राप आउट बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आज भी बच्चे होटल घरेलू नौकर बने हुए है। छोटे-छोटे बच्चे कुड़ा करकट चुन कर अपना पेट पालते है । सर्व शिक्षा अभियान भी शिक्षा नहीं दे पा रही है। झारखण्ड सरकार बच्चों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही । बच्चों के लिए बने कानूनों का सही तरीके से अनूपालन नहीं हो रहा है। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि बाल अधिकारों के रक्षा हर हाल में हो इस अवसर पर अनिल राम, प्रेम कुमार, यशवंत कुमार, दिपक कुमार, प्रभात कुमार, विजय राम, अरविन्द कुमार, घंशयाम कुमार, उपेन्द्र कुमार, नितिश कुमार, बबन राम, विकाश कुमार, अंतु राम, अनुप कुमार विजय राम सहीत कई छात्र उपस्थित थे।

### शिक्षकों ने सरकार को दिया 17 तक का अल्टीमेटम

**मेदिनीनगर।** नाराज शिक्षकों ने राज्य सरकार को 17 दिसंबर तक का अल्टीमेटम दिया है। अगर 17 दिसंबर तक शिक्षकों की मांगों पर विचार नहीं किया, तो नाराज शिक्षकों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान किया है। इससे पहले अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में राज्य के प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री निवास के घेराव की कोशिश की। शिक्षकों ने वादाखिलाफी और अधिकारियों पर शोषण का आरोप लगाया। हालांकि मुख्यमंत्री निवास से काफी दूर शिक्षकों को बैरिकेट लगाकर रोक दिया गया। हालांकि शिक्षक वार्ता करना चाह रहे थे, लेकिन उन्हे एक सप्ताह में मिलाने का भरोसा दिलाया। इससे पहले पलामू सहित सभी जिलों से 10 हजार से ज्यादा शिक्षक मोरहाबादी मैदान में जुटे और फिर जुलूस के शक्ल में मुख्यमंत्री निवास की तरफ बढ़े। शिक्षक चार सूत्री मांग पर अड़े हुए थे। इसी बीच स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता प्रतिनिधि के तौर पर आंदोलनकारियों के बीच पहुंचे। और प्रतिनिधिमंडल को लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे, लेकिन मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो पायी। स्वास्थ्यमंत्री ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात करायी जायेगी।

### मेयर प्रत्याशी ने वार्ड नं. 34 में किया जनसंपर्क

**मेदिनीनगर।** शहर में पेयजल समस्या की भयावहता को देखते हुए प्रत्येक मुहल्ले व निगम के सभी धार्मिक स्थलों में और सभी चौक चौराहे पर वाटर कूलर की व्यवस्था नगरनिगम की जिम्मेवारी बनती है। यह कहना है भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का। श्री सिंह रविवार को वार्ड नंबर 34 में घर घर यात्रा के तहत बोल रहे थे। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि पूरे नगरनिगम क्षेत्र में पेयजल समस्या देखी जा रही है। पेयजल समस्या का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सिर्फ नगरनिगम क्षेत्र में करोड़ों का पेयजल बिक्री हो रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपयोग हेतु आज घर घर में पेयजल जार खरिदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज लगभग घरों में एक हजार रुपये सिर्फ पेयजल उपलब्ध कराने पर खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलता है तो पहली प्राथमिकता होगी नगरनिगम वासियों को पेयजल समस्या से दूर करने की।आज की परिस्थितियों में प्रत्येक मुहल्ला में वाटर कुलर की आवश्यकता है और इस पर विशेष बजट बनाकर काम करने की आवश्यकता है।श्री सिंह ने कहा कि घर घर यात्रा में वो लोगों की समस्याओं का गहराई से आकलन कर रहे हैं और आने वाले दौर में इन समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्षरत रहेंगे और नगरनिगम को बेहतर बनाने के लिए संकल्प लेते हैं।इस दौरान वार्ड नंबर 34 के काशी प्रसाद,लाडले खान,धीरज कमलापुरी,पिंटू कमलापुरी,तबरेज खान,भूषण कुमार,सत्य प्रकाश,तनवीर आलम, आजद,नीलेश ठाकुर,मुन्ना खान,सौरभ कुमार व डबलू खान सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### पुलिस ने ढ़ोल नगाड़े बजाकर फरारी के घर इश्तेहार चिपकाये

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी बाबूलाल सिंह पिता स्वर्गीय सुरेश सिंह के घर पर पुलिस ने ढोल नगाड़े बजाकर फरारी का इश्तेहार चिपकाए। बाबूलाल सिंह छतरपुर थाना क्षेत्र के6/ 2020 के तहत हत्या का मुख्य आरोपी है । पुलिस कई बार छापेमारी की तब से लेकर अब तक वह फरार है । न्यायालय के आदेश के बाद उसके खिलाफ इश्तहार चिपका कर लोगों को उसके विषय में जानकारी देने को आगाह किया है। छतरपुर थाना के अवर निरीक्षक प्रियरंजन कुमार ने बताया कि बाबूलाल छतरपुर थाना के विशुनपुर में हत्या के मामले में नामजद अभियुक्त है।

### रमना में सड़क मरम्मति कार्य का शुभारंभ

# किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर सड़क का होना पहला पायदान: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड के बहीयार मोड़ से सपही मिशन विद्यालय और शहीद भगत सिंह चौक से भागोडीह तक कालिकरण पथ मरम्मत कार्य का शिलान्यास विधायक भानुप्रताप शाही ने रविवार को किया। इस सड़क की मरम्मती प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग से लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा।स ।पही के देवी धाम और भागोडीह के पोखरा पर शिलान्याश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानुप्रताप शाही ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकाश मे बेहतर सड़क का होना विकास का पहला पायदान है और हम जो वादा करते है उसे पुरा करते है। सड़क के माध्यम से गांव को मुख्यालय से जोड़ना,क्षेत्र में 20 घंटा बिजली देने का काम किया है। उन्होंने झामुमों नेता ताहिर अंसारी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कभी गरिबों की हक की लड़ाई लड़ने के नाम पर हथियार उठाने वाले नेता भी अपना हथियार गढ़ मे जमा कर दिए है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगामी विधान सभा चुनाव मे भी दोनों को हराएंगे। वर्तमान राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हम विकास योजना लाते है, लेकिन राज्य सरकार हमारी योजना को रोक देती है। राज्य सरकार विकास मे बाधक बनी हुई है। कार्यक्रम में प्रमुख करुणा सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह,बीससूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, अनिल चौबे,सहीत कई लोगो ने संबोधित किया। जबकि इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बलजीत कुमार सोनी,राजेश कुमार सिंह,अरविंद कुमार सिंह, बिक्की सिंह, संजीव सिंह, पिंटू सिंह, नीरज सिंह, मनोज कुमार सिंह, अमित प्रकाश, प्रियांशु ठाकुर, सतवंत कुमार सिंह, अजय बैठा, कवल राम और विधायक समर्थक अन्य लोग मौजूद थे।



## खरौंधी में कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित, प्रखंड कमेटी का विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** रविवार को हाई स्कूल के मैदान में कांग्रेस पार्टी का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष सुनीता देवी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय कांग्रेस सेवादल के गढ़वा जिला अध्यक्ष राहुल दुबे शामिल हुए। जिला अध्यक्ष राहुल दुबे ने बताया बैठक में प्रदेश मुख्यालय तथा जिला मुख्यालय के निर्देशानुसार 38 सदस्यीय प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रखंड उपाध्यक्ष मिथिलेश सिंह, मोतीलाल उरांव, विनोद उरांव, रवि ठाकुर तथा फिरोज अंसारी को बनाया गया। विकलेश राम, रीना श्रीवास्तव, नीतीश कुमार पासवान, राहुल कुमार सहीत 10 लोगो महासचिव को बनाया गया। दिलीप ठाकुर, अजीत दुबे, प्रयाग मेहता, सरोजनी देवी, सुरेंद्र राम, जगदेव पासवान सहित 10 लोगो को सचिव बनाया गया। इसके अलावे राहुल दुबे, सतनारायण यादव, शिलवंती देवी, बालेश्वर बैठा, राजेश रजक को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। वही बैठक में सर्वसम्मति से 7 प्रस्ताव लाया गया। जिसमें मुख्य रुप से स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन, पेंशन सहित कई जनहित मुद्दे पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये प्रखंड के लोगों को जागरूक करना है। प्रखंड कार्यालय में व्याप्त रिश्वतखोरी, कमीशन खोरी, अफसरशाही पर अंकुश लगाने हेतु जन आंदोलन करने का प्रस्ताव लाया गया। इसके अलावे खरौंधी में बनकर तैयार अस्पताल में डॉक्टर की पदस्थापना कराने हेतु एक टीम उपायुक्त से मिलकर डॉक्टर के साथ जरूरी स्वास्थ्य संसाधन उपलब्ध कराने के लिये मांग करेगी।



### पार्टी कार्यालय में भाकपा नेताओं की हुई बैठक, बोले वक्ता

## आपसी सहयोग से पार्टी को आगे बढ़ाना है



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक भाकपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अनिल साहू ने किया। बैठक में संगठन विस्तार एवं सांगठनिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए इंदु भूषण पाठक ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भारत की एकमात्र पार्टी है जो आजादी की लड़ाई में अपनी भूमिका का निर्वहन इमानदारी पूर्वक किया था। राजनीतिक चेतना के लिए इस पार्टी से बेहतर कोई पार्टी नहीं है। अलाउद्दीन उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन में मान सम्मान और इमानदारी से अपनी जीवन व्यतीत करने का पाठ पढ़ाया जाता है। ओमप्रकाश ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी से बेहतर कोई पार्टी नहीं है हम लोगों को मिलजुल कर इस संगठन को आगे लेकर जाना है। इंदु भूषण रजक ने कहा कि मैं वर्षों से इस संगठन मैं हूं और हमेशा रहूंगा। प्रखंड सचिव साथी अनिल कुमार साहू ने कहां की संगठन को चलाने के लिए साथियों को तीन बातों का हमेशा ध्यान रखना चाहिए पहला समय दूसरा संगठन तीसरा कार्यकर्ता। समय से मतलब है आप अपने संगठन को समय दें। संगठन का मतलब है आप अपने संगठन के बारे में जानकारी रखें। कार्यकर्ता से मतलब है कि संगठन में जो भी सदस्य हैं उनका मान सम्मान की रक्षा करना संगठन के लोगों का दायित्व है। इन सभी बातों को आप स्वीकार कर लें तो आपका संगठन विस्तार होगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की अगली बैठक दिनांक 11 दिसंबर 2022 दिन रविवार समय 11:00 से भाकपा कार्यालय चंदवा में होगी। मौके पर संगठन के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## उग्रवादियों ने जुआरियों के साथ मारपीट कर दस लाख रुपये लूटे

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के गोवा गांव में झारखंड जनमुक्ति परिषद (JJMP) के उग्रवादियों ने जुआरियों के साथ जमकर मारपीट की। उनके पास से लगभग दस लाख रुपए लूट लिए। हालांकि इस दौरान कई जुआरी भागने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार गोवा गांव के समीप प्रति दिन की तरह बड़े पैमाने पर जुआ का खेल चल रहा था। इसकी भनक जेजेएमपी उग्रवादियों को लग गयी। जेजेएमपी का हथियारबंद दस्ता सुप्रीमो पप्पू लोहरा सवारी गाड़ी से गोवा महिला कालेज के समीप पहुंचा और वहां से पैदल जुआरियों के अड्डे पर पहुंचकर उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। इस दौरान कुछ जुआरी पकडे गये जबकि कुछ फरार हो गये। जिनके पास से मारपीट कर गहना, बाइक समेत नगद रुपये की लूटपाट की गई। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि पुलिस को मामले की सूचना मिलते ही गांव पहुंचकर मामले की जांच की गई। गांव में जुआरियों के साथ लूटपाट की घटना हुई है। मौके पर पुलिस भेजी गई थी। पुलिस के पहुंचने तक तक सभी फरार हो गए थे। अभी किसी के द्वारा मामला दर्ज नहीं कराया गया है।

### बड़गांव में किक्रेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**टंडवा(चतरा)।** रविवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के बड़गांव स्थित रुपु बांध में आयोजित झारखंड स्टार क्लब किक्रेट टूनार्मेंट का उद्घाटन जिप सदस्य सह 20 सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद खेल प्रेमियों ने उद्घाटन मैच टंडवा बनाम कामता के बीच खेले रोमांचक मैच का लुत्फ उठाया। वहीं टंडवा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 121 रन बनाया। वहीं जबाब में कामता टीम महज 82 रन पर ही सिमट गई और टंडवा 39 रनों से विजयी घोषित हुआ। मौके पर विजय चौबे, पसंस सुरेश यादव, काशिम अंसारी, मुकेश महतो, आजाद अंसारी, नागेन्द्र यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## दिव्यांग संघ की बैठक में धरना प्रदर्शन को लेकर चर्चा

**मेदिनीनगर।** पलामू दिव्यांग संघ की बैठक रविवार 20 नवम्बर को कचहरी परिसर में सुरेंद्र कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में की गई। जिसमें रांची जाकिर हुसैन पार्क राज भवन के सामने राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अनुमंडल स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक संघ का विस्तार करने व संघ संचालित के लिए कोष की व्यवस्था पर चर्चा की गई। साथ ही संघ के सभी सदस्यों का परिचय पत्र बनाने का निर्णय लिया गया। आज के इस बैठक में सर्वसम्मति से पलामू दिव्यांग संघ के 5 सदस्यों की कमेटी गठन किया गया। जिसमें रामपुकर सिंह सचिव, मुकेश कुमार सदस्य,संतोष गुप्ता संरक्षक समिति,सुरेंद्र कुमार अध्यक्ष,अनिता कुमारी,शीला कुमारी को बनाया गया। वहीं सर्वसम्मति से 26 नवंबर शनिवार से राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन हेतु पलामू दिव्यांग संघ के लोगों को रांची चलने पर सहमति बनी। मौके पर उमेश कुमार मेहता, अवधेश राम, अकील ,जयप्रकाश,समसुद्दीन ,महताब, रामजीत, संतोष प्रसाद, रिंकी, शीला ,धीरेंद्र ,सुरेंदर, सहित कई लोगों ने भाग लिया।

### पत्रकार को धमकी देने वाले मुखिया पर कार्रवाई हो : अवधेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के विश्रामपुर थाना अंतर्गत तोलरा पंचायत के मुखिया द्वारा एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के एक पत्रकार को धमकी दिए जाने पर पलामू पुलिस कार्रवाई करें। उक्त बातें झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने पलामू पुलिस अधीक्षक से किया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में श्री शुक्ला ने कहा कि पत्रकार स्वतंत्र होते हैं। वह समाज के आईना है। समाज में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर करना ही उनका कर्तव्य है। लोकतंत्र के लिए पत्रकार को निष्पक्ष रिपोर्टिंग करने से रोका नहीं जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि तोलरा पंचायत में मनरेगा के तहत जेसीबी मशीन से काम किया जा रहा था।

## उपायुक्त ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के वार्डेन को किया कार्यमुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के प्रति गंभीर हैं। इस विद्यालय के माध्यम से बच्चियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने को लेकर उपायुक्त द्वारा मनातू व चैनपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया । जहां 9 नवंबर को छात्राओं की शिकायत के आलोक में उन्होंने गणित की शिक्षिका का संविदा समाप्त कर दिया।

**उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय के वार्डेन को किया कार्यमुक्त**

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय अंतर्गत लापरवाही बरतने वाली शिक्षिकाओं पर कार्रवाई का ताजा मामला पांकी से जुड़ा है। उपायुक्त ने यहां के वार्डेन सह विज्ञान की शिक्षिका नीलम कुमारी को पद से कार्यमुक्त कर दिया है । इस आशय से संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी सह समग्र शिक्षा अभियान के कार्यक्रम पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी की ओर से चिट्ठी भी जारी कर दी गयी है।

**प्राप्त शिकायत के आलोक में जांच के पश्चात हुई कार्रवाई**

दरअसल,पांकी के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन के विरुद्ध उपायुक्त को लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी जिसके आलोक में उपायुक्त ने त्रिस्तरीय जांच कमेटी से पूरे मामले की जांच करवायी जिसमें सभी शिकायत सही पाये गये जिसके स्टार्ट जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत की गयी जहां कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष सह उपायुक्त श्री दोड्डे ने विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था की कमी,घोर लापरवाही,कार्य के प्रति उदासीनता, अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वहन नहीं करने एवं विद्यालय में आवासन नहीं रहने को लेकर विद्यालय की वार्डेन सह विज्ञान की शिक्षिका नीलम कुमारी का अनुबंध समाप्त कर दिया।

# पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने लीज भूमि के फ्री होल्ड का प्रस्ताव रखा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की विशेष बैठक आनंद शंकर की अध्यक्षता में स्थानीय होटल ज्योतिलोक के सभागार में रविवार को हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री ,महासचिव डॉ अभिषेक रामदीन, उपाध्यक्ष अमित शर्मा ,पीआरओ ज्योति कुमारी तथा कुमार शैलेश अग्रवाल उपस्थित थे । बैठक में सभी अतिथियों का बुके और शॉल से सम्मानित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महापौर अरुणा शंकर ने सभी अतिथियों को पीएम पर छपी किताब उपहार के रूप में दिया । चेंबर अध्यक्ष ने राज्य के कई मकान जो वर्षो से अनाधिकृत माने जा रहे थे। उसका किशोर मंत्री द्वारा सीएम के संज्ञान में लाकर अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित कराने के लिए सभी लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया। बैठक में उपस्थित प्रभात अग्रवाल, विनोद उदयपुरिया, नवल तुलस्यान, सरस जैन, जय शर्मा और विशेषकर सभा में उपस्थित महापौर ने श्री किशोर से अनुरोध किया की खास महल भूमि का लीज नवीकरण नहीं बल्कि पूर्व सर्किल रेट का मात्र 2% लेकर बिना सलामी बिना पेनाल्टी के फ्री होल्ड कराने हेतु सरकार से बात करने का प्रस्ताव दिया। साथ ही जिन लोगों ने एग्रीमेंट पर जमीन खरीदा है । उनसे मात्र एकमुश्त 5000 तक फाइल लेकर उनका भी लीज भूमि को फ्री होल्ड कराने का प्रस्ताव रखा । जिसे सभी लोगों ने सराहा ' महापौर ने किशोर मंत्री से कहा कि हमारे चौधराना बाजार के व्यवसायियों को निगम ने मात्र सैकड़ों वर्ष पूर्व भूखंड दिया था। जिसका किराया पूर्व अध्यक्ष पूनम सिंह द्वारा 1 रुपया से अचानक 6 रुपया कर दिया गया । जिसे मैं आते के साथ अपने प्रथम बोर्ड से तीन रुपया पारित कर प्रस्ताव सरकार को भेजा । लेकिन निष्पादन आज तक नहीं हो सका। महापौर ने श्री किशोर मंत्री से पूरे राज्य में होल्डिंग टैक्स दर को घटाने का प्रस्ताव रखा और कहा कि सरकार इसे भी सहानुभूति पूर्वक विचार करें । होल्डिंग टैक्स की राशि निगम या निकाय को जाती है और जब हम सब ने ही दर कम करने का प्रस्ताव दे दिया तो सरकार को क्यों आपत्ति । बैठक में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला इकाई की अध्यक्षा शर्मिला वर्मा ने सुदना इंडस्ट्रियल स्टेट में बने कमर्शियल कंपलेक्स को कम दर पर महिलाओं के लिए आवंटित करने का प्रस्ताव रखा । ताकि महिलाएं जो घर बैठे सामान बनाती उन्हें एक जगह बाजार मिल सके । बैठक में टिंबर एसोसिएशन और चेंबर के सदस्यों ने नया इंडस्ट्रियल पार्क बनाने हेतु भूमि की उपलब्धता सरकार को कराने की बात रखी । जिसे झारखंड चेंबर के पदाधिकारियों ने जल्द प्रशासनिक चिट्ठी भिजवाने का आश्वासन दिया । सभा का संचालन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया और सभी अतिथियों को रीजनल वाइस प्रेसिडेंट संजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर चेंबर के वरिष्ठ सदस्यों के अलावा नए सदस्य राखी सोनी, संध्या अग्रवाल, फरहा खान, कंचन गुप्ता , जितेंद्र कुमार ,अमरेश जायसवाल, राकेश दुबे, पंकज कुमार पांडे, ब्रजेश कुमार पांडे, राजेश कुमार राय, सुजीत कुमार पाठक, अमित श्रीवास्तव, विक्रम सिंघानिया, शंभू प्रसाद ,रितेश कुमार ,संजय अग्रवाल ,राहुल चंद्रा ,अभय कुमार ,नागेंद्र कुमार शुक्ला ,संजय कुमार ,किशन अग्रवाल ,आलोक कुमार पांडे, राघवेंद्र सिंह ,पंकज कुमार तिवारी, विशाल कुमार, प्रिंस कुमार वगैरह काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।



## भाकपा ने फेज टू जलापूर्ति योजना बंद होने को लेकर की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, नसीम राइन , सोनू अहमद एवं अमित कुमार ने बेलवाटिका स्थित कार्यालय में प्रेस बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम में द्वितीय फेज जलापूर्ति योजना का कार्य पूर्व के बोर्ड द्वारा किया जा रहा था। लेकिन नगर निगम के चुनाव होने के बाद नए जनप्रतिनिधियों के द्वारा फेज टू का काम बंद हो गया है। आज निगम में चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है । प्रतिनिधि बरसाती मेंढक की तरह घूम रहे हैं । लेकिन किसी ने भी फेज टू जलापूर्ति योजना के कार्य की बात नहीं कही । चुकि जल ही जीवन है रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून ,लेकिन इस बारे में कोई जनप्रतिनिधि कुछ नहीं कह रहे हैं। स्थानीय सांसद और विधायक भी मौन व्रत धारण किए हुए और शहर के वासी शुद्ध पानी के बिना छटपटा रहे हैं । गंदा पानी से तरह तरह की बीमारी उत्पन्न हो रही है। बहुत सारे वार्डों में तो पानी जा ही नहीं रही है। कई इलाकों में दो वर्षों से पंप खराब है। पानी की जलापूर्ति की योजना पूरा नहीं की गई। जिसमें कुंड मुहल्ला कसाई मुहल्ला शाहपुर और मुस्लिम मुहल्ला को खास करके उपेक्षित रखा गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हमेशा से शहरी जलापूर्ति योजना के निर्माण के लिए आवाज बुलंद करते आई है। लेकिन निगम के 5 वर्ष गुजर जाने के बाद भी अभी तक उसमें एक पाइप लाइन का काम भी नहीं हुआ है । यह निगम वासियों के लिए दुर्भाग्य की बात है और जनप्रतिनिधियों के लिए शर्म की बात है। वही ज्ञात हुआ है कि बेलवाटिका स्थित प्रथम फेज कैपिटेशन का काम चालू किया गया है। जिससे पूरी शहर की जलापूर्ति बाधित हो जाएगी। ऐसी परिस्थिति में हम मांग करते हैं कि सफाई का काम भी चले और आम जनता को पीने का पानी टैंकर के द्वारा मुहैया कराई जाए ,जब तक कि कार्य पूरा ना हो जाए।

सम्पादक की कलम से...

# कयासों के बादल

**झारखंड** के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी पूछताछ कर रवाना हो गयी है। इसके बाद भी यहां कयासों के बादल मंडरा रहे हैं। प्रथम दृष्टया पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन पार्टी के कार्यकताओं से मुखातिब हुए तो पूरे रौ में दिखे। उनका मनोबल उच्चा देखने को मिला। ईडी की कार्रवाई अगर एकतरफा होगी तो हम इसके विरोध की ताकत रखते हैं। हम जांच एजेंसी को हर तरह का सहयोग करने को तैयार हैं। जिस मामले में हमसे पूछताछ की जा रही है, उसमें उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के पहले की भी जांच हो। एजेंसी दूध का दूध और पानी का पानी सामने लाये तो कोई परहेज नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि एजेंसियों की छापेमारी और कार्रवाई सिर्फ गैर भाजपा शासित राज्यों में ही क्यों हो रही है? क्या भाजपा शासित राज्य दूध के धुले हैं? सोरेन ने कहा कि भाजपा अपने पापों का ठिकरा वर्तमान सरकार पर फोड़ने की कोशिश कर रही है, लेकिन उनके षड्यंत्रों को हम नाकाम कर देंगे। ऐसे बयानों से पता नहीं ईडी का कितना भला होगा,लेकिन जब तक जांच चल रही है,ऐसे बयानों से बचने की जरूरत है। कारण कभी भी पुनः ईडी की दबिश बढ़ सकती है। दूसरी तरफ ईडी एक स्वतंत्र संस्था है । उसे निर्देश नहीं दिया जा सकता है। जिस प्रकार रांची में जेएमएम कार्यकर्ताओं का जुटान हुआ वह यह दर्शाता है कि राज्य के हालात ठीक नहीं हैं। बहरहाल पिछले दिनों मुख्यमंत्री आवास के पास राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे झामुमो कार्यकताओं और समर्थकों का जुटान कहीं से अच्छे संकेत नहीं है। झारखंड के साहिबगंज जिले में एक हजार करोड़ के खनन घोटाले में ईडी की ओर से लगभग नौ घंटे तक हुई पूछताछ के बाद सोरेन का कार्यकताओं के समक्ष आकर जिस भाषा का प्रयोग कर रहे थे,उससे यह सहज समझा जा सकता है कि राज्य में उकसाने की राजनीति चरम पर है। यह सही है कि सीएम को अपने कार्यकर्ताओं से बात करनी कोई बुरी बात नहीं है। लेकिन लोगों को आमंत्रण देकर अगर कोई जवाबदेह व्यक्ति करे तो यह कहां जायज है। ऐसे में समर्थकों का आभार जरूर व्यक्त होना चाहिए,कारण उनकी एक आवाज पर इतने समर्थक सड़कों पर उतर आये। लेकिन ईडी की बातचीत को सार्वजनिक करना और यह बताना कि हमने अमुक विषय पर ऐसे बात की। यह सार्वजनिक करना कहां तक उचित है,यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। बहरहाल घंटों सवाल जवाब का परिणाम अभी अंधेरे में है। ईडी अब अधिकारियों पर समन की तैयारी कर रही है। जानकारों के अनुसार यह तब होता है जब कहीं कोई बिन्दू पूछताछ में न रह जाये इसकी पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री की परेशानी और बढ़ सकती है। दूसरी तरफ ईडी की ईमानदारी को लेकर जो चिन्तायें व्याप्त हैं,वह यह दर्शाता है कि असुरक्षा की भावना से सीएम घिरे हुए हैं। लेकिन एक सवाल तो जरूर उठता है कि भाजपा शासित राज्य को छोड़कर कार्रवाई क्यों होती है। इसका जवाब शायद ईडी के पास भी नहीं है। हाल के दिनों में यह भी देखा जा रहा है कि यहां के हमारे मूलवासी आदिवासियों को विपक्ष भड़काने का काम कर रहा है, सह कहीं से जायज नहीं लगता है। सवा तीन करोड़ की आबादी वाले इस राज्य की अस्थिरता का दंश यहां के लोगों को नहीं हो,इसका ख्याल भी रखा जाना चाहिए।

## आज का इतिहास

**2000 :** मैनहट्टन परियोजना में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक जॉन सिम्पसन का निधन, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका द्वारा राष्ट्रीय प्रक्षेपास्त्र प्रणाली की तैनाती की योजना स्थगित।
**2001 :** विश्व में पहला हृदयरोपण करने वाले दक्षिण अफ्रीका के हृदय विशेषज्ञ क्रिश्चियन बर्नार्ड का साइप्रस में निधन, उन्होंने 1967 में विश्व का पहला हृदय प्रत्यारोपण किया था।
**2006 :** पश्चिमी ईराक में तीन भारतीयों और 11 पाकिस्तानियों की अपहरण के बाद हत्या।
**1970 :** कन्याकुमारी में विवेकानन्द स्मारक का उद्घाटन हुआ।
**1990 :** काला सागर में सोवियत यात्री जहाज के डूबने से 79 यात्रियों की मौत।
**1998 :** डरबन में 12वें गुट निरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन का अफ़्रीकी राष्ट्रपति नेल्सर मंडेला द्वारा उद्घाटन।
**1996 :** मुस्लिम विद्रोहियों और फिलीपींस सरकार ने 26 वर्षों से जारी विद्रोह को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए।
**1992 :** अमेरिका और रूस अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के लिए संयुक्त उपक्रम बनाने पर सहमत हुए।
**1999 :** तैराक बुला चौधरी इंग्लिश चैनल दो बार पार करने वाली प्रथम एशियाई महिला बनीं।
**2007 :** अल्बानिया विश्व का पहला रासायनिक हथियार युक्त राष्ट्र बना।
**2009 :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. रेड्डी को ले जा रहा हेलीकाप्टर उड़ान भरने के बाद लापता हुआ।
**1807 :** अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति आरोन बर राजद्रोह के मामले में निर्दोष पाये गये।
**1878 :** एम्मा एम नट्ट अमेरिका में पहली महिला टेलीफोन ऑपरेटर बनीं।
**1923 :** ग्रेट कैंटो भूकंप ने जापान के टोक्यो और योकोहामा में भयंकर तबाही मचायी।
**1939 :** जर्मनी का पोलैंड पर आक्रमण करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध की शुरूआत हुई।

# जनसंख्या बढ़े तो वरदान हो जाये

> अपने देश में गुलामी के दौर में सामाजिक ढांचा (विशेषकर शिक्षा व स्वास्थ्य का ढांचा) बहुत कमजोर था, जिस कारण मृत्यु दर करीब-करीब जन्म दर के बराबर थी, लिहाजा हमारी जनसंख्या बहुत धीमी रफ्तार से बढ़ रही थी। मगर आजादी मिलने के बाद सरकारों ने सामाजिक ढांचे पर खासा ध्यान दिया, जिससे हमारी मृत्यु दर में गिरावट आई, पर जन्म दर बरकरार रही। नतीजतन, जनसंख्या तकरीबन 2.5 फीसदी की दर से सालाना बढ़ने लगी। तथ्य यह भी है कि लोगों की आर्थिक स्थिति बेशक तेजी से बदल जाती है, पर सामाजिक सोच धीमी गति से बदलती है।

वह 1970 का दशक था, जब दुनिया की आबादी ने चार अरब के आंकड़े को छुआ था। मैं उन दिनों अमेरिका में अध्ययन कर रहा था। एक दिन न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक लेख पर मेरी नजर पड़ी, जिसमें फोर्ड फाउंडेशन के अध्ययन के आधार पर यह दिलचस्प जानकारी दी गई थी कि भारत में गरीब परिवारों की सामाजिक सुरक्षा उनके बच्चे हैं। ऐसे अभिभावक यह मानते थे कि भविष्य में उनकी सुरक्षा तभी सुनिश्चित हो सकेगी, जब वे कम से कम पांच बच्चे पैदा करेंगे। तभी उनके बुजुर्ग होने तक एक बच्चा जीवित रहेगा, जो उनका पालन-पोषण करेगा। चूंकि, उन दिनों कई बच्चे जन्म के तुरंत बाद मर जाते थे, इसलिए अधिक बच्चे पैदा करना आम आदत बन गई थी। अब जब विश्व की आबादी आठ अरब को पार कर गई है, तब जनसंख्या वृद्धि दर पर लगाम लगाने के बावजूद सामाजिक सुरक्षा को लेकर भारतीयों की चिंता कमोबेश पूर्ववत है। दरअसल, किसी भी देश की जनसंख्या को वहां की सामाजिक-आर्थिक स्थिति प्रभावित करती है। अपने देश में गुलामी के दौर में सामाजिक ढांचा (विशेषकर शिक्षा व स्वास्थ्य का ढांचा) बहुत कमजोर था, जिस कारण मृत्यु दर करीब-करीब जन्म दर के बराबर थी, लिहाजा हमारी जनसंख्या बहुत धीमी रफ्तार से बढ़ रही थी। मगर आजादी मिलने के बाद सरकारों ने सामाजिक ढांचे पर खासा ध्यान दिया, जिससे हमारी मृत्यु दर में गिरावट आई, पर जन्म दर बरकरार रही। नतीजतन, जनसंख्या तकरीबन 2.5 फीसदी की दर से सालाना बढ़ने लगी। तथ्य यह भी है कि लोगों की आर्थिक स्थिति बेशक तेजी से बदल जाती है, पर सामाजिक सोच धीमी गति से बदलती है, क्योंकि उस पर इतिहास तारी रहता है। भारत में भी जनसंख्या वृद्धि को लेकर पुरानी सोच कायम रही, जिस कारण आपातकाल के समय जोर-जबर्दस्ती से जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास शुरू हुए। इसकी अवाम की तरफ से तेज प्रतिक्रिया हुई और आपातकाल खत्म होने के बाद लोग इसी दिशा में बढ़ चले कि बच्चे पैदा करने के मामले में राष्ट्र कोई दखल नहीं करेगा। मगर जैसे-जैसे हमारी सामाजिक-आर्थिक स्थिति अच्छी होती गई और शिक्षा का प्रचार-प्रसार बढ़ा, हमारी आबादी प्रतिस्थापन स्तर (प्रति महिला 2.1 बच्चे) पर आ गई। इसमें भी दक्षिण व पश्चिम के उन्नत राज्यों में यह राष्ट्रीय स्तर से भी कम है, जबकि बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे उत्तरी राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर अधिक है, क्योंकि यहां गरीबी तुलनात्मक रूप से ज्यादा है। जाहिर है, आने वाले दिनों में दक्षिण और पश्चिम के सूबों की आबादी उत्तर के राज्यों के तुलना में घटती जायेगी, जिसके अपने खतरे हैं। विशेषकर, संघवाद पर इसका नाकारात्मक असर पड़ सकता है, क्योंकि हमारे यहां निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या आबादी के अनुपात से तय की जाती है। दुनिया की तस्वीर भी इससे अलग नहीं है। विकसित देशों में आबादी या तो स्थिर है या घट रही है, जबकि विकासशील देशों में वृद्धि दिख रही है। हालांकि, इसका एक अन्य पहलू भी है- डिपेन्डेंसी रेश्यो, यानी निर्भरता अनुपात। यह 15 से 64 वर्ष की कुल जनसंख्या की तुलना में शून्य से 14 वर्ष व 64 वर्ष से अधिक उम्र के आश्रितों की संख्या का माप है, यानी कामकाजी आयु-वर्ग पर आश्रित गैर-कामकाजी लोगों का अनुपात। विकसित देशों में यह अनुपात बढ़ गया है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे राष्ट्र तो अब दूसरे मुल्कों से आने वाले कामगारों पर भरोसा करने लगे हैं। चूंकि भारत में युवा आबादी तुलनात्मक रूप से अधिक है, इसलिए माना जाता है कि भारत के पास अपनी जनसांख्यिकी का लाभ उठाने का पूरा मौका है। स्पष्ट है, जनसंख्या अपने आप में समस्या नहीं है। यह मुश्किलें तब पैदा करती है, जब हाथों को काम नहीं मिलता। इससे निर्भरता औसत बढ़ जाता है। जापान, कोरिया जैसे देशों में जनसंख्या घनत्व हमसे ज्यादा है, पर वे हमसे कहीं अधिक समृद्ध हैं, क्योंकि उन्होंने हर हाथ को उत्पादक बना दिया है। वहां आबादी संपदा के रूप में देखी जाती है, जबकि भारत में सबसे अधिक बेरोजगारी 15 से 29 आयु-वर्ग में ही है। पिछले महीने जारी ह्यपीपुल्स कमीशनह्व की अध्ययन-रिपोर्ट में, जिसकी अध्यक्षता मैं कर रहा था।

**- अरुण कुमार, अर्थशास्त्री**

# दुनिया के रंग

यह दुनिया भी बड़ी गजब है। इसे समझने के लिए किसी के पास कोई कुंजी नहीं है। बाल सफेद हो जायेंगे फिर भी दुनिया के रंग समझ से परे रहेंगे। यहाँ अच्छाइयों में खामियाँ और खामियों में अच्छाइयाँ निकालने वाले कदम पर कदम पर मिल जायेंगे। गांधी के पुजारी तो गोडसे के प्रशंसक भी मिल जायेंगे। आज कबीर होते तो उनके लिखे दोहों - काल करै सो आज कर और धीरे-धीरे रे मना में समय को लेकर विरोधाभासी स्वर के लिए उन्हें लताड़ देते। इसीलिए यह दुनिया बड़ी गजब है। जब तक उसे समझने का प्रयास करते हैं, तब वह अपनी समझ बदल लेता है। अब देखिये न यदि कोई धीरे-धीरे संयमता के साथ काम करता है तो उसे बाबा आदम के जमाने का इंसान बताकर उसकी खिल्ली उड़ाते हैं। यदि कोई बड़ी तेजी से काम करता है तो उसे कौनसी शताब्दी पकड़ना है बताकर उसका हौंसला को पस्त कर देते हैं। यदि कोई आत्मविश्वास दिखाने का साहस करता है तो उसे बड़ा अहंकारी बताकर उसका आत्मविश्वास जमीन के भीतर दफना देते हैं। यदि दुखी होता है तो उसे भीरू, कायर, डरपोक नामों से पुकारने की चेष्टा करते हैं। यदि संभाल-संभालकर रुपया पैसे खर्च करते हैं तो उसे कंजूस कहकर उसका मजाक बनाते हैं। यदि वह रुपए-पैसे खर्च करता है तो उसे आडंबर व नौटंकी करने वाला कहते हैं। यदि वह किसी पर संदेह करता है तो उसे शक्की कहकर ताना कसते हैं। यदि वह किसी पर विश्वास करता है तो उसे भोला-नादान कहकर उसके भोलेपन का परिहास करते हैं। यदि वह किसी से लड़ने-झगड़ने से बचता है तो उसे नामर्द या नपुंसक कहकर उसके लिंग पर प्रश्नवाचक चिह्न लगा देते हैं। यदि कोई पीड़ा में कराह उठता है तो उसे मौज-मस्ती समझने वालों की कोई कमी नहीं हैं यहाँ पर। कुल मिलाकर दुनिया वाले क्या कहेंगे के डर से कई प्रतिभा के धनी मन मसोसकर रह जाते हैं। इसीलिए कहा गया है कि जिसे दुनिया पहले पागल कहती है वही आगे जाकर उनका सरताज होता है। दुनिया कदम कदम पर आपका कटाक्ष करने के लिए मौके तलाशती रहती है। इसलिए कटाक्षों की चिंता मत करो।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

राजाने याचकोंको दान दिया। इस अवसरपर गीत गाये गये तथा अनेक वाद्य बजाये गये। सम्यक् उत्सव करके राजाने अपने पुत्रका 'एकवार' - यह प्रसिद्ध नाम रखा । व सुख पाकर बहुत प्रसन्न हुए तथा आनन्दित हुए। इन्द्रके समान पराक्रमशाली राजा हरिवर्मा भगवान् विष्णुके सदृश रूपवान् तथा गुणी पुत्र पाकर वंशऋण (पितृऋण)-से मुक्त हो गये ।। ५२-५३ ॥

इस प्रकार समस्त देवताओंके अधिपति भगवान् विष्णुके द्वारा अर्पित किये गये उस सर्वगुणसम्पन्न पुत्रको प्राप्त करके इन्द्रके समान प्रतापी राजा हरिवर्मा अपनी भार्याके साथ नानाविध सुख भोगते हुए तथा विनोद करते हुए अपने महलमें रहने लगे ॥ ५४ ॥

व्यासजी बोले- हे राजन ! तत्पश्चात् राजा हरिवमार्ने बालकके जातकर्म आदि संस्कार किये। भलीभाँति पालित-पोषित होनेके कारण वह बालक दिनोदिन शीघ्रतासे बढ़ने लगा ॥ १ ॥

इस प्रकार पुत्रजनित सांसारिक सुख प्राप्त करके उन महात्मा नरेशने अपनेको अब तीनों ऋणोंसे मुक्त मान लिया ॥ २ ॥

राजा हरिवमार्ने छठें महीनेमें बालकका अन्नप्राशन- संस्कार करके तीसरे वर्षमें शुभ मुण्डन संस्कार विधि-विधानके साथ सम्पन्न किया। इनमें ब्राह्मणोंकी सम्यक पूजा करके उन्हें विविध धन-द्रव्यों तथा गौओंका दान किया गया और अन्य याचकोंको भी नानाविध दान दिये ॥ ३-४ ॥

ग्यारहवें वर्षमें उस बालकका यज्ञोपवीत-संस्कार कराकर राजाने उसको धनुर्वेद पढ़वाया ॥ ५ ॥

राजा हरिवमार्ने उस पुत्रको धनुर्वेद तथा राजधर्ममें पूर्ण निष्णात हुआ देखकर उसका राज्याभिषेक करनेका निश्चय किया ॥ ६ ॥

तत्पश्चात श्रेष्ठ राजाने पुष्यार्क योगसे युक्त शुभ दिनमें बड़े आदर के साथ अभिषेकहेतु सभी सामग्रियाँ एकत्र करवायीं ॥ ७ ॥

सभी शास्त्रों में पूर्ण पारंगत तथा वेदवेत्ता ब्राह्मणोंको बुलाकर उन्होंने विधिवत् अपने पुत्रका अभिषेक सम्पन्न किया। सभी तीर्थों तथा समुद्रोंसे जल मँगाकर राजाने शुभ दिनमें पुत्रका स्वयं अभिषेक किया ॥ ८-९ ॥

तत्पश्चात ब्राह्मणोंको धन देकर तथा पुत्रको राज्य सौंपकर उन राजा हरिवमार्ने स्वर्गप्राप्तिकी कामनासे वनके लिये शीघ्र ही प्रस्थान किया ॥ १० ॥

**- क्रमशः**

# रूपये की बदलती दुनिया

1 नवंबर, 2022 से देश में पहली बार रुपए को डिजिटल कर दिया। यह दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इसमें भी नकली नोटों के शामिल होने का भारी जोखिम बना हुआ है। डिजिटल मुद्रा इन समस्याओं का अंत मानी जा सकती है। डिजिटल क्रांति रुपए-पैसे की दुनिया का चेहरा कैसे बदल रही है, इसकी एक मिसाल भारत में देखने को मिलती है। वर्ष 2016 में जब नोटबंदी की गई थी, तब अनुमान लगाया गया था कि जल्द ही लोग डिजिटल भुगतान वाले विकल्पों की ओर बढ़ेंगे। कोई शक नहीं कि बीते पांच-छह वर्षों में देश में डेबिट और क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) जैसे माध्यमों से डिजिटल भुगतान में काफी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग, यूपीआइ और क्यूआर कोड जैसे तौर-तरीकों ने सब्जी मंडी, रेहड़ी-पटरी वाले दुकानदारों से लेकर पांच सितारा होटलों तक में भुगतान का परिदृश्य बदल दिया है। लेकिन अब एक नई क्रांति डिजिटल मुद्रा की शक्ल में होने जा रही है। भारत सरकार ने हाल में (1 नवंबर, 2022 से) देश में पहली बार रुपए को डिजिटल कर दिया। सरकार के आदेश पर रिजर्व बैंक ने थोक में डिजिटल रुपए को लेन-देन की प्रक्रिया में शामिल करने वाली परीक्षण परियोजना शुरू कर दी है। इसके संचालन का जिम्मा नौ बैंकों को सौंपा गया है। परियोजना के संतोषजनक नतीजे आने के महीने के भीतर रिजर्व बैंक खुदरा स्तर पर भी डिजिटल रुपए की परियोजना शुरू कर देगा। बात जब मुद्रा के डिजिटल स्वरूप की होती है, तो निश्चित रूप से बिटकाइन जैसी आभासी मुद्रा का उल्लेख प्रासंगिक हो जाता है। वर्ष 2009 से निजी तौर पर सृजित और संचालित की गई इस डिजिटल या कंप्यूटर से बनाई गई मुद्रा की ख्याति का नतीजा यह निकला कि आज दुनिया में दस हजार से ज्यादा आभासी मुद्राएं चलन में हैं। लेकिन इनकी सबसे अहम समस्या यह है कि इनका संचालन कोई सरकारी केंद्रीय बैंक नहीं कर रहा। इसी तरह इन मुद्राओं के बदले किसी संपत्ति का समर्थन नहीं मिलता, जैसे कि आम रुपए के बदले भारतीय रिजर्व बैंक धारक को रुपए की कीमत अदा करने का वचन देता है। चूंकि आभासी मुद्राओं से किसी संस्था या केंद्रीय बैंक की देयता नहीं जुड़ी है, इसलिए एकाध देशों को छोड़ कर उन्हें दुनिया में कहीं भी कानूनी मान्यता हासिल नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर में अफ्रीकी देश अल सल्वाडोर ने बिटकाइन को कानूनी मुद्रा का दर्जा जरूर दिया था, लेकिन ऐसे उदाहरण गिनती के ही हैं। इन्हीं कारणों से प्रायः सभी आभासी मुद्राएं भरोसेमंद नहीं हैं। डिजिटल रुपए को लेकर भारत सरकार की ओर से आधिकारिक बयान इस वर्ष केंद्रीय बजट 2022-23 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया था। उन्होंने बजट प्रस्तुत करते हुए कहा था कि भारतीय रिजर्व बैंक भी जल्दी ही डिजिटल रुपया पेश करेगा। यह भारत की अपनी केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी- सीबीडीसी) होगी। प्रस्तावित योजना के मुताबिक सीबीडीसी एक प्रकार का डिजिटल भुगतान तरीका है, जिसे भारतीय रुपए (राष्ट्रीय मुद्रा) के रूप में अंकित किया गया है। इस डिजिटल रुपए के धारक को भारत के केंद्रीय बैंक की तरफ से प्रत्यक्ष देयता का आश्वासन मिलेगा। इसमें भी सबसे उल्लेखनीय यह है कि मुद्रा के इस डिजिटल स्वरूप की कीमत भारतीय रिजर्व बैंक में रखे भौतिक नकद रुपए या उसके भंडार के बराबर ही होगी, जो डिजिटल रुपए के धारकों के लिए सबसे अहम आश्वासन है। इसका अर्थ यह है कि डिजिटल रुपए को भौतिक रुपए के समान संप्रभु गारंटी हासिल होगी। ऐसे में इसके मूल्य में समय-समय पर वही परिवर्तन या अंतर आएगा, जो भौतिक नकद रुपए की कीमत में आता है। वैसे तो ई-रुपए रिजर्व बैंक द्वारा जारी मुद्रा नोटों का डिजिटल रूप ही है। यानी यह बैंक नोटों से अलग नहीं है। फर्क यदि कोई है तो यह है कि डिजिटल मुद्रा होने के कारण इसके जरिए कोई भी लेन-देन बहुत त्वरित, सस्ता और आसान होगा। साथ ही भौतिक नोटों के मुकाबले इसके मुद्रण (छपाई-ढलाई), वितरण और भंडारण की लागत बहुत कम होगी। पर ई-रुपए के ज्यादा लाभ सुविधा, पारदर्शिता और सुरक्षा के संबंध में है। जैसे एक सहूलियत यह होगी कि डिजिटल मुद्रा में लेनदेन होने से कारपोरेट दुनिया में मुद्रा संबंधी लेनदेन के निपटान, उनकी जानकारी और उन पर नियंत्रण आसान हो जायेगा। भारत सरकार को यह पता लगाने में सहूलियत हो जायेगी कि देश के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में धन का प्रवाह कहां से कहां तक हुआ। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। आज बाजार में लगभग तीस लाख करोड़ रुपए की बड़ी राशि मौजूद है। लेकिन रिजर्व बैंक से लेकर सरकार और नीति-निर्धारकों तक को इसकी जानकारी नहीं है कि यह राशि लोगों के पास कब से मौजूद है और क्यों रखी हुई है। दावा है कि इससे आयकर विभाग को छिपाये जाने वाले लेनदेन का पता चल सकेगा और कर संग्रह में बढ़ोतरी होगी।

**■ अभिषेक कुमार सिंह**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# समाज पर आधुनिकता का दुष्प्रभाव

पहले शहर से लेकर गांवों में कुआं व नदी घाट पर लोग नहाने-धोने का काम किया जाता था। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों के कमरे में बंद होकर स्नान व कपड़ा धोने को मजबूर कर दिया है। आज लगभग सभी पक्के मकानों में पानी टंकी छत पर दिखाई देती है। इससे लोगों को तो सुविधा मिली, लेकिन हर दिन लाखों लीटर पानी उस टंकी में चढ़ा दिया जाता है। इसका असर धीरे-धीरे ऐसा हुआ कि आज जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंओं को शहरों में अनुपयोगी मानकर उसे ढक दिया गया है। साथ ही वहां पर दुकानें बना दी गई है। बुनियादी रूप से हम अपनी समस्याओं के खुद ही पैदा करने वाले हैं। ऐसे में हमें वापस उन्हीं दौर में लौटना होगा जब एक कुएं व चापानल से लगभग पूरा मुहल्ला स्नान कर लेता था और घर के काम के लिए एक या दो बाल्टी पानी ढोकर अपने घर ले जाया करता था। आधुनिकता के लाभ ने हमें इन सब के बारे में विचार करने का मौका ही नहीं दिया। आज हालत हैं कि लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक प्रदत्त सुविधाएं कम होती जा रही हैं। पेड़-पौधों को काटकर हम कूलर व एयर कंडीशन की हवा खा रहे हैं। सच बात यह है कि गांव के पीपल की छांव में बैठकर जो शांति व सकून मिलता था वह एक कमरे में बैठकर कूलर एयरकंडीशन में नहीं मिलती है।

**■ दिनेश कुमार, मेदिनीनगर।**

# आतंकवाद के वित्त-पोषण पर चौतरफा फंदा कसना होगा

भारत में 18-19 नवंबर को 'नो मनी फॉर टेररिज्म' पर सम्मेलन आतंकवाद के वित्त-पोषण के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में मील का पत्थर साबित होगा। 18 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में इंटरपोल की 90वीं आम सभा में भाग लेने वाले देशों और संगठनों के 195 प्रतिनिधियों के सामने आतंकवाद के वित्त-पोषण के खिलाफ ठोस कार्रवाई की अपील की थी। अफगानिस्तान-पाकिस्तान के विशाल क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों के व्यापार ने भी दशकों तक आतंकवाद को वित्त-पोषित किया है। 9/11 के बाद सुरक्षा परिषद को कार्रवाई के लिए प्रेरित किया गया था। इसने आतंकी वित्तीय प्रवाहों को रोकने या बाधित करने के लिए कई प्रस्तावों को अपनाया। नतीजे अच्छे रहे हैं। सुरक्षा परिषद ने 2001 में काउंटर टेररिज्म कमेटी (सीटीसी) की स्थापना आतंकवाद से संबंधित प्रस्तावों के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए, और उसमें भी विशेष रूप से वित्त-पोषण पर नजर रखने के लिए की थी। इसके वर्तमान अध्यक्ष के रूप में भारत ने हाल में समिति की पहली बैठक की मेजबानी की है। 29 अक्तूबर को जारी दिल्ली घोषणापत्र ने आतंकी वित्त-पोषण के लिए क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म सहित वित्तीय तकनीक, उत्पादों और सेवाओं के दुर्भावनापूर्ण उपयोग की ओर ध्यान आकर्षित किया है। जी 7 द्वारा 1989 में बनाई गई फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) को 2001 में एक मानक बनाने और मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से आतंक के वित्त-पोषण पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया था। अलग-अलग देशों ने भी वित्तीय खुफिया इकाइयों का गठन किया। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि इन उपायों से आतंकी गतिविधियों पर शिकंजा कसने में मदद मिली है। एफएटीएफ के चलते ही जून 2018 में पाकिस्तान को ग्रे सूची में डाला गया था। एफएटीएफ ने वैश्विक एंटी-मनी लाड्रिंग (एएमएल) और आतंकवाद विरोधी वित्त पोषण (सीएफटी) के मानक तय किए। हालांकि, आतंकवाद की एक आम परिभाषा तक पहुंचने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नाकामी से इस दिशा में तरक्की बाधित होती है। गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में इंटरपोल सम्मेलन के समापन सत्र में इस पहलू पर प्रकाश डाला था। पाकिस्तान और कुछ अन्य राष्ट्र आतंकवादी नेटवर्क को स्वतंत्रता आंदोलन के रूप में बताते रहे हैं। बीते दो दशकों में अफगानिस्तान में मची उथल-पुथल ने पाकिस्तान को शिकारी कुत्तों के साथ शिकार करने और खरगोशों के साथ भाग निकलने का पूरा मौका दिया है। इस्लामाबाद ने अच्छे आतंकियों और बुरे आतंकियों के बीच अंतर किया है, भारत के खिलाफ युद्ध लड़ने वालों का समर्थन किया है। आतंकी वित्त-पोषण की जड़ें गहरी हैं, पर पाकिस्तान जितनी गहरी कहीं नहीं। जब तक पाकिस्तान में वैश्विक आतंकवादी नेटवर्क व वित्त-पोषण को समाप्त नहीं किया जाता, तब तक आतंकवाद पर काबू पाना मुश्किल होगा। पाकिस्तान आतंकियों की नकेल कसने का हिमायती नहीं है। चीन की जल्दबाजी और एफएटीएफ की ग्रे सूची से पाकिस्तान को हटाने से आतंकवाद को खत्म करने का वैश्विक प्रयास काफी कमजोर हुआ है। संदिग्ध इतिहास के बावजूद पाकिस्तान के आश्वासनों को दुनिया ने स्वीकार कर लिया है। आज प्रौद्योगिकी, क्रिप्टोकरेंसी, डिजिटल वित्तीय तंत्र की कमियों को दूर करने की जरूरत है। दुनिया भर की खुफिया एजेंसियों और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने वाली एजेंसियों को परस्पर मिलकर काम करना चाहिए। दिल्ली घोषणापत्र ने सभी सदस्य देशों से आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता अपनाने का आग्रह किया है। भारत क्षेत्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ फंदा कसने के लिए, रूस द्वारा स्थापित यूरेशियन समूह के समान एक क्षेत्रीय एफएटीएफ निकाय की स्थापना का प्रस्ताव कर सकता है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**■ सुजन चिनॉय, पूर्व राजनयिक**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज गैलरी

### गायों को अवैध रूप से बंगाल ले जाने के कारण दो गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की एक टीम ने मवेशियों को अवैध रूप से ले जाने के आरोप में ओडिशा के जाजपुर जिले के पानीकोइली थाना क्षेत्र में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मवेशियों को गैरकानूनी रूप से पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। एसटीएफ के सूत्रों ने रविवार को बताया कि सूचना के आधार पर एसटीएफ की एक टीम ने जाजपुर जिले की पुलिस की मदद से 19 और 20 नवंबर की रात को जाजपुर जिले के पानीकोइली थाना क्षेत्र के साहापुर हाट पड़िया में छापा मारा तथा भद्रक के निवासी सियाजुद्दीन खान एवं मोहम्मद करीब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान 155 मवेशी, एक 16 पहियां ट्रक, 34,500 रुपये नगद और उनके कब्जे से अन्य सामान जब्त किया है। मवेशियों के परिवहन को स्पष्ट करने के लिए आरोपी कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाएं जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए पानीकोइली पुलिस थाने को सौंप दिया गया। कार्रवाई में जब्त किए गए मवेशियों की देखभाल और सुरक्षा के लिए उन्हें जाजपुर रोड़ पर स्थित गोशाला में भेज दिया गया। पुलिस विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। मवेशियों में से कुछ गाएं को बीमार और घायल पाया गया जिसके लिए पशु चिकित्सकों को बुलाया गया और उनका इलाज किया जा रहा है।

### अभिनेत्री एन्द्रिला शर्मा का अस्पताल में निधन



**कोलकाता।** लंबी बीमारी के बाद टॉलीवुड अभिनेत्री एन्द्रिला शर्मा का 24 साल की उम्र में अस्पताल में निधन हो गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक 20 नवंबर यानी रविवार दोपहर 12 बजकर 59 मिनट पर अभिनेत्री एंजिला शर्मा ने आखिरी सांस ली। अभिनेत्री एन्द्रिला को 1 नवंबर को बीमार होने के कारण हावड़ा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ है। वह कोमा में चली गई हैं और उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया है। पिछले 14 नवंबर से बार-बार दिल का दौरा पड़ने से एन्द्रिला की शारीरिक स्थिति बिगड़ने लगी थी। शनिवार रात और रविवार सुबह अभिनेत्री को फिर दिल का दौरा पड़ा, जिसके कारण उनकी स्थिति और अधिक बिगड़ गई। एन्द्रिला इस झटके के बाद संभाल नहीं पाई और रविवार दोपहर उनकी मौत हो गई। इस समय अस्पताल में उनके माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि इससे पहल दो बार कैंसर का पता चलने के बाद इलाज से एन्द्रिला ठीक हो गईं और घर लौट आई थीं। वर्ष 2015 में उन्हें पहली बार 11वीं कक्षा में पढ़ने के दौरान उन्हें कैंसर होने का पता चला था। वर्ष 2021 में दूसरी बार उन्हें कैंसर होने का पता चला। कैंसर से लड़ाई के साथ-साथ अभिनेत्री ने अभिनय का काम भी जारी रखा था।

### कटिहार में ट्रेन से 165 कछुआ बरामद

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में कटिहार रेलवे जंक्शन पर रेल पुलिस ने 165 कछुआ और भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) थानाध्यक्ष ज्योतिरादित्य ने रविवार को यहां बताया कि कटिहार रेलवे जंक्शन पर शनिवार की देर रात ट्रेन में तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान 15720 गरीब नवाज एक्सप्रेस से 165 कछुआ बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि 13033 हावड़ा एक्सप्रेस से 261 बोतल विदेशी शराब और बियर कैन बरामद किया गया है। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि इस सिलसिले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### भागलपुर में सीएसपी संचालक से एक लाख 60 हजार रुपये की लूट



**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार में भागलपुर जिले के बिहपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एचडीएफसी बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएसपी) संचालक से एक लाख 60 हजार रुपए लूट लिये। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि बिहपुर बाजार स्थित एचडीएफसी बैंक का सीएसपी संचालक सुमंत कुमार सिंह शनिवार की रात ग्राहक सेवा केन्द्र बंद कर मोटरसाइकिल से दयालपुर गांव अपने घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में पूर्वी रेलवे केबिन के समीप पूर्व से घात लगाए दो अपराधियों ने उसे जबरन रोका। इसके बाद अपराधियों ने हथियार के बल पर उसके पास से थैले में रखे एक लाख साठ हजार रुपये लूट लिये और फरार हो गये। सूत्रों ने बताया कि इस सिलसिले में सीएसपी संचालक ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले की छाननीन की जा रही है।

## मुख्यमंत्री योगी ने 1354 स्टॉफ नर्सों को दिया नियुक्ति पत्र, कहा -

# बीमारू राज्य से बाहर निकलकर आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान लोकसेवा आयोग से चयनित एक हजार 354 स्टॉफ नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य माना जाता था। मतलब यहां रहने वाले ही बीमार नहीं थे बल्कि राज्य ही बीमार था। आज मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

**उप्र में ही युवाओं को मिले रोजगार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना कालखण्ड में दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र में उप्र के श्रमिकों के साथ भेदभाव हुआ। देश चिंतित था कि इतनी बड़ी संख्या में श्रमिक उत्तर प्रदेश जाकर कैसे रहेंगे। हम लोगों ने उनकी स्किल मैपिंग कराई। उन्हें रोजगार से जोड़ा। अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई गयीं। भाजपा सरकार में एक करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ा गया। पुलिस में एक 60 हजार से अधिक नियुक्ति दी गयी। माध्यमिक शिक्षा में 40 हजार और बेसिक शिक्षा में करीब डेढ़ लाख युवाओं को नौकरी दी गयी। कुल मिलाकर पांच साल में पांच लाख सरकारी नौकरियां दी गयीं।



**कोरोना के खिलाफ मजबूत लड़ाई :** उप्र की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत की गयीं। कोरोना के दौरान हमने मजबूत लड़ाई लड़ी है। गांव-गांव और घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की गयी। कोरोना की जांच गयी। उनका इलाज किया गया। आज हम 1354 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र बांटा जा रहा है। मुझे खुशी है कि इसमें 90 फीसदी महिलाएं हैं। आप ने बेहतरीन प्रशिक्षण लिया है तो नौकरी की कमी नहीं है। मानक के अनुसार भारत के साथ दुनिया भर में डॉक्टरों और स्टॉफ नर्सों की कमी है। उन्हें भरे जाने की जरूरत है। राज्य सरकार के प्रयास की वजह से स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत हुई हैं।

**नवनियुक्त नर्सों को सीख :** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टाफ नर्स स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ होती हैं। उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। मरीज के सबसे करीब नर्स ही रहती है। आप का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। आपके व्यवहार से भर्ती मरीज को यह अहसास होना चाहिए कि वह ठीक हो रहा है। अगर डॉक्टर, स्टॉफ नर्स का व्यवहार ठीक नहीं होगा तो मरीज तक ठीक नहीं हो सकता। सिस्टर कहकर आपको पूरा अस्पताल सम्मान भी देता है। इस सम्मान को आपको ही बनाकर रखना होगा।

### जल्द होगी एएनएम के दस हजार पदों पर भर्ती : ब्रजेश पाठक

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पहले की सरकारों में सरकारी नौकरी में भ्रष्टाचार था। आज पूरी पारदर्शिता के साथ सबको नौकरी मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह सब संभव हो पाया है। चिकित्सा विभाग ने खाली पदों को तेजी से भरने का काम किया गया है। आने वाले समय में 10 हजार एएनम के पदों को भरा जाएगा। इस मौके पर राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने सीएम नीतीश से आनंद मोहन की रिहाई पर काम करने की मांग की



**पटना (एजेंसी)।** बाहुबली नेता और पूर्व सांसद आनंद मोहन की पैरोल आज खत्म हो जाएगी। वह 15 दिनों की पैरोल पर जेल से बाहर आए थे।आनंद मोहन आज शाम 4:00 बजे के बाद वापस से जेल के सलाखों के पीछे बंद हो जाएंगे। आनंद मोहन का पैरोल खत्म होने पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश से अपील की है कि आनंद मोहन की रिहाई की दिशा में काम करें। आनंद मोहन के पैरोल खत्म होने से जीतनराम मांझी काफी दुखी हैं। मांझी ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि, 'आनंद मोहन को पुनः जेल जाने की खबर से मन दुखी है। मुझे लगता है अब उनके साथ अन्याय हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह है कि उनके रिहाई के दिशा में काम किया जाए यही न्याय संगत होगा'। मांझी ने कहा है कि, हम और हमारी पार्टी पूरी तरह से आनंद मोहन एवं उनके परिजनों के साथ हैं। जिसके बाद अब उनकी यह मांग को लेकर राजनितिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

आनंद मोहन को 15 दिनों की पैरोल खत्म होने के बाद सहरसा जेल में 20 नवंबर को शाम 4:00 बजे तक चले जाना है। इसको लेकर वह देर रात पटना से सहरसा के लिए रवाना हो गये थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि चेतन आनंद का जन्मदिन 20 नवंबर को है लेकिन, पैरोल खत्म होने की वजह से जन्मदिन 19 नवंबर को ही केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। जेल जाने से पहले आनंद मोहन ने अपने समर्थकों को लेकर कहा कि भले मेरे समर्थकों की पीढ़ियां बदल गई लेकिन, आज भी वह मेरे साथ हैं। 15 साल मैं जेल में रहा लेकिन, मेरे समर्थक मेरे साथ रहे, यह मेरी ताकत है। राजद के पूर्व सांसद और बाहुबली नेता आनंद मोहन 15 दिनों के पैरोल पर बाहर आए थे। आनंद मोहन अपनी बिटिया की सगाई और मां की बीमारी का हवाला देकर पैरोल पर बहार आए थे। इस दौरान उनके बिटिया की सगाई हुई और सगाई में बिहार के तमाम राजनीतिक दिग्गज शामिल हुए।

### सीवी आनंद बोस बुधवार को लेंगे राज्यपाल पद की शपथ



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल के रूप में सीवी आनंद बोस बुधवार को शपथ लेंगे। उनके नाम की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। बुधवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए बोस मंगलवार की रात कोलकाता पहुंचेंगे। जानकारी के अनुसार कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव बुधवार को राजभवन में आनंद बोस को शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह में कार्यकारी राज्यपाल ला गणेशन, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्य विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी, विपक्ष के राज्य नेता शुभेंदु अधिकारी और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के कई सांसद और विधायक मौजूद रहेंगे। सभी महत्वपूर्ण विभागों के सचिव भी होंगे। इससे पहले बंगाल के नए राज्यपाल के रूप में नामांकित होने के बाद सीवी आनंद बोस ने राज्य के नाम अपना एक संदेश जारी किया था। उन्होंने बंगाल को महान राज्य बताते हुए कहा था कि राज्यपाल का पद को कोई बड़ा पद नहीं बल्कि यह राज्य के लोगों के विकास के लिए खुद को समर्पित करने का अवसर है।

## तीन टंगा जहाज घाट पर फल फूल रहा सफेद बालू का अवैध कारोबार, माफिया हो रहे मालामाल



**भागलपुर (एजेंसी)।** जिले में गंगा किनारे सफेद बालू के अवैध खनन का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। तीनटंगा दियारा स्थित जहाज घाट के समीप माफिया धड़ल्ले से अवैध रूप से बालू का खनन कर रहे हैं। इस कारण घाट किनारे बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, और इससे कटाव का खतरा उत्पन्न हो गया है। यह अवैध खनन गोपालपुर थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर हो रहा है। अवैध बालू लदे करीब 100 से अधिक ट्रैक्टर रोजाना यहां से गुजरते हैं। लेकिन पुलिस माफियाओं पर कार्रवाई की बात तो दूर, ट्रैक्टर चालकों से यह भी नहीं पूछती की किसके आदेश पर कहां से बालू ले जाया जा रहा है। खनन को लेकर ग्रामीणों में रोष है। लोगों का आरोप है कि बिना पुलिस या प्रशासन की मिलीभगत से यह कार्य संभव नहीं है। ईट-भट्ठा में माफिया सफेद बालू बेचकर काला धन जमा करने में लगे हुए हैं। गंगा घाट से हर माह लाखों रुपये की अवैध बालू का खनन किया जा रहा है। जिसमें किसान से लेकर भू माफिया का कमीशन सेट है। गंगा से महज कुछ ही दूरी पर बालू माफिया लगातार खनन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस्माइलपुर से तीन टंगा तक हर साल गंगा के कटाव से बचाव के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च करती है। मगर माफिया लगातार बालू का खनन कर गंगा को आने का न्योता दे रहे हैं। जल संसाधन विभाग की मानें तो गंगा से करीब 500 मीटर की दूरी पर खनन किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए टेंडर निकला जाता है और संबंधित ठेकेदार को लाइसेंस निर्गत किया जाता है। तीन टंगा और सैदपुर गांव के सड़क से सटे लोगों का कहना है कि खुलेआम ट्रैक्टर पर बालू ढोया जा रहा है। नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा की सफेद बालू के अवैध खनन की जानकारी नहीं है। खनन विभाग और एसडीपीओ को इसकी जांच कर करवाई के आदेश दिया गया है। बालू माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### साइंस एग्जीबिशन में बच्चों का रहा जलवा

## रांची की प्रतिष्ठित कोडिंग कंपनी एडूजार ने मुजफ्फरपुर में लगाया विज्ञान प्रदर्शनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची-बिहार के मुजफ्फरपुर में शनिवार को विशाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह आयोजन रांची की प्रतिष्ठित कोडिंग कंपनी एडूजार द्वारा आयोजित किया गया था। विज्ञान प्रदर्शनी में मुजफ्फरपुर स्थित शैंफोर्ड स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। साइंस एग्जीबिशन में प्रतिभावान बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक मॉडल की प्रस्तुति की गई, जिसे देखकर अभिभावक सहित शिक्षकों ने भी तारीफ की। बच्चों के द्वारा इस साइंस एग्जीबिशन में काम करता हुआ वाशिंग मशीन, ट्रैफिक लाइट, स्मार्ट सिटी, स्मार्ट फैक्टरी, इलेक्ट्रिक बोट, हेलीकॉप्टर, रोबोट, कैंडी मशीन, सोलर सिस्टम, स्वचालित कार सहित अन्य प्रकार की आधुनिक उपकरणों का मॉडल तैयार कर प्रस्तुत किया गया। शैंफोर्ड स्कूल के डायरेक्टर श्रीमती रिचा शर्मा ने बताया कि इस तरह का यह



पहला आयोजन था जिसे कोडिंग तथा रोबॉटिक्स कंपनी द्वारा विद्यालय में आयोजित की गई। विद्यालय के बच्चे विज्ञान प्रदर्शनी को लेकर काफी उत्साहित दिखे आगे भी इस तरह का आयोजन संयुक्त रूप से किया जाएगा। रिचा शर्मा ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ता है और उनके कौशल का सर्वांगीण विकास होता है। साइंस एग्जीबिशन के संयुक्त आयोजक एडूजार कंपनी के कोऑर्डिनेटर मिस शालिनी ने कहा कि शैंफोर्ड के बच्चों में विज्ञान की अच्छी समझ है। बहुत ही कम समय में उन्होंने रोबॉटिक्स कोडिंग को सीखने का प्रयास किया। महज 3 महीने में बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक विज्ञान की प्रदर्शनी लगाई गई, मॉडल तैयार किए गए। जिसे देखकर अभिभावक, शिक्षक तथा एडूजार टीम ने इसकी प्रशंसा की । कह सकते हैं कि इस विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने अपना जलवा बिखेर दिया। इस दौरान स्कूल की कोऑर्डिनेटर मिस मीनू, शिक्षका हर्षा, अंजु, रश्मी, संचिता एवं नाज़िया तथा एडूजार के रामिस्ट कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## जेल में बंद अणुव्रत की बिगड़ी तबीयत, ले जाया गया अस्पताल



**आसनसोल (एजेंसी)।** मवेशी तस्करी मामले में आसनसोल जेल में बंद बीरभूम जिले के बाहुबली नेता अणुव्रत मंडल की तबीयत बिगड़ने पर रविवार सुबह उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। सूत्रों के मुताबिक शनिवार रात को भी अणुव्रत ने सीने में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद जेल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की थी। उसके बाद रविवार को एक बार फिर उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की थी। जेल सूत्रों के मुताबिक शनिवार को जेल पहुंचे सीबीआई अधिकारियों की पूछताछ के बाद से ही अणुव्रत ने अपने सीने में दर्द की बात कही थी। इसके बाद जेल में ही उनकी प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई। उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट भी दिया गया, लेकिन उनकी स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं आई। इसके बाद जेल प्रशासन ने उन्हें जिला अस्पताल ले जाने का फैसला किया। रविवार सुबह करीब 11 बजे उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वह गाड़ी से उतरकर पैदल चलते हुए अस्पताल में दाखिल हुए। सूत्रों के अनुसार अणुव्रत मंडल का ईसीजी करवाया गया है।

## नेपाल में चुनाव को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

**सुपौल (एजेंसी)।** नेपाल में प्रतिनिधि सभा का चुनाव के मद्देनजर इंडो-नेपाल सीमा पर दोनों देशों का सख्त पहरा हैं। गृह मंत्रालय के निर्देश पर रविवार की रात्रि 12 बजे तक के लिए बॉर्डर बंद है। नेपाल के सप्तरी जिलों में आज हो रहे चुनाव के मद्देनजर इंडो-नेपाल की सीमा पर एसएसबी,पुलिस और नेपाल प्रहरी और एपीएफ का सख्त पहरा हैं। आयोग के निर्देश पर सुरक्षा निकाय द्वारा मतदान केंद्रों के एरिया से लगे 300 मीटर परिधि में लगे चुनाव प्रचार सामग्री को हटा दिया गया हैं। मतदान केंद्रों के लिए मतपत्र व अन्य मतदान सामग्री प्रेषित किये जाने के साथ साथ सुरक्षा बलों ने मतदान केंद्र पर चौकसी जारी कर दी है। भारत-नेपाल सीमा पर भी कड़ी चौकसी,निगरानी व गश्त तेज कर दी गई है।

मतदान स्थल पर कैमरा, मोबाइल ले जाने व अनधिकृत रूप से मतदान केंद्र की तस्वीर



लेने पर रोक रहेगी। सप्तरी जिला के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रहेमन्त बराल के अनुसार मतदान अवधि में मतदाताओं को प्रभावित करने वाले के विरुद्ध सख्त करवाई की जायेगी।

चुनाव आयोग के निर्देश पर मदिरा व मादक पदार्थ सेवन पर भी मतदान अवधि तक रोक रहेगी। सप्तरी जिला के जिलाधिकारी भूपेन्द्र थापा के मुताबिक,सप्तरी जिला में मदिरा व मादक पदार्थ के बिक्री -वितरण,सेवन पर सख्ती से रोक लगाई गई है। मतदान को लेकर जिले में अस्थाई नेपाल पुलिस की नियुक्ति भी की गई है। नेपाल सेना ,सशस्त्र पुलिस बल,नेपाल पुलिस के जवान को चुनाव सुरक्षा में लगाया गया है। बिहार नेपाल सीमा के सुपौल से सटे सप्तरी जिला के जिलाधिकारी भूपेन्द्र थापा ने बताया की संसदीय चुनाव को देखते हुए चुनाव दिन से 72 घंटा पहले ही सप्तरी जिला से लगे बिहार की सीमा को सील कर दिया गया हैं । ताकि चुनाव में कोई अप्रिय घटना ना हो सके । सप्तरी जिला के एसपी अभिनारायन काफले ने कहा कि इंडो नेपाल सीमा पर भारतीय प्रभाग में एसएसबी और नेपाल प्रभाग में एपीएफ के जवान 17 नवम्बर से ही बॉर्डर शील कर सख्त पहरा दे रहा हैं। ताकि दोनो देशों के लोगों का आवाजाही पूर्णरूपेण बंद रहे। और कहा कि शांतिपूर्ण व भयमुक्त मतदान ही हमारा लक्ष्य है।

### डिंपल के लिए एकजुट हुआ मुलायम परिवार, अखिलेश-शिवपाल ने एक मंच से भरी हुंकार

# परिवार को एक देखकर बीजेपी की बढ़ी घबराहट : अखिलेश यादव

**इटावा/मैनपुरी (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर मुलायम सिंह यादव के पैतृक गांव सैफई में देखने को मिली। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव को जिताने के लिए लंबे समय से चली आ रही आपसी खटास को भुलाकर मुलायम परिवार के अखिलेश और शिवपाल यादव एक मंच पर नजर आए। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी में पूरा मुलायम परिवार पुराने मतभेद भुलाकर एकजुट होकर डिंपल यादव के लिए चुनावी प्रचार करने में जुट गया है। सैफई के एसएस मेमोरियल विद्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के मंच पर शिवपाल यादव और अखिलेश



यादव ने एक साथ मंच साझा किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल यादव के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए शिवपाल और अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर जमकर हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि चाचा-भतीजा अब एक हो गए हैं। आज यह देखकर भारतीय जनता पार्टी की घबराहट शुरू हो गई है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर हार के बाद भारतीय जनता पार्टी का अब पूरे देश में चुनाव हारने का सिलसिला शुरू हो गया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैफई के एसएस मेमोरियल विद्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचकर चाचा शिवपाल का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद अखिलेश यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोग कहते हैं कि चाचा-भतीजे में दूरियां हैं। चाचा-भतीजे में कभी दूरियां नहीं रहीं। राजनैतिक विचारों में दूरियां रहीं, वह भी आज दूर हो गईं और चाचा-भतीजा एक हो गए। आज यह देखकर भारतीय जनता पार्टी में घबराहट शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों के पास झूठ बोलने के अलावा कोई काम नहीं है जब परिवार में झगड़ा हो तो कहते है परिवार में झगड़ा है और जब परिवार एक हो जाए तो कहते हैं कि परिवारवादी पार्टी है। इनके झूठ की दवा किसी हकीम के पास नहीं है। आज नेता जी की आत्मा देख रही होगी कि आज हम लोग क्या कर रहे हैं। नेता जी मुलायम सिंह यादव ने सैफई और मैनपुरी क्षेत्र का बहुत विकास किया है। भारतीय जनता पार्टी विकास की बात करती है लेकिन समाजवादी पार्टी के द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को अपना बताती है। उन्होंने कहा कि मैनपुरी लोकसभा चुनाव पर पूरे देश की नजर है और बीजेपी यहां से चुनाव हारने के बाद पूरे देश में चुनाव हारेगी। बंगाल और बिहार में राजनीति बदल चुकी। पूरे देश में राजनीति बदल रही है। बीजेपी के लोग पूरे देश में चुनाव हारेंगे।

शिवपाल सिंह यादव ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है। जनता बहुत परेशान है। बीजेपी के लोग ही बताते हैं कि जो काम पहले सौ रुपये की रिश्वत देकर हो जाता था, आज एक हजार रुपए देने पर भी नहीं हो रहा है। हर जगह भ्रष्टाचार हावी है और जनता बहुत परेशान है। उन्होंने कहा कि लोग कहते थे कि एक हो जाओ तो अब हम लोग एक हो गए हैं। अब हम लोग पुराना रिकॉर्ड तोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मैनपुरी लोकसभा चुनाव नेता जी के सम्मान का चुनाव है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि बीजेपी साजिश कर सकती है। बचकर काम करना है। डिंपल यादव बहू है और नौजवानों की भाभी है। नेताजी के अभाव में यह पहली चुनावी मीटिंग हो रही है। नेता जी के आदर्शों पर हम सबको चलना है। मैंने कभी भी नेता जी को निराश नहीं किया। नेता जी जो जिम्मेदारी छोड़ गए हैं, उसका निर्वहन अखिलेश यादव को करना है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में डिंपल यादव को ऐतिहासिक जीत हासिल करवानी है । इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर क्षेत्र में मेहनत करनी है।

## अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को खाड़ी देशों में सेवायोजित करें : धर्मेन्द्र प्रधान



**वाराणसी (एजेंसी)।** केंद्रीय शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने रविवार को स्थानीय सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक की।

**केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में प्रशिक्षित युवाओं को नौकरी करने के लिए प्रेरित करने पर दिया जोर**

बैठक में उन्होंने खाड़ी देशों में रिक्तियों के सापेक्ष इच्छुक अभ्यर्थियों को समस्त सुविधाओं को उपलब्ध कराते हुए उनको प्रेरित करने एवं अद्यतन की गयी कार्यवाही की समीक्षा की। केन्द्रीय मंत्री ने अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को विदेशों में विशेषकर खाड़ी देशों में सेवायोजित करने के भी निर्देश दिए। स्किल इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर के अन्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं को नौकरी करने के लिए प्रेरित करने पर जोर देते हुए उनको सरकार की ओर से हर सम्भव सहायता का आश्वासन भी दिया। बैठक में मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, उप निदेशक कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार, अभिषेक मीना आदि की मौजूदगी रही।

## न्यूज गैलरी

### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय अंडर-19 महिला टीम का ऐलान

**मुंबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ होनेवाली पांच मैचों की अंडर-19 महिला टी-20 श्रृंखला में श्वेता सेहरावत भारत की कमान संभालेंगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को यह जानकारी दी। यह श्रृंखला जनवरी 2023 में होनेवाले अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगी। ऊपरी क्रम की बल्लेबाज सेहरावत इस माह समाप्त हुई अंडर-19 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में एक टीम की कप्तानी कर चुकी हैं। वह टूर्नामेंट की चार पारियों में 111.64 के स्ट्राइक रेट से 164 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनानेवाली बल्लेबाज रही थीं। इसके बाद सेहरावत ने वेस्टइंडीज, श्रीलंका और भारत की दो टीमों के बीच खेली गयी चौतरफा श्रृंखला में भी 151.85 के स्ट्राइक रेट से 164 रन बनाये थे। बल्लेबाज सौम्या तिवारी को टीम का उपकप्तान चुना गया है। उन्होंने टी20 चैलेंजर ट्रॉफी में 79.25 के स्ट्राइक रेट से 107 रन बनाये थे।

### सूर्यकुमार की तूफानी पारी देख कोहली ने बांधे तारीफों के पुल

**मुंबई (एजेंसी)।** रविवार को ओवल में भारत ने न्यूजीलैंड को 65 रन से मात दी। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए इस दूसरे टी-20 मैच में सूर्यकुमार यादव ने बताया कि क्यों वह टी20 विश्व रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज हैं। सूर्या ने इस मैच में 217,25 के स्ट्राइक रेट के साथ 51 गेंदों में 111 रन की नाबाद पारी खेली, जिसके लिये उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। हार के बाद यहां न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने सूर्या की पारी की तारीफ की, वहीं भारतीय दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली जिन्हें इस दौरे पर आराम दिया गया है, वह भी खुद को सूर्या की तारीफ करने से नहीं रोक पाये। सूर्यकुमार की इस तूफानी पारी की सराहना कोहली ने ट्विटर के जरिये की। विराट ने लिखा, न्यूमेरो ऊनो, उन्होंने (सूर्यकुमार) ने बताया कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। इस पारी को लाइव नहीं देखा, लेकिन यह उनकी एक और वीडियो गेम की पारी थी। इस ट्विट के साथ कोहली ने एक हंसनेवाला इमोजी भी शेयर किया।

### सीमित ओवरों के प्रारूप से टेस्ट का दर्जा काफी ऊपर : मिशेल स्टार्क

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि टेस्ट करियर को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अपने करियर के अगले चरण में सीमित ओवरों के प्रारूप को अलविदा कहना होगा, क्योंकि उनके लिए लाल गेंद के प्रारुप का करियर सबसे पहले आता है। यह 32 साल का वामहस्त गेंदबाज उन छह खिलाड़ियों में से है जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूप में खेलते है। स्टार्क ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दूसरे मैच में 47 रन देकर चार विकेट लिये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की अजेय बढ़त कायम कर ली। स्टार्क ने कहा कि टेस्ट (हमेशा) शीर्ष स्थान पर रहेगा। यह प्रारुप सीमित ओवरों के प्रारूप से काफी ऊपर है। स्टार्क के टीम की 2023 विश्व कप योजनाओं में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। उन्होंने वेस्टइंडीज और यूएसए में होनेवाले 2024 टी-20 विश्व कप में खेलने की इच्छा का भी संकेत दिया है।

# कप्तानी छिनने की अटकलों के बीच सामने आये रोहित

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट में हलचल मची है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को सेलेक्शन कमेटी को बर्खास्त कर दिया है और अब टीम इंडिया एक नयी राह पर चल निकलने के लिए तैयार है। खबरें ये भी हैं कि बीसीसीआई अब अलग-अलग कप्तान की थ्योरी पर वापस लौट सकता है और टी-20 फॉर्मेट से रोहित शर्मा की कप्तानी वापस ली जा सकती है। इन सभी अटकलों के बीच कप्तान रोहित शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप में मिली हार के बाद पहली बार सामने आये हैं। शनिवार को रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जो वायरल हो गयीं। रोहित शर्मा ने यहां स्टेडियम में ट्रेनिंग करते हुए तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह रनिंग कर रहे हैं और एक्सरसाइज कर रहे हैं। रोहित शर्मा की यह तस्वीरें इंस्टाग्राम पर लाखों लोगों ने तुरंत लाइक कीं और देखते ही देखते यह चर्चा का विषय बन गयीं। बता दें कि टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद ब्रेक पर हैं और वह न्यूजीलैंड सीरीज का हिस्सा नहीं हैं।

### बांग्लादेश दौरे पर दिखेंगे रोहित



**रोहित** शर्मा सिर्फ वनडे-टेस्ट टीम की कमान संभालेंगे। हालांकि, अभी यह सिर्फ अटकलें हैं। रोहित शर्मा को पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद टीम इंडिया की कमान सौंपी गयी थी। इस दौरान उनकी अगुवाई में कई द्विपक्षीय सीरीज भारत ने जीती, लेकिन एशिया कप और टी-20 वर्ल्ड कप 2022 जैसे बड़े इवेंट में हार मिली। रोहित शर्मा अब सीधा बांग्लादेश दौरे पर दिखेंगे, जहां टीम इंडिया को वनडे और टेस्ट सीरीज खेलनी है।

### रोहित शर्मा से वापस ली जायेगी टी-20 की कप्तानी?

**यह** तस्वीरें इस वजह से भी खास हो जाती हैं क्योंकि टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से ही रोहित शर्मा को लेकर चर्चा हो रही है। वर्ल्ड कप में उनकी खराब फॉर्म, उनकी अगुवाई में मिली हार पर हर कोई अपनी राय रख रहा है। इस बीच बीसीसीआई ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयनकर्ता समिति को बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद माना जा रहा है कि बीसीसीआई अब अलग-अलग कप्तानी के फॉर्मेट की ओर रूख कर सकता है।

# श्रेयस अय्यर हुए हिट विकेट



**माउंट माउनगनुई (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच माउंड माउनगनुई में खेले गये तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मैच में अच्छी लय में चल रहे श्रेयस अय्यर हिट विकेट आउट हो गये। जब वह आउट हुए तब उन्होंने नौ गेंदों में एक चौका और एक छक्का की मदद से 13 रन बना लिये थे। लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद को बैकफुट पर खेलने के चक्कर में उनका पैर विकेट से जा लगा। हालांकि, तब श्रेयस को पता नहीं चला और वह रन लेने के लिए भागे। विपक्षी खिलाड़ियों के जश्न मनाने पर उन्हें इसका एहसास हुआ। इसके बाद वह यकीन नहीं कर सके। उन्हें भारी मन से पवेलियन लौटना पड़ा। श्रेयस टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में हिट विकेट होनेवाले 25वें बल्लेबाज हैं। साथ ही इस प्रकार आउट होनेवाले भारत के चौथे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले हर्षल पटेल, केएल राहुल और हार्दिक पांड्या हिट विकेट हो चुके हैं। हार्दिक तो हाल ही में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी गेंद पर हिट विकेट हुए थे।

# भारत ने न्यूजीलैंड को 65 रन से हराया

## सूर्या ने टी-20 करियर की दूसरी सेंचुरी लगायी, दीपक हुड्डा ने 10 रन देकर झटके चार विकेट



**माउंट मॉन्गनुई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के माउंट मॉन्गनुई के ओवल मैदान पर खेले गये दूसरे टी-20 मैच में टीम इंडिया ने कीवी टीम को 65 रन से हरा दिया है। इसी के साथ तीन मैच की सीरीज में भारत ने 1-0 से बढ़त बना ली है। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 191 रन बनाये थे। सूर्यकुमार यादव ने अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर की दूसरी सेंचुरी लगायी। उन्होंने 51 बॉल में 111 रन की नाबाद पारी खेली। सूर्या ने इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल शतक लगाया था। उनके अलावा सबसे ज्यादा 36 रन ईशान किशन ने बनाये। जवाब में न्यूजीलैंड 126 रन पर ऑल-आउट हो गयी। सबसे ज्यादा चार विकेट दीपक हुड्डा ने लिये। वहीं, युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज को 2-2 सफलताएं मिलीं। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान विलियमसन ने 52 बॉल पर 61 रन बनाये। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में टिम साउदी ने हार्दिक पंड्या, दीपक हुड्डा और वाशिंगटन सुंदर को आउट कर हैट्रिक भी पूरी की। यह उनके टी-20 करियर की दूसरी हैट्रिक है।

### सलामी बल्लेबाज फिर फ्लॉप

**वर्ल्ड** कप में खराब ओपनिंग बल्लेबाजी के कारण आलोचना झेल रही भारतीय टीम को दूसरे मुकाबले में फिर निराशा देखने को मिली। टीम इंडिया ने इस मैच में ऋषभ पंत और ईशान किशन को ओपनिंग करने भेजा, लेकिन दोनों कुछ खास कमाल नहीं कर पाये। पंत 13 गेंद पर छह रन बनाकर लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर आउट हुए। वहीं, ईशान ने 31 बॉल तो खेली पर उनके बल्ले से सिर्फ 36 रन निकले।

### टिम साउथी ने ने ली हैट्रिक विकेट

**साउथी** ने भारतीय पारी के 20वें ओवर में तीसरी गेंद पर टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या को 13 रन पर जेम्स नीशम के हाथों कैच आउट करवा दिया, तो वहीं चौथी गेंद पर दीपक हुड्डा को गोल्डन डक पर लाकी फर्ग्यूसन के हाथों कैच करवाकर पवेलियन भेज दिया। फिर पांचवी गेंद पर साउथी ने वाशिंगटन सुंदर को जेम्स नीशन को हाथों कैच आउट करवाकर अपनी हैट्रिक विकेट पूरी की। सुंदर भी इस मैच में गोल्डन डक का शिकार हुए।

# सूर्यकुमार टी-20 इंटरनेशनल में एक साल में दो शतक लगानेवाले दूसरे भारतीय बने



**माउंट माउनगनुई (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला माउंट माउनगनुई में खेला जा रहा है। इस मैच में दुनिया के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज भारत के सूर्यकुमार यादव ने 51 गेंदों में 111 रन की नाबाद पारी खेली। यह उनका टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में दूसरा शतक है। इससे पहले सूर्यकुमार ने इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ 55 गेंदों में 117 रन की पारी खेली थी। उस मैच में उन्होंने 48 गेंदों में शतक लगाया था, जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ सूर्या ने 49 गेंदों में शतक पूरा किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 191 रन बनाये।

**सूर्यकुमार ने की रोहित की बराबरी :** सूर्यकुमार ने अपनी पारी में 11 चौके और सात छक्के लगाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 217.65 का रहा। सूर्यकुमार एक कैलेंडर ईयर में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में दो शतक लगानेवाले भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गये हैं। इससे पहले 2018 में रोहित शर्मा ने ऐसा किया था। रोहित के नाम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने इस फॉर्मेट में चार शतक लगाये हैं। वहीं, चेक रिपब्लिक के एस दवीजी, ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल और न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो ने तीन-तीन शतक लगाये हैं। वहीं, 15 बल्लेबाजों ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में दो शतक लगाये हैं।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ स्कोर :** सूर्यकुमार द्वारा बनाये 111 रन किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा टी-20 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। यह भारत के लिए टी-20 में चौथी सर्वश्रेष्ठ पारी (रन के हिसाब से) है। विराट कोहली ने इसी साल दुबई में अफगानिस्तान के खिलाफ दुबई में 61 गेंदों में 122 रन की नाबाद पारी खेली थी।

**इस साल टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन :** सूर्यकुमार के नाम इस साल टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। साल 2022 में उन्होंने 30 मैचों में 1151 रन बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने दो शतक और नौ अर्धशतक लगाये हैं। लिस्ट में दूसरे नंबर पर पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान हैं।

# एक साथ दिखे दोनों दिग्गज मेस्सी और रोनाल्डो इंटरनेट पर तस्वीर को मिले रिकॉर्ड लाइक्स

**कतर (एजेंसी)।** फुटबॉल के महाकुंभ फीफा विश्व कप में कुल 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं, वहीं फुटबॉल से प्यार करनेवाले सभी फैंस ने इस विश्व में अपनी टीम की हौसला अफजाई करने के लिए पूरी तरह कमर कस ली है। हालांकि, इस विश्व कप में अर्जेंटीना के लियोनल मेस्सी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोलाल्डो की लोकप्रियता को देखते हुए, उन्हें स्वदेशी प्रशंसकों के अलावा विदेशी प्रशंसकों से भी पूरा उत्साह मिलेगा। इन दोनों की लोकप्रियता इतनी है कि लोग इनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं, वहीं ये दोनों खिलाड़ी एक साथ नजर आ जाएं तो सोने पर सुहागा वाली बात हो जाती है। फीफा विश्व कप 2022 से पहले एक बार फिर से ये दोनों दिग्गज एक साथ देखें गये हैं। ये दोनों दिग्गज फुटबॉल के ग्राउंड में नहीं, बल्कि एक ब्रांड के विज्ञापन में एक साथ नजर आये हैं। दोनों खिलाड़ियों की एक साथ तस्वीर देखकर फैंस काफी खुश हैं और दोनों दिग्गजों को एक फ्रेम में देखकर उनकी काफी सराहना कर रहे हैं। इन दोनों की यह तस्वीर फीफा विश्व कप से पहले काफी धूम मचा रही है। मेस्सी और रोनाल्डो ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से यह विज्ञापन पोस्ट साझा किया है। इंस्टाग्राम पर लियोनेल मेसी के इस विज्ञापन तस्वीर पर 24 मिलियन से ऊपर लाइक्स आ चुके हैं और रोनाल्डो के अकाउंट पर इस फोटो पर 31 मिलियन से ऊपर लाइक्स मिले हैं। दोनों खिलाड़ी जो अपना पांचवां और संभवतः अपना अंतिम विश्व कप खेलने के लिए तैयार हैं, दोनों ने पर्दे के पीछे की बातचीत में समझाया कि जीत का उनके लिए क्या मतलब है। मेस्सी ने कहा कि यह मेरा 5वां विश्व कप होगा। यह ट्रॉफी बहुत महत्वपूर्ण है, फुटबॉल में यह सबसे बड़ा पुरस्कार है।

# फीफा विश्व कप से पहले कतर के सामने खड़ी हुई भीड़ की समस्या

### जश्न मनाने वाले कंसर्ट से हजारों प्रशंसकों को वापस भेजा



**दोहा (एजेंसी)।** अधिकारियों ने कतर में शुरू होनेवाले विश्व कप का जश्न मनानेवाले एक कसंर्ट (संगीत कार्यक्रम) से हजारों प्रशंसकों को वापस कर दिया। इससे दोहा में आगे की चुनौतियों का पता चलता है कि फीफा के सबसे बड़े टूर्नामेंट में वह लोगों की भीड़ से कैसे निपटता है। इतने से छोटे देश में फुटबॉल के महासमर के लिए 12 लाख फुटबॉलप्रेमियों के पहुंचने की उम्मीद है। निराश प्रशंसकों को आयोजन स्थल के बाहर कतर की पुलिस, सुरक्षा गार्ड और अन्य ने इशारा करती बड़ी बड़ी फोम की ऊंगलियों, बुलहॉर्न और यातायात नियंत्रण करनेवाले डंडों से हजारों लोगों को हटाया। कतर ने टूर्नामेंट स्टेडियम से बीयर की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है जिससे फैन जोन्स ही फीफा से जुड़े क्षेत्र होंगे जहां अल्कोहल युक्त बीयर परोसी जायेगी जिससे ज्यादा से ज्यादा प्रशंसक इन जगहों पर इकट्ठा होंगे। मुंबई से यहां पहुंचे एक 30 वर्षीय ट्रक ड्राइवर ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि हम जानते हैं कि यहां पुलिस जो कहती है वो होता है। इस ड्राइवर को और उसके दोस्तों ने फैन जोन में आने का फैसला किया था लेकिन उन्हें वापस कर दिया गया। उहोंने कहा कि हमें वापस लौटने का दुख है, क्योंकि यह बहुत ही जल्दी है। हम कुछ नहीं कर सकते।

# फीफा वर्ल्ड कप : ब्राजील, अर्जेंटीना विश्व कप की सबसे पसंदीदा टीम



**कतर (एजेंसी)।** कतर में 2022 का विश्व कप रविवार से शुरू हो गया, जिसमें दुनियाभर के फुटबॉल खिलाड़ी मध्य पूर्व में वैश्विक गौरव हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं। कुल मिलाकर, 32 देश प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे जो पेले जैसे महान सितारों और दुनियाभर के कई प्रशंसकों द्वारा द ब्यूटीफुल गेम नामक खेल में सर्वोच्चता का प्रतीक है। हर कोई इस बारे में सोच रहा है कि कौन सी टीमें पसंदीदा हैं और कौन सी टीम डार्क हॉर्स होगी और मेगा-इवेंट में कुछ आश्चर्य का कारण बनेगी। डिफेंडिंग चैम्पियन फ्रांस, 2018 में विजयी होने के बाद फिर से प्रबल दावेदारों में शामिल है, लेकिन सभी देशों की निगाहें 18 दिसम्बर पर टिकी हैं जब ट्रॉफी उठायी जायेगी, कौन उठायेगा इसके लिये इंतजार करना होगा।

### एक नजर खिताब के प्रबल दावेदारों पर : –

**ब्राजील :** दक्षिण अमेरिकी की पावरहाउस फुटबॉल टीम विश्व कप में सबसे पसंदीदा है। पांच बार की विजेता वर्तमान में नेमार, विनिसियस जूनियर और एलिसन के साथ बहुत ताकतवर होने का दावा कर रही है। हालांकि, उन्होंने 2002 के बाद से विश्व कप में जीत का स्वाद नहीं चखा है। नेमार की अगुवाई वाली टीम ग्रुप जी में स्विट्जरलैंड और कैमरून का सामना करने से पहले 24 नवम्बर को सर्बिया के खिलाफ खेलकर अपने अभियान की शुरूआत करेगी।

**बेल्जियम :** विश्व फुटबॉल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेल्जियम ने आठ मैचों में अपराजित रहते हुए क्वालीफाइंग चरण को पार कर लिया और 19 के गोल अंतर के साथ अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। रॉबटरे मार्टिनेज, अब राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने सांतवें वर्ष में, स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू, केविन डी ब्रुइन और एडेन हैजर्ड के साथ 3-4-2-1 मैदान में उतरने के पक्षधर हैं। डिफेंस में, वह अनुभवी जोड़ी जेन वटरेंघेन और टोबी एल्डरविएरल्ड पर निर्भर हैं, तो स्टार गोलकीपर थिबाउट कटरेइस के साथ खलने उतरेंगे। डी ब्रुइन, हजार्ड, वटरेंघेन, एल्डरविएरल्ड, कोटरेइस, ड्रीस मेर्टेंस और एक्सल विटसेल की टीम की गोल्डन जेनरेशन सभी 30 साल के हैं और लुकाकू 29 साल के हैं।

**स्पेन :** पूर्व कप्तान लुइस एनरिक द्वारा प्रशिक्षित, 2010 के चैम्पियन ने स्वीडन, ग्रीस और कोसोवो जैसी टीमों से लड़ते हुए बड़ी मुश्किल से कतर के लिए क्वालीफाई किया। ग्रीस के साथ स्पेन का मैच 1-1 से ड्रा रहा और स्वीडन से 2-1 से हार गया। इन दोनों खेलों ने स्पेन की मुख्य कमजोरी को उजागर किया। एनरिक गेंद को नियंत्रित करना पसंद करते हैं, लेकिन कभी-कभी उस नियंत्रण को स्पष्ट अवसरों में बदलने में विफल रहते है। फॉरवर्ड अल्वारो मोराटा का बेहतर खेल दिखाना लगभग तय है। 57 मैचों में 27 गोल करने का उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली है। जेरार्ड मोरेनो फिटनेस के लिए संघर्ष कर रहे हैं, मिकेल ओयारजबाल चोट के कारण बाहर हैं। हालांकि, टीम संपूर्ण फुटबॉल खेलने पर भरोसा कर रही है और किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हराने के लिए तैयार है।

**जर्मनी :** बायर्न म्यूनिख के पूर्व कोच हैंसी फ्लिक ने जोआचिम लो की जगह लेने के बाद अच्छी तरह से अनुकूलित किया है और थॉमस मुलर की तह में वापसी ने जर्मनों को बहुत अनुभव दिया है और उन्हें विश्व कप में पसंदीदा बना दिया है। क्वालीफाई के लिए उनके समूह में उत्तर मैसेडोनिया, रोमानिया, आर्मेनिया, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन टीम शामिल थे। कोच फ्लिक थॉमस मुलर, सर्ज ग्नब्री और लेरॉय साने जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा कर सकते हैं, हालांकि टिमो वर्नर की टखने की चोट का मतलब है कि वह मेगा इवेंट में नहीं खेल सकते हैं।

### 2018 की उपविजेता क्रोएशिया भी दावेदारों में शामिल

**मेसी** ने दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ (सीओएनएमईबीओएल) के साथ एक साक्षात्कार में कहा- अगर मुझे कुछ को दूसरों से ऊपर रखना है तो मुझे लगता है कि ब्राजील, फ्रांस और इंग्लैंड बाकियों से थोड़ा ऊपर हैं। लेकिन विश्व कप इतना कठिन और इतना जटिल है कि कुछ भी हो सकता है। इन स्पष्ट विकल्पों के अलावा, गत चैम्पियन फ्रांस, क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल, हैरी केन की इंग्लैंड और 2018 में उपविजेता क्रोएशिया भी दावेदारों में शामिल हैं।



## न्यूज गैलरी

### विदेशी मुद्रा भंडार 14.72 अरब बढ़कर 544.72 अरब डॉलर पर



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 14.72 अरब डॉलर बढ़कर 544.72 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह 1.09 अरब डॉलर घटकर 529.9 अरब डॉलर पर रह गया था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 11.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 482.53 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 2.64 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 39.7 अरब डॉलर हो गया। सप्ताह एसडीआर में 16.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 17.6 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 11.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.94 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### नाना-नानी बने मुकेश-नीता अंबानी, ईशा ने दिया जुड़वा बच्चों को जन्म



नई दिल्ली। देश के जाने माने उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर पर किलकारियां गूंजी है। ईशा अंबानी ने दो जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। अंबानी परिवार खुद इस बारे में बयान जारी किया है। दोनों बच्चे स्वस्थ्य हैं। जुड़वा बच्चों में एक लड़का और एक लड़की है। लड़के का नाम आदिया और लड़के का नाम कृष्णा रखा गया है। ईशा अंबानी की शादी पीरामल समूह के आनंद पीरामल से हुई है। परिवार में किलकारी गूंजने से अंबानी परिवार काफी खुश है। बीते दिनों ईशा अंबानी के हाथों में रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के रिटेल कारोबार की कमान सौंपी थी।

### खाद्य तेल, मूंगफली तेल महंगा, सोयाबीन रिफाइंड में नरमी

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी से भाव घटबढ़ लिए रहे। कारोबार में मूंगफली तेल ऊँचा तथा सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहनों में भाव कम हुए। कपास्या खली में नरमी दर्ज की गई। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1530 से 1550 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1550 से 1570 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 1390 से 1400 रुपये पर खुलकर 1305 से 1310 रुपये बिका। पाम तेल 1040 से 1045 रुपये खुलकर 1000 से 1005 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में भाव गिरावट लिए बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में नरमी दर्ज की गई।

### तुअर, मसूर में नरमी, दालों में गिरावट

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मांग सुस्ती के कारण सप्ताहांत दलहन जिन्सों में तुअर-मसूर के भाव नरमी लिए बताए गए। मूंग, उड़द स्थिर रही। सप्ताहांत दालों में गिरावट दर्ज की गई। चावल में उठाव सुधार लिए रहे। सप्ताहांत चना कांटा 4875 से 4900 रुपये खुलने के बाद 4800 से 4850 रुपये होकर बंद हुआ। मूंग 7000 से 7500 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 6000 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 7000 से 7500 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 6600 से 7900 रुपये खुलने के बाद 6600 से 7800 रुपये बिकी। उड़द 7100 से 7300 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमी। मसूर 6400 से 6450 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 6350 से 6400 रुपये होकर प्रति क्विंटल बिकी। दालों में मांग रही। सप्ताहांत तुअर, मसूर दाल तथा उड़द दाल के भाव कम हुए। कारोबार के मध्य चावल तथा पोहा में ग्राहकी सुधार लिए रही।

### ओएनजीसी तेल, गैस उत्पादन में गिरावट के रुख को पलटेगी

# नई खोजों में अरबों डॉलर का निवेश करेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) इस साल उत्पादन में गिरावट के पिछले कई वर्षों से जारी सिलसिले को पलटेगी। कंपनी का इरादा धीरे-धीरे उत्पादन बढ़ाने का है। कंपनी नई खोजों से उत्पादन के लिए अरबों डॉलर का निवेश करेगी। कंपनी के प्रबंधन ने निवेशकों को यह जानकारी दी। ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2021-22 में 2.17 करोड़ टन कच्चे तेल का उत्पादन किया। इसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। इसके अलावा कंपनी ने 21.68 अरब घनमीटर (बीसीएम) प्राकृतिक गैस का उत्पादन किया जाता है। इसका उपयोग बिजली, उर्वरक के उत्पादन में किया जाता है। साथ ही इसका इस्तेमाल वाहनों में




सीएनजी के रूप में किया जाता है। चालू वित्त वर्ष (2022-23) में कच्चे तेल का उत्पादन बढ़कर 2.28 करोड़ टन और गैस का उत्पादन 22.09 अरब घनमीटर होने का अनुमान है। कंपनी प्रबंधन ने पिछले सप्ताह दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद निवेशकों के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। अगले वित्त वर्ष में तेल का उत्पादन 2.46 करोड़ टन और 2024-25 में 2.56 करोड़ टन

> चालू वित्त वर्ष (2022-23) में कच्चे तेल का उत्पादन बढ़कर 2.28 करोड़ टन और गैस का उत्पादन 22.09 अरब घनमीटर होने का अनुमान है।

तक बढ़ने का अनुमान है। प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2023-24 में 25.68 बीसीएम और 2024-25 में 27.52 अरब घनमीटर तक बढ़ने की उम्मीद है। ओएनजीसी की निदेशक (वित्त) पोमिला जसपाल ने कहा, हमने गिरावट के रुख को पलटा है।" ओएनजीसी का देश के घरेलू उत्पादन में करीब 71 प्रतिशत योगदान है। ओएनजीसी के उत्पादन क्षेत्र काफी पुराने हैं। इस वजह से पिछले एक दशक से अधिक से कंपनी का उत्पादन धीरे-धीरे घट रहा है। सरकार उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास के तहत ओएनजीसी के बड़े तेल और गैस क्षेत्रों को निजी और विदेशी कंपनियों को देने पर विचार कर रही थी लेकिन इसपर उसे आंतरिक रूप से विरोध का सामना करना पड़ा है।

ओएनजीसी अब 20 प्रमुख परियोजनाओं में 59,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इसमें गहरे समुद्रा वाले केजी ब्लॉक केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 (केजी-डी5) में पाए गए तेल और गैस के भंडार को उत्पादन में लाना और मुंबई हाई फील्ड के चौथे चरण का पुनर्विकास शामिल है। केजी-डी5 में निवेश से कंपनी अतिरिक्त उत्पादन हासिल कर पाएगी। वहीं मुंबई हाई और अन्य क्षेत्रों के पुनर्विकास से पुराने क्षेत्रों में आ रही उत्पादन की गिरावट को रोका जा सकेगा।

## 10 फीसदी से कम स्टाफ को बगैर वेतन छुट्टी पर भेजा गया : जेट एयरवेज सीईओ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जेट एयरवेज के सीईओ संजीव कपूर ने 60 फीसदी कर्मचारियों को बगैर वेतन के छुट्टी पर भेजे जाने की खबर पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि इससे 2/3 स्टाफ पर फर्क नहीं पड़ा है। बचे हुए 1/3 हिस्से में अधिकांश की अस्थाई वेतन कटौती की गई है। इसके अलावा 10 फीसदी से भी कम स्टाफ ही अस्थाई लीव विदाउट पे (बगैर वेतन के छुट्टी) पर गया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी स्टाफ को नहीं निकाला जा रहा है। संजीव कपूर ने आगे लिखा, ये अच्छे लोग हैं जो ऐसा काम करने के लिए कठिन परिश्रम कर रहे हैं जिसे पहले कभी नहीं किया गया, एक दिवालिया एयरलाइन को जिंदा करने का काम। हालांकि हमारे नियंत्रण के बाहर की कुछ बातों के कारण कठोर निर्णय लेने होंगे।



बकौल कपूर, जो टीम जेट (एयरवेज) को रिवाइव करने की कोशिश कर रही है वह कंपनी की नकदी खत्म होने और परिचालन बंद करने का कारण नहीं थी। वे नई पूंजी के साथ कंपनी को दोबारा खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे ग्राहकों को और विकल्प मिलेंगे और नई जॉब के साथ पुरानी नौकरियां भी वापस लौटेंगी। विगत शुक्रवार को खबर आई थी कि जेट एयरवेज के परिचालन को लेकर अनिश्चितता के बीच कंपनी अधिकांश कर्मचारियों को बगैर सैलरी छुट्टी पर भेजेगी। इसके अलावा कई स्टाफ की सैलरी में भी कटौती की जाएगी।

## लौह अयस्क और इस्पात पर निर्यात शुल्क हटा, उद्योग ने निर्णय को सराहा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने कुछ प्रकार के लौह अयस्क और लोहा तथा इस्पात उत्पादों पर निर्यात शुल्क हटाने का निर्णय लिया है। मुद्रास्फीति का दवाब कम होने के मद्देनजर उठाये गये इस कदम से घरेलू इस्पात उद्योग को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उद्योग जगत ने इस निर्णय का स्वागत किया है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार 58 प्रतिशत से कम लौह तत्व वाले लौह अयस्क लम्प (डली) और फाइन (चूरा) पर निर्यात शुल्क शुन्य कर दिया है। जबकि 58 प्रतिशत से अधिक लौह तत्व वाले लौह अयस्क (लम्प और फाइन) पर निर्यात शुल्क 30 प्रतिशत रहेगा। लौह अयस्क पैलेट पर निर्यात शुल्क शुन्य कर दिया गया है। इसी तरह विभिन्न प्रकार के पिग आयरन और इस्पात उत्पादों (प्रशुल्क के लिए सुसंगत वर्गीकरण की व्यवस्था-एचएस कोड 7201,7208,7209,7210,7213,7214,7219,7222,7227 के अन्तर्गत आनेवाले उत्पाद) पर निर्यात शुल्क शुन्य कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय का कहना है कि इससे घरेलू इस्पात उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा और निर्यात को बढावा मिलेगा। सरकार ने मई में मुद्रा स्फीति का दवाब बढ़ने के बीच लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क में 15 से 50 प्रतिशत की वृद्धि कर दी थी और लोहे और इस्पात उत्पादों पर भी शुल्क बढा दिया था। सरकार ने एंथ्रेसाइट -पीसीआई और कोकिंग कोल तथा पैरोनिकल पर आयात शुल्क 2.5 प्रतिशत और कोक और सेमी कोक पर शुल्क 5 प्रतिशत करने का फैसला किया है। मई में इन पर शुल्क हटा लिया गया था। अक्टूबर माह में भारत से इस्पात के निर्यात में 66 प्रतिशत की भारी गिरावट के बाद सरकार ने यह कदम उटाया है।अक्टूबर में इस्पात का निर्यात 3.6 शुन्य लाख टन रह गया जबकि पिछले साल इस माह में निर्यात 10.5 लाख टन का था।

## मदर डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम, 50 रुपये प्रति लीटर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर में फुल क्रीम दूध का दाम एक रुपये प्रति लीटर और टोकन वाले दूध का दाम दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिया है। नई दरें सोमवार से लागू होंगी। मदर डेयरी ने कहा कि लागत बढ़ने के चलते उसने यह वृद्धि की है। दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन 30 लाख लीटर से अधिक दूध की आपूर्ति करने वाली मदर डेयरी ने इस साल दूध की कीमतों में चौथी बार बढ़ोतरी की है। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि मदर डेयरी ने फुल क्रीम दूध के दाम एक रुपये बढ़ाकर 64 रुपये प्रति लीटर कर दिए हैं। हालांकि, आधा लीटर के पैक में बिकने वाले फुल क्रीम दूध की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। टोकन वाले दूध की कीमत सोमवार से 50 रुपये प्रति लीटर होगी। अभी यह 48 रुपये प्रति लीटर की दर से बिकता है। दूध की कीमतों में बढ़ोतरी घरेलू बजट को प्रभावित करेगी, क्योंकि इस वक्त खाद्य मुद्रास्फीति पहले ही काफी अधिक है। मदर डेयरी ने कीमतों में बढ़ोतरी के लिए डेयरी किसानों से कच्चे दूध की खरीद लागत में बढ़ोतरी को जिम्मेदार ठहराया। प्रवक्ता ने कहा, ह्यह्यइस साल डेयरी उद्योग में दूध की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर देखा जा रहा है।" कंपनी ने कहा कि कच्चे दूध की उपलब्धता चारे की बढ़ती लागत और अनिश्चित मानसून के कारण प्रभावित हुई है। मदर डेयरी ने कहा कि इसके अलावा प्रसंस्कृत दूध की मांग काफी बढ़ गई है। प्रवक्ता ने कहा, ह्यह्यत्योहारी मौसम के बाद भी मांग-आपूर्ति में अंतर के कारण कच्चे दूध की कीमतों में मजबूती आई है।

## देश में मंदी की आशंका नहीं, 2023-24 में छह-सात फीसदी की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था : राजीव कुमार




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के मंदी में जाने की बढ़ती आशंकाओं के बीच नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में इसका कोई असर नहीं होगा। अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों से भारतीय अर्थव्यवस्था प्रभावित तो जरूर हो सकती है, लेकिन 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था छह से सात फीसदी की दर से बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका, यूरोप, जापान और चीन की अर्थव्यवस्थाएं नीचे आ रही हैं। ऐसे में यह स्थिति आने वाले महीनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि भारत में मंदी की ऐसी कोई आशंका नहीं है।

## लॉटरी में जीता करोड़ों का कैश तो तीन बच्चों की मां ब्वॉयफ्रेंड संग हुई फरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पैसे देख कर कई बार लोगों के रंग बदल जाते हैं। कुछ ऐसा ही थाईलैंड में एक शख्स के साथ हुआ। लॉटरी में करोड़ों का कैश जीतने वाले का जश्न कुछ ही दिनों बाद मातम में बदल गया। दरअसल थाईलैंड में एक शख्स ने लॉटरी में 60 लाख बाट यानी भारतीय रुपये में करीब 1 करोड़ 36 लाख जीता। लेकिन इन पैसों को लेकर उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। जबकि इन दोनों की शादी 26 साल पुरानी थी। मनित पहले से ही अपनी पत्नी के साथ योजना बना रहे थे कि जीत का एक हिस्सा मंदिर को दान कर देंगे और फिर इसे परिवार के बीच बांटने के लिए एक समारोह आयोजित करेंगे। ठीक वैसा ही हुआ मंदिर में एक समारोह का आयोजन हुआ। लेकिन पत्नी ने पहले से ही अपना एक खास प्लान तैयार कर रखा था। मंदिर में आयोजित समारोह में मनित ने किसी ऐसे व्यक्ति को देखा जिसे वो नहीं जानता था। लिहाजा उसने अपनी पत्नी अंगकनारत से पूछा कि वो कौन है। इसके बाद पत्नी ने कहा कि वो उसका रिश्तेदार है। लेकिन वास्तव में, अजनबी अंगकनारत का प्रेमी था। और ये जोड़ी नकदी लेकर समारोह से फरार हो गई।



## मारुति को एसयूवी खंड में अपनी बाजार हिस्सेदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ने की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को चालू वित्त वर्ष में स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) खंड में अपनी बाजार हिस्सेदारी में उल्लेखनीय रूप से बढ़ोतरी की उम्मीद है। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा से कहा कि नई ब्रेजा और ग्रैंड विटारा को काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इससे हमें एसयूवी खंड में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ने की उम्मीद है। मारुति की योजना चालू वित्त वर्ष की शेष अवधि में और एसयूवी मॉडल उतारने की है। श्रीवास्तव ने कहा, जुलाई में एसयूवी खंड में हमारी बाजार हिस्सेदारी 7.1 प्रतिशत थी ... यह अगस्त में बढ़कर 10.8 प्रतिशत, सितंबर में 13.01 प्रतिशत और अक्टूबर में 14.4 प्रतिशत हो गई। यह लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि कंपनी को पिछले महीने ब्रेजा के साथ आपूर्ति के मुद्दों से जूझना नहीं पड़ता, तो हमारी बाजार हिस्सेदारी और अधिक होती।

## पीएम गतिशक्ति : एनपीजी ने अक्टूबर, 2021 से 250 ढांचागत परियोजनाओं को आगे बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** पीएम गतिशक्ति पहल के तहत गठित नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) ने पिछले साल अक्टूबर से विभिन्न मंत्रालयों की 250 से अधिक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा करने के बाद उन्हें आगे बढ़ाने की सिफारिश की है। ये परियोजनाएं रेल, सड़क और बंदरगाह जैसे क्षेत्रों की हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉजिस्टिक्स की लागत को घटाने और एकीकृत बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 13 अक्टूबर को गतिशक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान का शुभारंभ किया था। 500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली सभी लॉजिस्टिक्स और संपर्क ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को पीएम गतिशक्ति पहल के तहत गठित एनपीजी के माध्यम से आगे बढ़ाया जाता है। अधिकारी ने कहा, पिछले एक साल के दौरान राष्ट्रीय मास्टर प्लान और पीएम गतिशक्ति संस्थागत ढांचे का उपयोग करके 250 से अधिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की जांच की गई है। इन परियोजनाओं में कृषि, खाद्य, इस्पात और कोयला जैसे क्षेत्रों के लिए रेल, बंदरगाह और सड़क के जरिये अंतिम छोर तक संपर्क से संबंधित ढांचागत परियोजनाएं हैं। राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) पोर्टल के इस्तेमाल से केंद्र और राज्य सरकारों को महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के समय और लागत को कम करने में मदद मिल रही है।

## चीन से अपना व्यवसाय हटाने जा रही है क्रेडिट रेटिंग फर्म मूडीज, कर्मचारियों की भी होगी छंटनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी मुख्यालय वाली क्रेडिट रेटिंग फर्म, मूडीज कॉर्प चीन में चल रहे परामर्श व्यवसाय को बंद करने का फैसला लिया है। इसके अलावा अन्य दफ्तरों में अपने कर्मचारियों की छंटनी करने का भी फैसला किया है। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, मामले की जानकारी रखने वाले दो विशेषज्ञों ने कहा कि मूडीज कॉर्प देश भर में कई स्थानों पर यूनिट से जुड़े लोगों की छंटनी कर रहा है। लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि मूडीज कॉर्प ने इस हफ्ते चीन में मूडीज एनालिटिक्स का कारोबार बंद करना शुरू कर दिया है। मूडीज के इस फैसले का बीजिंग, शंघाई और शेन्जेन के 100 से अधिक कर्मचारियों के



ऊपर बुरा प्रभाव पड़ा है। यूरोपियन यूनियन चैंबर ऑफ कॉमर्स की रिपोर्ट के अनुसार मूडीज के इस कदम के पीछे की वजह चीन की शून्य कोविड नीति और लॉकडाउन के कारण लगी सख्ती मानी जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार मूडीज अपने दफ्तरों को अन्य देशों में शिफ्ट करने की योजना बना रही है। हाल ही में, सितंबर में, यूरोपीय संघ के चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एक रिपोर्ट जारी की थी कि चीन कम अनुमानित, कम विश्वसनीय और कम कुशल हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने परिचालन को चीन से बाहर अन्य बाजारों में स्थानांतरित करने पर विचार कर रही हैं। यूरोपीय चैंबर ऑफ कॉमर्स के सर्वेक्षण के अनुसार, 50 प्रतिशत पश्चिमी फर्मों ने बताया कि चीन में व्यापार 2021 में पहले के वर्षों की तुलना में अधिक राजनीतिक हो गया था।

# डीमैट खातों की संख्या बढ़कर हुई 10.4 करोड़ शेयर मार्केट से पैसा कमाने की लगी होड़




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अक्टूबर में डीमैट खातों की संख्या बढ़कर 10 I4 करोड़ हो गई। यह पिछले साल इसी समय की तुलना में लगभग 41 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के एक विश्लेषण के अनुसार, पिछले साल की समान समय अवधि की तुलना में इस साल अक्टूबर में नए लोगों के जुड़ने की संख्या में गिरावट आई और ये 18 लाख रही। अगस्त से नए खातों की संख्या गिर रही है। गौरतलब है कि माह-दर-माह आधार पर डीमैट खातों की संख्या समीक्षाधीन माह के दौरान 2 प्रतिशत बढ़ी। डीमैट खातों की संख्या सितंबर में 10.3 करोड़ थी। अगस्त में यह 26 लाख थी। इसके बाद सितंबर में 20 लाख और अक्टूबर 2022 में गिरकर 18 लाख तक आ गई है। अक्टूबर 2021 में नए डीमैटरियलाइज्ड (डीमैट) खातों की संख्या 36 लाख का इजाफा हुआ था रिपोर्ट के अनुसार, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा किए गए विश्लेषण में नए डीमैट खातों में आई गिरावट का प्राथमिक कारण भी बताया गया है। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के सीईओ इन्वेस्टमेंट सर्विसेज रूप भूतरा ने कहा कि मौजूदा कैलेंडर वर्ष में देखी गई बाजार की अस्थिरता नए डीमैट अकाउंट खुलने की रफ्तार कम होने का प्रमुख कारण हैं।

### आईपीओ की संख्या में गिरावट का भी असर

रूप भूतरा ने कहा है कि 2021 की तुलना में इस साल बाजार में आईपीओ भी कम आए। ये भी एक कारण रहा कि नए डीमैट अकाउंट उतनी गति के साथ नहीं खुले हैं जितनी तेजी से पिछले साल खुले थे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के नितिन अग्रवाल ने कहा कि जनवरी से वृद्धि धीमी हो रही है क्योंकि रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद बाजार में अस्थिरता बढ़ गई है। हालांकि, वह मानते हैं कि इक्विटी बाजार में अभी लोगों के जुड? का बहुत अधिक स्कोप है और बाजार की मजबूती के साथ-साथ डीमैट अकाउंट खुलने की गति भी वापस लौटेगी। गौरतलब है कि वृद्धि में गिरावट त्योहारी सीजन के कारण भी हो सकती है। दरअसल, सितंबर में केवल 22 और अक्टूबर में सिर्फ 18 ही कारोबारी दिन थे।

## एफपीआई ने नवंबर में अबतक भारतीय शेयरों में 30,385 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों में आक्रामक लिवाली का सिलसिला जारी है। नवंबर में अब तक उन्होंने शेयरों में 30,385 करोड़ रुपए का निवेश किया है। भारतीय रुपये के स्थिर होने तथा दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत होने की वजह से विदेशी निवेशक एक बार फिर भारत पर दांव लगा रहे हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का रुख बहुत आक्रामक नहीं रहेगा, क्योंकि ऊंचे मूल्यांकन की वजह से वे अधिक लिवाली से बचेंगे। उन्होंने कहा कि इस समय चीन, दक्षिण कोरिया और ताइवान के बाजारों में मूल्यांकन काफी आकर्षक है और एफपीआई का पैसा उन बाजारों की ओर जा सकता है।

### कंपनी का कहना था कि जो कर्मचारी नियमों का पालन नहीं करेंगे वह छोड़ सकते हैं

# ट्विटर के सैकड़ों कर्मचारियों ने दिया इस्तीफा कई ऑफिस बंद, कंपनी की हालत खस्ता

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** एलन मस्क के ट्विटर संभालने के बाद कंपनी में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एलन मस्क की ओर से बनाए नए नियमों के बाद सैकड़ों कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद कंपनी ने कई ऑफिस अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। इसके साथ ही बैज एक्सेस को भी 21 नवंबर तक बंद कर दिया है। मस्क ने हाल ही में ट्विटर के कर्मचारियों को 12 घंटे काम, वर्क फ्रॉम होम खत्म करने जैसे कई नियम लागू किए थे। कंपनी का कहना था कि जो कर्मचारी नियमों को नहीं मानेंगे वे तीन माह का अनिवार्य वेतन लेकर कंपनी छोड़ सकते हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में कर्मचारियों के ट्विटर छोड़ने का



सिलसिला शुरू हो गया। बताया जाता है कि बहुत पुराने और विश्वसनीय कर्मचारियों ने भी इस्तीफा दे दिया है। इससे कंपनी को कार्यालय बंद करने पड़े हैं।

### गूगल फॉर्म पर विदाई संदेश

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्विटर ने विगत गुरुवार को कर्मचारियों को एक गूगल फॉर्म भरने को दिया था। इसमें सवाल किया था कि क्या वे ट्विटर में बने रहना चाहते हैं। इस पर कर्मचारियों को हां चुनना था लेकिन कर्मचारियों ने इस पर विदाई संदेश पोस्ट करना शुरू कर दिया।

### आधे से भी कम रह गये कर्मचारी

मस्क के ट्विटर के अधिग्रहण से पहले कंपनी में करीब 7500 कर्मचारी थे। बड़े पैमाने पर छंटनी के बाद अब 50 प्रतिशत कर्मचारी रह गए हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में कर्मचारियों के इस्तीफे के बाद हालात खराब होते जा रहे हैं।




## न्यूज गैलरी

### द्रौपदी मुर्मू की दाहिनी आंख की हुई सफल सर्जरी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल में रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की दाहिनी आंख की सफल सर्जरी हुई। महामहिम द्रौपदी मुर्मू मोतियाबिंद से जूझ रही थी। इस ऑपरेशन को ब्रिगेडियर एसके मिश्रा और उनकी टीम ने सफल तरीके से अंजाम दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। बता दें कि इससे पहले 16 अक्टूबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन सेना के रिसर्च एवं रेफरल अस्पताल में हुआ था। राष्ट्रपति भवन के एक प्रवक्ता ने एक बयान में बताया था कि ऑपरेशन सफल रहा और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। सेना अस्पताल ने बताया कि राष्ट्रपति को आराम करने की सलाह दी। 64 वर्षीय मुर्मू ने 25 जुलाई, 2022 को भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

### पंजाब में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास दिखे दो ड्रोन

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में गुरदासपुर जिले के कस्सोवाल इलाके में भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जब शनिवार रात ड्रोन पर गोलियां चलायीं तो यह पाकिस्तानी सीमा की ओर लौट गया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ कर्मियों ने ड्रोन पर कम से कम 96 गोलियां चलायीं और पांच रोशनी बम भी फेंके। उन्होंने बताया कि खोज अभियान चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर जिले के चन्ना पतन इलाके में शनिवार रात 11 बजकर 46 मिनट पर एक अन्य ड्रोन देखा गया। बीएसएफ के जवानों ने उस पर 10 गोलियां चलायीं जिसके बाद ड्रोन वापस चला गया। उन्होंने कहा कि तलाश अभियान जारी है।

### श्रीनगर में तीन हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में तीन हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। कश्मीर जोन की पुलिस ने ट्वीट किया कि सेना (दो आरआर) और श्रीनगर पुलिस ने तीन हाइब्रिड आतंकवादियों को श्रीनगर के बाहरी इलाके से गिरफ्तार किया तथा उनके पास से तीन एके राइफल, दो पिस्तौल, नौ मैगजीन और 200 कारतूस बरामद किये गये। पुलिस ने कहा कि मामले में जांच जारी है।

# संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में क्षतिपूर्ति समझौता पारित

## ❍ भारत ने कहा- दुनिया ने इसके लिये लंबे समय तक इंतजार किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने जलवायु परिवर्तन के कारण प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए कोष स्थापित करने संबंधी समझौता करने के लिए रविवार को मिस्र में सम्पन्न हुए संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि दुनिया ने इसके लिए लंबे समय तक इंतजार किया है। सीओपी-27 के समापन सत्र में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने यह भी कहा कि दुनिया को किसानों पर न्यूनीकरण (ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कमी) की जिम्मेदारियों का बोझ नहीं डालना चाहिए। यादव ने सम्मेलन की अध्यक्षता करनेवाले मिस्र को संबोधित करते हुए कहा कि आप एक ऐतिहासिक सीओपी की अध्यक्षता कर रहे हैं, जहां हानि और क्षति निधि के लिए समझौता किया गया है। दुनिया ने इसके लिए बहुत लंबा इंतजार किया है। आम सहमति बनाने के आपके अथक प्रयासों के लिए हम आपको बधाई देते हैं। हानि और क्षति का तात्पर्य जलवायु परिवर्तन के कारण हुई आपदाओं से होने वाला विनाश है।



### भारत ने सीओपी-27 में कृषि विरोधी कदमों का विकसित देशों का किया था विरोध

**भारत** ने सीओपी-27 में कृषि विरोधी कदमों के लिए विकसित देशों का विरोध करते हुए गुरुवार को कहा था कि अमीर देश अपनी जीवनशैली में बदलाव करके उत्सर्जन कम नहीं करना चाहते और वे विदेश में सस्ते समाधानों की तलाश कर रहे हैं। यादव ने शर्म अल-शेख में किये गये समझौते संबंधी मुख्य निर्णय में जलवायु परिवर्तन से निपटने के हमारे प्रयासों के जरिये बदलाव के तहत सतत जीवन शैली और खपत एवं उत्पादन की टिकाऊ प्रणाली अपनाने को शामिल करने का स्वागत किया।

### किसानों की आजीविका का मुख्य आधार है कृषि

**यादव** ने सीओपी-27 में कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में जलवायु कार्रवाई पर चार साल का कार्यक्रम शुरू किये जाने पर कहा कि लाखों छोटे किसानों की आजीविका का मुख्य आधार कृषि है, जो जलवायु परिवर्तन से बहुत प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि इसलिए हमें उन पर न्यूनीकरण की जिम्मेदारियों का बोझ नहीं डालना चाहिए। वास्तव में भारत ने अपने एनडीसी (ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए पेरिस समझौते में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की राष्ट्रीय योजनाओं) से कृषि में न्यूनीकरण को अलग रखा है।

## रेडिसन ब्लू होटल के मालिक का शव बरामद, सुसाइड की आशंका



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गाजियाबाद के कौशांबी स्थित रैडिसन ब्लू होटल के मालिक अमित जैन शनिवार को पूर्वी दिल्ली के राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूजी) गांव के अपने आवास पर मृत पाये गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान अमित जैन के रूप में हुई है जो अपने फ्लैट में फंदे से लटका मिला। शव या उसके आसपास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस को आत्महत्या की सूचना मंडावली थाने को पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) के माध्यम से मिली। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान पता चला कि जैन नोएडा में अपने नए घर में नाश्ता करने के बाद सुबह सीडब्ल्यूजी गांव स्थित अपने घर आए थे। उन्होंने कहा कि जैन अपने परिवार के साथ नोएडा शिफ्ट होने की योजना बना रहे थे। सीडब्ल्यूजी गांव स्थित अपने घर जाते समय रास्ते में उन्होंने अपने भाई करण को गाजियाबाद में अपने कार्यालय में छोड़ दिया और कहा कि वह अकेले चले जायेंगे। पुलिस अधिकारी के मुताबिक अपने चालक के साथ कुछ सामान लेने राष्ट्रमंडल खेल गांव के फ्लैट में गये अमित जैन के बेटे ने उन्हें फंदे पर लटका पाया। अमित जैन को तुरंत पटपड़गंज के मैक्स अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि अभी तक किसी तरह के कोई षड़यंत्र का कोई आरोप सामने नहीं आया है। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## तुर्की ने इराक और सीरिया पर बरसाये बम, एफ-16 से मचाई भारी तबाही

### आतंकी हमले का लिया करारा बदला



**अंकारा (एजेंसी)।** तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उनके सैन्य विमानों ने उत्तरी सीरिया और इराक में टार्गेट को निशाना बनाया है। तुर्की ने एफ-16 फाइटर जेट से इस एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया है। ये कार्रवाई इस्तांबुल में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत और 80 लोगों के घायल होने के बाद की गई है। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को ट्विटर पर एक बयान जारी करते हुए इस रेड की घोषणा की। तुर्की के रक्षामंत्रालय ने रविवार की सुबह-सुबह ट्वीट किया, 'गिनती का समय आ गया है। हमलों को अंजाम देनेवालों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।' इसके साथ ही एक तस्वीर भी ट्वीट की गई। 13 नवम्बर को इस्तांबुल के एक व्यस्त बाजार में आतंकी हमला हुआ था। तुर्की ने इस धमाके के लिए कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी को जिम्मेदार ठहराया था। वहीं, कुर्दिश लड़ाकों ने अपनी संलिप्तता से इनकार किया था। रक्षा मंत्रालय ने एक अन्य ट्वीट में बम गिराने का वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने लिखा, 'आतंक के घोसले पर सटीक प्रहार।' सेना ने एक बयान में कहा, 'संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद-51 के तहत हमें आत्मरक्षा का अधिकार है। इसी के जरिए हमने इराक और सीरिया के उत्तर में क्षेत्रों में आतंक के अड्डों पर हवाई अभियान चलाया।'

### अमेरिका ने जतायी थी आशंका

**तुर्की** और अमेरिका दोनों ही पीकेके को एक आतंकी समूह मानते हैं। लेकिन सीरिया में आईएसआईएस समूह के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका के साथ खड़े सीरियाई कुर्दिश फोर्स को लेकर असहमत हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार तुर्की के संभावित सैन्य कार्रवाई की आशंका जताई थी। इसी के साथ उसने अमेरिकी नागरिकों को उत्तरी सीरिया और इराक की यात्रा न करने की सलाह दी थी। तुर्की ने हालांकि इस हमले को लेकर अभी पूरी जानकारी नहीं दी है।

### चीन में बढ़ता जा रहा कोरोना को लेकर खौफ

## बीजिंग में छह महीने बाद दर्ज हुई पहली मौत

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में छह महीने के बाद कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत का पहला मामला सामने आया है। यह डेथ ऐसे समय रिपोर्ट हुई है जब चीन में कोविड-19 के केस एक बार फिर से बढ़ रहे हैं। चीनी प्रशासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर काबू पाने के लिए सख्त 'जीरो कोविड पॉलिसी' लागू की है। देश में बड़े पैमाने पर लॉकडाउन लगाया गया है और टेस्टिंग भी बढ़ा दी गयी है। साथ ही क्वारंटीन से जुड़े नियमों को भी कड़ाई से लागू किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण से मौत का मामला राजधानी बीजिंग में रिपोर्ट किया गया है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि मृतक 87 साल का एक बुजुर्ग व्यक्ति है। नेशनल हेल्थ कमीशन ने बताया कि देश में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 24 हजार से अधिक मामले दर्ज किये गये हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिणी ग्वांग्झू महानगर में कोविड इंफेक्शन से हालत ज्यादा खराब है। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए ग्वांग्झू में करीब 2,50,000 लोगों के लिए क्वारंटीन रूम बनाने की तैयारी है।



**कोरोना पाबंदियों को लेकर बढ़ रहा आक्रोश :** चीन में संक्रमण के मामलों की संख्या अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों के मुकाबले कम है, लेकिन सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी हर मरीज को क्वारंटीन करने की कोशिश कर रही है। बार-बार इलाकों, स्कूलों व कारोबारों पर पाबंदियां लगाने से लोगों का गुस्सा भड़क रहा है और उनकी स्वास्थ्यकर्मियों से झड़प हो रही है। सोशल मीडिया पर सामने आये वीडियो में ग्वांग्झू में गुस्साये लोगों को स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से लगाये अवरोधकों को हटाते हुए देखा गया। इस बीच चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने बीते दिनों क्वारंटीन की अवधि घटाकर और अन्य नियमों में बदलाव कर कोविड रोधी उपायों को कम करने का वादा किया था। बहरहाल, पार्टी के नेताओं ने कहा कि वे ऐसे वक्त में जीरो कोविड नीति पर अड़े रहेंगे, जब अन्य देश पाबंदियों में ढील दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे लोग तो वायरस के साथ ही रहने की कोशिश कर रहे हैं।

■ चीन में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 24 हजार से अधिक मामले किये गये हैं दर्ज

## मंगलुरु में आतंकियों ने किया ऑटो ब्लास्ट

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मंगलुरु में शनिवार को ऑटो रिक्शा में हुए विस्फोट का आतंकी एंगल सामने आया है। कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद ने रविवार को बताया कि यह एक नॉर्मल विस्फोट नहीं, बल्कि आतंकी हमला था। उन्होंने कहा कि विस्फोट में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन यह हमला बड़ा नुकसान पहुंचाने के इरादे से किया गया था। इधर, ब्लास्ट वाली जगह से पुलिस ने एक आधार कार्ड बरामद किया है। यह आधार कार्ड हुबली जिले के रहने वाला प्रेमराज हुतागी का है, जो भारतीय रेलवे के बेंगलुरु डिवीजन में कार्यरत हैं।




### सोमनाथ मंदिर में पूजा के बाद पीएम ने शुरू किया प्रचार, बोले -

# गुजरात को ले जाना है प्रगति की नयी ऊंचाई पर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रचार कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने चुनाव प्रचार की शुरुआत सोमनाथ मंदिर में पूजा से की। वेरावल में पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी की जीत का नया रिकॉर्ड बनाना है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि सौराष्ट्र में एक प्रकार से मेरी पहली रैली है। मैं सोमनाथ दादा की पवित्र धरती पर हूं। कल मैं काशी विश्वनाथ के दरबार में था। आज सोमनाथ के चरणों में हूं। सोमनाथ दादा के आशीर्वाद के साथ आज जनता का आशीर्वाद जुड़ रहा है। इस बार के चुनाव में नया रिकॉर्ड बनाना है।



अधिक से अधिक मतदान कर वोटिंग का रिकॉर्ड बनाना है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार सुशासन की सरकार है। हम गुजरात को प्रगति की नयी ऊंचाई पर ले जायेंगे। इसके लिये एक भी पोलिंग बूथ ऐसा नहीं होना चाहिए जहां भाजपा की जीत न हो। सभी कह रहे हैं कि चुनाव में भाजपा की जीत तय है। लोग पूछते हैं कि जब भाजपा की जीत पक्की है तो मोदी इतनी भागदौड़ क्यों कर रहे हैं। मैं कहता हूं कि आपका आशीर्वाद लेना मेरा कर्तव्य है। मैं जनता को अपने काम का हिसाब दूं, यह मेरा कर्तव्य है। पीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने गुजरात को प्रगति की राह पर लाया है। गुजरात विकास की नयी ऊंचाई पर पहुंचा है।

### धोराजी में बोले मोदी- फिर बनने जा रही भाजपा सरकार

**धोराजी** में नरेंद्र मोदी ने कहा कि सभा में आये लोगों की भीड़ से पता चलता है कि जनता ने गुजरात चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड जीत दिलाने का फैसला कर लिया है। गुजरात के कोने-कोने से आवाज आ रही है कि फिर एक बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। एक समय था जब गुजरात में अशांति थी। अहमदाबाद जाने से पहले फोन कर पूछना पड़ता था कि कर्फ्यू तो नहीं लगी हुई है। भाजपा की सरकार ने राज्य में शांति व्यवस्था कायम की। अब लोग सुख-शांति का जीवन जी रहे हैं।